आज का मौसम
36.0° अधिकतम तापमान
23.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.03
सूर्यास्त 06.24

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र शुक्ल पक्ष एकादशी 07:46 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2083

रविवार, 29 मार्च 2026, वर्ष 4, अंक 221, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये




केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बोले- पश्चिम बंगाल चुनाव देश की सुरक्षा के लिए अहम - 12




बाहरी झटकों से वृद्धि पर नकारात्मक प्रभाव का जोखिम : वित्त मंत्रालय - 12



इजराइल ने ईरान पर बोला 50 विमानों से हमला - 13



चोटिल एमएस धोनी आईपीएल के पहले दो सप्ताह नहीं खेल पाएंगे - 14




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, आखिर क्यों उड़ी-उड़ी सी है नींद व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

# विकसित यूपी की उड़ान का प्रतीक है नोएडा एयरपोर्ट

## जेवर स्थित अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन अवसर पर बोले प्रधानमंत्री | कार्गो टर्मिनल का किया लोकार्पण, 40 एकड़ में बनने वाली एमआरओ सुविधा का शिलान्यास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ गौतम बुद्ध नगर

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के प्रथम चरण का भव्य शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कार्गो टर्मिनल का लोकार्पण व 40 एकड़ में विकसित होने वाली अत्याधुनिक एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉल) सुविधा का शिलान्यास भी किया। प्रधानमंत्री ने इसे 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश' की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि यह एयरपोर्ट राज्य के उज्ज्वल भविष्य की नई उड़ान का प्रतीक है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जेवर स्थित यह एयरपोर्ट आगरा, मथुरा, मेरठ, अलीगढ़, गाजियाबाद और बुलंदशहर समेत पूरे पश्चिम यूपी के जिलों के विकास को नई गति देगा। इससे किसानों, लघु उद्योगों और युवाओं के लिए नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने किसानों के योगदान को विशेष रूप से सराहते हुए कहा कि उनकी जमीन के सहयोग से यह परियोजना साकार हो पाई है, जिससे कृषि उत्पाद वैश्विक बाजार तक आसानी से पहुंच सकेंगे। कहा, उप्र देश का प्रमुख एविएशन हब बन रहा है। एयरपोर्ट नेटवर्क के विस्तार से कनेक्टिविटी मजबूत हुई है।



नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी और राज्यपाल।

### मोदी बोले- कार्गो हब और कनेक्टिविटी से बढ़ेगा निर्यात

पीएम मोदी ने कहा कि जेवर एयरपोर्ट एक मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी हब के रूप में विकसित किया गया है। जहां सड़क, रेल और हवाई सेवाओं का बेहतर समन्वय होगा। एयरपोर्ट का कार्गो हब शुरुआती चरण में 2.5 लाख मीट्रिक टन वार्षिक क्षमता के साथ कार्य करेगा, जिसे भविष्य में 18 लाख मीट्रिक टन तक बढ़ाया जाएगा। इससे उत्तर प्रदेश के उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में नई पहचान मिलेगी और निर्यात को बढ़ावा मिलेगा।

### एमआरओ सुविधा से आत्मनिर्भर बनेगा भारत

प्रधानमंत्री ने कहा कि अभी तक देश के अधिकांश विमान मेंटेनेंस के लिए विदेश भेजे जाते हैं, जिससे भारी खर्च होता है। जेवर में बनने वाली एमआरओ सुविधा इस स्थिति को बदलेगी और भारत को एविएशन सेक्टर में आत्मनिर्भर बनाएगी। इससे हजारों युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे।

### देशवासियों के भरोसे हम पश्चिम एशिया संकट का कर रहे मुकाबला : मोदी

पीएम मोदी ने कहा पश्चिम एशिया में एक महीने से युद्ध जारी है, भारत इस संकट का पूरी शक्ति से सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि युद्ध के कारण कई देशों में खाने-पीने के सामान, डीजल और खाद का संकट उत्पन्न हुआ है। लेकिन भारत अपनी जनता की ताकत के भरोसे इसे पूरी शक्ति से संभाल रहा है। प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत बड़ी मात्रा में कच्चे तेल और गैस प्रभावित देशों से मंगाता है। सरकार हर संभव कदम उठा रही है ताकि आम परिवारों और किसानों पर इसका बोझ न पड़े। उन्होंने देशवासियों से अपील की कि वे धैर्य और एकजुटता के साथ इस चुनौती का सामना करें।

### हवाई अड्डे का नया प्रतीक चिह्न बना 'सारस'

**नोएडा।** नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने अपनी ब्रांड पहचान के लिए सारस-प्रेरित नया प्रतीक चिह्न अपनाया है, जो उप्र की सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक, सतत विकास की सोच को दर्शाता है। प्रदेश के राजकीय पक्षी 'सारस' को प्रतीक चिह्न में शामिल कर इसे विशिष्ट और वैश्विक स्तर पर प्रभावी पहचान देने का प्रयास किया है।

### हर दो मिनट में उड़ान की क्षमता

प्रधानमंत्री ने बताया कि जेवर एयरपोर्ट को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है, जहां भविष्य में हर दो मिनट में एक विमान के उड़ान भरने की क्षमता विकसित की जा रही है। यह पूरे उत्तर भारत को वैश्विक स्तर पर जोड़ने में अहम भूमिका निभाएगा।

## यूपी के उज्ज्वल भविष्य का लांचपैड बनेगा हवाईअड्डा

- मुख्यमंत्री बोले-निवेश, रोजगार व कनेक्टिविटी को नई ऊंचाई प्रदान करेगा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ गौतम बुद्ध नगर

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले चरण के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए इसे उत्तर प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य का 'लांचपैड' बताया। उन्होंने कहा कि यह एयरपोर्ट राज्य की अर्थव्यवस्था, निवेश और रोजगार को नई ऊंचाई देगा।

सीएम योगी ने कहा कि यह परियोजना उत्तर प्रदेश को वैश्विक एविएशन मानचित्र पर स्थापित करेगी। आगामी वर्षों में पांच रनवे के साथ यह एयरपोर्ट अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी पहचान बनाएगा।

यह एयरपोर्ट यमुना एक्सप्रेस-वे, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे, गंगा एक्सप्रेस-वे और हाईस्पीड रेल जैसे नेटवर्क से जुड़कर प्रदेश को विकास की नई गति प्रदान करेगा। इससे निवेश, लॉजिस्टिक्स और औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल सहित कई केंद्रीय व राज्यमंत्री और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



### एक्साइज ड्यूटी कटौती पर जताया आभार

मुख्यमंत्री योगी ने पेट्रोलियम उत्पादों पर एक्साइज ड्यूटी घटाने के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि इससे आम जनता को बड़ी राहत मिलेगी। अमेरिका जैसे विकसित देश में पेट्रोलियम उत्पादों के दाम आसमान छूते दिख रहे रहे हैं, लेकिन भारत में दाम नियंत्रित है। इनकी आपूर्ति सुगम बनाई गई है।

### किसानों के योगदान को सराहा

मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट निर्माण के लिए भूमि देने वाले किसानों का आभार जताया और कहा कि किसानों ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए 13 हजार एकड़ जमीन दिया। किसानों ने पूरी प्रक्रिया में सकारात्मक योगदान दिया, जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर विकास के कार्यक्रम को बढ़ाया। उन्हें समयबद्ध मुआवजा व पुनर्वास के साथ जोड़ा गया।

## ब्रीफ न्यूज

### इंस्टाग्राम पर लाइव आने के बाद युवक ने की आत्महत्या

**शिवपुरी।** मध्यप्रदेश के शिवपुरी में एक युवक ने इंस्टाग्राम पर लाइव आने के बाद आत्महत्या कर ली। पुलिस अधिकारियों के अनुसार यह घटना शुक्रवार रात जिले के देहात थाना क्षेत्र में हुई। मनोज रजक (22) नामक युवक के आखिरी पलों का करीब 14 मिनट का वीडियो भी सामने आया है। देहात थाना प्रभारी विकास यादव ने बताया कि युवक ने लाइव चैट के दौरान अपने दोस्तों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया और उन्हें 'फ्लाइंग किस' दी, इसके बाद उसने छत के पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

### जम्मू-कश्मीर: रियासी में लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी की संपत्ति कुर्क

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शनिवार को रियासी जिले में आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के लिए काम करने वाले एक व्यक्ति की अचल संपत्ति कुर्क की। एक पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी मोहम्मद कासिम के खिलाफ यूएपीए की धारा 25 के तहत कुर्की की यह कार्यवाही आतंकी समर्थक तंत्र को खत्म करने के अभियान का हिस्सा थी।

### छात्र को 'आतंकवादी' कहने पर प्रोफेसर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**बेंगलुरु।** यहां कक्षा में एक छात्र को आतंकवादी कहने और आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में शनिवार को एक निजी विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। प्रोफेसर द्वारा छात्र को डांटते हुए कक्षा में बाधा डालने का आरोप लगाने वाला एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। यह घटना 24 मार्च को हुई।

## नेपाल में नई सरकार के शपथ लेते ही पूर्व पीएम ओली और पूर्व गृह मंत्री गिरफ्तार

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल में पिछले साल सितंबर में हुए 'जेन जेड' विरोध-प्रदर्शनों की जांच करने वाले उच्चस्तरीय आयोग की रिपोर्ट को तुरंत लागू करने के नवगठित सरकार के फैसले के एक दिन बाद शनिवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को गिरफ्तार कर लिया गया। नेपाल के नए प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह 'बालेन' की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई नवगठित मंत्रिमंडल की बैठक में आयोग की रिपोर्ट को तुरंत लागू करने का फैसला किया गया था।

पुलिस ने बताया कि नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी-एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) के अध्यक्ष ओली को शनिवार तड़के काठमांडू से 12 किलोमीटर पूर्व भक्तपुर जिले के गुंडू इलाके से गिरफ्तार किया गया। पूर्व गृह मंत्री एवं नेपाली कांग्रेस के नेता रमेश लेखक को भी भक्तपुर जिले की सूर्यविनायक नगरपालिका के कटुंजे स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया गया है। ओली और लेखक को पिछले साल आठ और नौ सितंबर को हुए 'जेन जेड' आंदोलन को दबाने में संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इस आंदोलन में कई युवाओं सहित 76 लोग मारे गए थे। 'जेन जेड' आंदोलन से जुड़े घटनाक्रम की जांच के लिए गठित आयोग ने ओली और लेखक सहित अन्य लोगों के खिलाफ आपराधिक मामले में कानूनी कार्रवाई की सिफारिश की है। बालेंद्र के नेतृत्व वाली नेपाल की नवगठित सरकार ने शुक्रवार को अपनी पहली मंत्रिमंडल बैठक में जांच आयोग की सिफारिशों को तत्काल लागू करने का निर्णय लिया। नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं ने ओली की गिरफ्तारी के खिलाफ देशभर में प्रदर्शन किया।



नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली गिरफ्तार।

- जेन जेड के विरोध-प्रदर्शनों पर कार्रवाई के सिलसिले में की गई कार्रवाई
- जांच करने वाले उच्चस्तरीय आयोग की रिपोर्ट के आधार पर हुई गिरफ्तार

### 10 साल तक की जेल की सजा की सिफारिश

गृह मंत्री सुदन गुरुंग ने ओली की गिरफ्तारी के बाद एक पोस्ट में लिखा, कानून से ऊपर कोई नहीं है। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि अब देश को एक नई दिशा मिलेगी। ओली और लेखक को भद्रकाली स्थित काठमांडू जिला पुलिस सर्किल में हिरासत में रखा गया है। जांच आयोग ने इस अपराध के लिए तीन से 10 साल तक की जेल की सजा की सिफारिश की है। काठमांडू के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि शनिवार को अवकाश होने के कारण उन्हें रविवार को काठमांडू जिला अदालत में पेश किया जाएगा।

### राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देने के वास्ते शुरू किए गए राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार (आरवीपी) 2026 के लिए नामांकन आमंत्रित किए हैं। इन पुरस्कारों का प्रबंधन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद के आरवीपी सचिवालय द्वारा सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार की अध्यक्षता में किया जाता है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा, यह पुरस्कार विज्ञान, प्रौद्योगिकी व नवाचार में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए सरकार की अटूट प्रतिबद्धता दर्शाता है।

### हवा में फ्लाइट का इंजन खराब, इमरजेंसी लैंडिंग

**मुंबई।** विशाखापत्तनम से दिल्ली जा रहा इंडिगो का विमान इंजन में खराबी के कारण शनिवार को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतरा गया। एक सूत्र ने कहा, विशाखापत्तनम-दिल्ली उड़ान 6ई 579 के एक इंजन में खराबी के कारण इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पूर्वाह्न 10 बजकर 39 मिनट पर पूर्ण आपात स्थिति घोषित की गई।

## परिवहन मंत्री के महायज्ञ के दौरान यज्ञशाला व गोशाला में लगी भीषण आग

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या के थाना कैंट अंतर्गत सरयू तट स्थित राजघाट इलाके में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह द्वारा कराए जा रहे श्रीलक्ष्मी नारायन महायज्ञ के समापन के दिन शनिवार दोपहर यज्ञशाला में भीषण आग लग गई। गनीमत रही कि आग लगने से कुछ ही मिनट पहले करीब 4500 लोग आहुति देकर बाहर निकल गए थे, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। वहीं आग बुझाने का प्रयास हो ही रहा था कि इतने में मुख्य पांडाल के पूर्वी ओर स्थित गोशाला में भी आग लग गई। दोनों घटनाओं में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। परिवहन मंत्री के नेतृत्व व बक्सर बिहार के श्रीजीयर स्वामी जी महाराज की मौजूदगी में रामनवमी पर्व पर इस महायज्ञ का आयोजन 20 मार्च को शुरू हुआ था। इसके लिए बने यज्ञशाला में बने 1251 कुंड में प्रतिदिन करीब पांच हजार श्रद्धालुओं द्वारा हवन-पूजन किया जा रहा था। समापन के अवसर पर शनिवार को करीब 4500 लोगों द्वारा हवन कुंड में पूर्णाहुति डाली गई। करीब 12 बजे यज्ञ समाप्त होने के बाद जैसे ही लोग बाहर निकले, इतने में एक कुंड में पड़ा नारियल अचानक फट गया व उसमें से निकली चिंगारी से घास-फूंस व बांस-बल्लियों के बने यज्ञशाला में आग लग गई।

खुला मैदान व तेज हवा के चलते लपटों ने कुछ ही मिनटों में भीषण रूप धारण कर लिया। करीब 10 मिनट में ही पूरी यज्ञशाला जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुंचे दमकल के 10 छोटे-बड़े वाहन आग पर काबू करने का प्रयास कर ही रहे थे कि मुख्य पांडाल के पूर्वी छोर पर बनी गोशाला में भी अचानक आग लग गई। वहां मौजूद लोगों ने किसी तरह गोवंशों को बाहर निकाल उनकी जान बचाई। इस दौरान परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह समेत कई विधायक व अन्य वीआईपी भी घटनास्थल के बगल बने मुख्य पांडाल में मौजूद थे। सूचना पर मंडलायुक्त राजेश कुमार, डीआईजी सोमेन वर्मा, जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे, एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे व घटनास्थल का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने बताया कि मौके पर एंबुलेंस तैनात थी। दमकल के अन्य वाहनों को बुलाकर आग बुझाया गया। आग लगने से पूर्व ही यज्ञ समाप्त हो चुका था। यज्ञशाला में कोई मौजूद नहीं था, इससे कोई जनहानि नहीं हुई।



महायज्ञ स्थल पर कुछ इस तरह दिखा आग का दृश्य।

- बाल-बाल बचे वीवीआईपी व अन्य, मची अफरातफरी, फायर ब्रिगेड के 10 वाहनों ने घंटों मशक्कत के बाद पाया लपटों पर काबू
- रामनगरी के राजघाट में हो रहा था श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ

## डीआईजी पर जानलेवा हमला करने वाले 16 दोषियों को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**मैनाठेर प्रकरण**

- मुख्य दोषी की हो चुकी मृत्यु, छह बाल अपचारियों पर बाल न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन



**अमृत विचार:** मुरादाबाद के मैनाठेर कोतवाली क्षेत्र में 6 जुलाई 2011 को बलवा, लूटपाट, आगजनी व डीआइजी पर जानलेवा हमले में शनिवार को अदालत ने 16 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही प्रत्येक पर 55 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया। मामले में 25 अपराधियों के खिलाफ चार्जशीट न्यायालय में दाखिल गई थी, जबकि 33 लोग नामजद थे। 25 आरोपियों के खिलाफ अदालत में दाखिल की गई चार्जशीट में में छह बाल अपचारी भी शामिल थे, जिनमें से तीन की मौत हो चुकी है।

चार जुलाई 2011 को मैनाठेर कोतवाली क्षेत्र के गांव में युवती के साथ घर में घुसकर छेड़छाड़ और अश्लील की गई थी। युवती ने पांच जुलाई को असालतनगर बघा के मुस्लिम के विरुद्ध मैनाठेर कोतवाली में तहरीर दी थी। पुलिस आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्जकर 6 जुलाई को सुबह सात बजे आरोपी को पकड़ने उसके घर पहुंची थी। इस दौरान पुलिस की गिरफ्त से मुस्लिम को छुड़ाने के लिए महिलाओं और ग्रामीणों ने पुलिस के साथ हाथापाई की थी। लेकिन, पुलिस टीम उसे गिरफ्तार कर कोतवाली ले आई थी। इस दौरान घर की महिलाओं और कुछ असामाजिक तत्वों ने धार्मिक ग्रंथ फेंकने की झूठी अफवाह उड़ाकर फैला दी। अफवाह फैलाने और धार्मिक उन्माद फैलाने में तत्कालीन ग्राम प्रधान कामिल का अहम रोल था, जिसे पुलिस ने अपनी जांच में मुख्य आरोपी बनाया। आस-पास के गांवों के सैकड़ों लोगों ने मैनाठेर कोतवाली को घेरकर पथराव कर लूटपाट कर आगजनी की।

तत्कालीन डीआईजी अशोक स्थिति नियंत्रण के लिए टीम के साथ मैनाठेर पहुंचे थे। दंगाइयों ने डीआईजी व अन्य पुलिस कर्मियों पर जानलेवा हमला किया था। डीआईजी को मरणासन्न स्थिति में पुलिस टीम ने किसी प्रकार भीड़ के चंगुल से निकाला था।

**सुप्रीम आदेश** | रेप पीड़िताओं के नाम उजागर करने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, सभी हाईकोर्ट को निर्देश जारी

## कोर्ट के आदेशों में दुष्कर्म पीड़िताओं की पहचान उजागर न हो

नई दिल्ली, एजेंसी

- कोई भी प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया में पीड़िता का नाम प्रकाशित या प्रसारित नहीं कर सकता



उच्चतम न्यायालय ने रेप मामले में एक लड़की की पहचान उजागर किए जाने की कड़ी भर्त्सना की है और सभी उच्च न्यायालयों को निर्देश दिया है कि वे सुनिश्चित करें कि अदालत के आदेशों में पीड़िताओं और उनके परिवार के सदस्यों के नाम का उल्लेख न हो।

शीर्ष अदालत ने 2018 में 'निपुण सक्सेना' मामले में अपने फैसले में कहा था, कोई भी व्यक्ति प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया आदि में पीड़िता का नाम प्रकाशित या प्रसारित नहीं कर सकता और न ही किसी भी रूप में ऐसे तथ्य उजागर कर सकता है जिससे पीड़िता की पहचान सामने आए या आम जनता को उसकी पहचान पता चल सके।

न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने इस फैसले का पालन न होने के पीछे अदालतों की सामान्य उदासीनता और संभवता ऐसे अपराधों से जुड़े गहरे सामाजिक कलंक के प्रति जागरूकता की कमी को जिम्मेदार ठहराया।

शीर्ष अदालत ने कहा कि विधायिका ने 1983 में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) में एक प्रावधान जोड़ा था, जिसका उद्देश्य धारा 376 के तहत अपराध की पीड़िता की पहचान सुरक्षित रखना था। इसने कहा कि यह संशोधन मुख्य रूप से उस गंभीर समस्या से निपटने के लिए किया गया था, जो यौन अपराध के मामलों के निपटारे के तरीके से स्पष्ट रूप से सामने आई थी, खासकर पीड़िता की पहचान का सार्वजनिक खुलासा करने जैसी समस्या। इसलिए पीठ ने निर्देश दिया कि इस फैसले की एक प्रति सभी उच्च न्यायालयों के रजिस्ट्रार जनरल को भेजी जाए। अदालत ने भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 228ए का भी उल्लेख किया, जो रेप सहित यौन अपराधों की पीड़िताओं की पहचान उजागर करने पर रोक लगाती है, ताकि उन्हें सामाजिक कलंक से बचाया जा सके। ये टिप्पणियां हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के एक आदेश को रद्द करते समय की गईं, जिसमें नौ-वर्षीय लड़की के रेप के मामले में एक व्यक्ति की सजा को उलट दिया गया था, और कहा गया था कि अदालतों को छोटे मतभेदों को अत्यधिक महत्व नहीं देना चाहिए।

### पीड़िता के नाम को किसी अन्य गवाह की तरह माना गया

शीर्ष अदालत ने कहा कि 1983 से पहले, महिला यौन उत्पीड़न की पीड़िता का नाम या विवरण प्रकाशित करने पर कोई कानूनी रोक नहीं थी, और अदालत की रिपोर्टिंग एवं मीडिया कवरेज से पीड़िताओं को सामाजिक कलंक एवं बहिष्कार का दंश झेलने के साथ आजीवन प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंच सकता था। पीठ ने कहा, स्पष्ट रूप से, इन कार्यवाहियों में इस धारा के उद्देश्य को नजरअंदाज किया गया है। पीड़िता के नाम को किसी अन्य गवाह की तरह माना गया है और पूरे रिकॉर्ड में स्वतंत्र रूप से इसका उपयोग किया गया है। इसकी कड़ी भर्त्सना होनी चाहिए। वास्तव में, इस अदालत ने पहले भी देखा है कि इस प्रावधान का पालन नहीं किया जा रहा है।



नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले फेज के उद्घाटन कार्यक्रम के लिए पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व अन्य।



नोएडा एयरपोर्ट परिसर के मॉडल के जरिये प्रधानमंत्री को जानकारी देते अधिकारी, साथ में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अन्य।

# कनेक्टिविटी का रिकॉर्ड बनाएगा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट

## दिल्ली पर निर्भरता होगी कम, उत्तर भारत के यात्रियों के लिए बड़ी राहत, एयरपोर्ट को यमुना एक्सप्रेसवे से सीधे जोड़ा गया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/जेवर

**अमृत विचार:** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट देश के सबसे बड़े एविएशन हब के रूप में विकसित होने के साथ अब कनेक्टिविटी के मामले में भी नया रिकॉर्ड बनाने की ओर बढ़ रहा है। सड़क, रेल, मेट्रो और हाई-स्पीड रेल नेटवर्क से जुड़कर यह एयरपोर्ट उत्तर भारत के यात्रियों के लिए बड़ी राहत लेकर आएगा।

एयरपोर्ट को यमुना एक्सप्रेसवे से सीधे जोड़ा गया है, जबकि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के लिंक से दक्षिण हरियाणा और पश्चिमी भारत से तेज कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी। आगे गंगा एक्सप्रेसवे और ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे से भी पहुंच और मजबूत होगी।

### रेल और रैपिड रेल कनेक्टिविटी



रेल और रैपिड रेल कनेक्टिविटी को लेकर भी बड़ा काम हो रहा है। दिल्ली से जेवर एयरपोर्ट को जोड़ने वाली रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) परियोजना का डीपीआर केंद्र सरकार को भेजा जा चुका है। साथ ही, चोला-रुंधी रेल लाइन से कनेक्टिविटी के लिए भी योजना तैयार की जा रही है। भविष्य की दिल्ली-वाराणसी हाई-स्पीड रेल लाइन में जेवर टर्मिनल पर स्टेशन का प्रावधान इस एयरपोर्ट को और खास बनाएगा।

### अंतरराज्यीय बस सेवाएं होंगी शुरू



यात्रियों के लिए कैब और कार रेंटल सेवाएं भी उपलब्ध होंगी, जिससे सफर और आसान बनेगा। इसके लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटी) के साथ समझौता किया गया है। उत्तर प्रदेश सहित उत्तराखंड, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान से अंतरराज्यीय बस सेवाएं शुरू की जाएंगी। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और नोएडा और यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण उत्तर प्रदेश (यीडा) मिलकर 500 इलेक्ट्रिक बसें चलाएंगे, जो एयरपोर्ट तक पर्यावरण अनुकूल अंतिम माइल कनेक्टिविटी देंगी।

### दिल्ली एयरपोर्ट पर घटेगा दबाव

बेहतर कनेक्टिविटी के चलते अब इंटरनेशनल फ्लाइट के लिए केवल दिल्ली पर निर्भरता नहीं रहेगी। उत्तर भारत के यात्रियों को जेवर से सीधी सुविधा मिलने से इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर दबाव भी कम होगा। क्योंकि इससे पहले इंटरनेशनल फ्लाइट पकड़ने के लिए लोगों को दिल्ली जाना पड़ता था। अब यह सुविधा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से मिलने के बाद कई राज्यों के लोगों की सहूलियत बढ़ जाएगी।




## सारस की उड़ान बनी एयरपोर्ट की पहचान

- राजकीय पक्षी से सजा प्रतीक चिन्ह, विकास के साथ विरासत का संदेश

**अमृत विचार, लखनऊ/जेवर :** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने अपनी ब्रांड पहचान को खास बनाने के लिए उत्तर प्रदेश के राजकीय पक्षी सारस को अपने लोगो के रूप में अपनाया है। यह कदम राज्य की सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने और पर्यावरणीय संतुलन की दिशा में अहम माना जा रहा है।



एयरपोर्ट के लोगो में उड़ते हुए सारस को दर्शाया गया है, जो प्रगति, आत्मविश्वास और नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ते उत्तर प्रदेश का प्रतीक है। यह पहल योगी आदित्यनाथ के "विकास के साथ विरासत" विजन को भी दर्शाती है, जिसमें आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ सांस्कृतिक पहचान और पर्यावरण संतुलन पर जोर दिया गया है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का यह नया प्रतीक न केवल इसकी ब्रांडिंग को मजबूत करेगा, बल्कि इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक अलग पहचान भी दिलाएगा।

**डिजाइन में तकनीक और इको-फ्रेंडली सोच का मेल:** लोगो का डिजाइन पतली और एकीकृत रेखाओं से तैयार किया गया है, जो गति, तकनीक और बेहतर कनेक्टिविटी का संकेत देता है। वहीं नीले-हरे रंग का ग्रेडिएंट आधुनिक विकास और पर्यावरण संरक्षण के संतुलन को दर्शाता है। जो योगी आदित्यनाथ की ग्रीन और सस्टेनेबल डेवलपमेंट नीति के अनुरूप है।

## आठ वर्षों में सपना साकार

**अमृत विचार, लखनऊ/जेवर :** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एनआईए) आठ वर्षों के सतत प्रयास, समन्वय और समयबद्ध क्रियान्वयन के बाद अब हकीकत बन चुका है। मार्च 2026 में एयरोड्रम लाइसेंस मिलने और फेज-1 के लोकार्पण के साथ यह एयरपोर्ट संचालन के लिए तैयार है, जो उत्तर प्रदेश को वैश्विक एविएशन हब बनाने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

इस महत्वाकांक्षी परियोजना की नींव वर्ष 2017 में पड़ी, जब साइट क्लीयरेंस और आवश्यक एनओसी प्राप्त हुईं। वर्ष 2018 में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड का गठन हुआ और 2020 में ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल एजी को कंसेशनायर चुना गया। अगस्त 2021 में फाइनेंशियल क्लोजर और मास्टर प्लान की मंजूरी के बाद अक्टूबर 2021 में 'अपॉइंटेड डेट (तिथिवार कार्ययोजना)' घोषित हुई, जिसके बाद मार्च 2022 से निर्माण कार्य शुरू हुआ और टाटा प्रोजेक्ट्स को ईपीसी (इंजीनियरिंग, प्रोकरमेंट एंड कन्स्ट्रक्शन) कॉन्ट्रैक्टर नियुक्त किया गया। जिसे तय समयसीमा 2022 से 2024 के बीच पूरा किया गया। अक्टूबर 2025 में कैलिब्रेशन फ्लाइट सफल रही और मार्च 2026 में एयरपोर्ट संचालन के लिए पूरी तरह तैयार हो गया।

## प्रदेश के पर्यटन शहरों तक पहुंच हो जाएगी आसान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/जेवर

- जेवर से सीधे यूपी हार्टलैंड में प्रवेश कर सकेंगे विदेशी पर्यटक

**अमृत विचार:** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के शुरू होने से उत्तर प्रदेश में पर्यटन, निवेश और व्यापार के नए अवसर खुलने जा रहे हैं। यमुना एक्सप्रेसवे किनारे स्थित यह एयरपोर्ट अब विदेशी पर्यटकों के लिए यूपी के प्रमुख धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों तक सीधे पहुंच का नया विकल्प बनेगा। साथ ही उप्र. को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान और राज्य की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती देगा।

अब तक विदेशी पर्यटकों को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर निर्भर रहना पड़ता था, लेकिन जेवर एयरपोर्ट के संचालन से आगरा, मथुरा-वृंदावन, फतेहपुर सीकरी, अयोध्या और वाराणसी जैसे प्रमुख स्थलों तक पहुंच आसान होगी। यमुना एक्सप्रेसवे के जरिए आगरा और फतेहपुर सीकरी तक 1.5 से 2 घंटे तथा मथुरा-वृंदावन तक करीब 90 मिनट में पहुंचा जा सकेगा। इन धार्मिक स्थलों पर बीते नौ वर्षों में विदेशी पर्यटकों की संख्या में तेज वृद्धि दर्ज की गई है। यूपी, जिसे 'लैंडलॉक्ड' माना जाता है, अब हवाई मार्ग से दुनिया से जुड़कर विदेशी पर्यटन के क्षेत्र में भी नई ऊंचाइयां छू सकता है।

यह एयरपोर्ट न केवल धार्मिक पर्यटन, बल्कि इको-टूरिज्म को भी बढ़ावा देगा। दुधवा राष्ट्रीय उद्यान और जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान जैसे प्राकृतिक स्थलों तक भी पहुंच सुगम होगी। इसके साथ ही मेडिकल, बिजनेस और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर को भी गति मिलेगी। होटल, रेस्टोरेंट, गाइड सेवा और स्थानीय हस्तशिल्प को बढ़ावा मिलेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### जेवर एयरपोर्ट का टर्मिनल-1 स्थापित करेगा नये मानक

**अमृत विचार, लखनऊ /नोएडा :** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का टर्मिनल-1 अत्याधुनिक तकनीक और इको-फ्रेंडली निर्माण के चलते देश के सबसे आधुनिक एयरपोर्ट टर्मिनलों में शामिल होने जा रहा है। करीब 1.37 लाख वर्ग मीटर में फैला यह टर्मिनल क्षमता, गति और यात्री सुविधाओं के मामले में नया मानक स्थापित करेगा। एयरपोर्ट का निर्माण एलसी 3 (लो-कार्बन) तकनीक से किया गया है, जिससे पारंपरिक सीमेंट की तुलना में पर्यावरण पर कम प्रभाव पड़ेगा। इसे ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चर का प्रमुख उदाहरण माना जा रहा है। टर्मिनल में 48 चेक-इन काउंटर, 20 सेल्फ बैगेज ड्रॉप और 9 सिक्योरिटी चेक लेन की व्यवस्था होगी, जिससे यात्रियों को तेज और सुगम सेवाएं मिलेंगी। अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए फास्ट-ट्रैक सुविधा के साथ अलग इमिग्रेशन काउंटर भी बनाए गए हैं। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए अलग-अलग एयरोब्रिज और बोर्डिंग गेट की व्यवस्था संचालन को और सुचारु बनाएगी। एयरपोर्ट प्रति घंटे करीब 30 उड़ानों के संचालन और सालाना 2 .5 लाख मीट्रिक टन कार्गो हैंडलिंग क्षमता के साथ तैयार है। यह टर्मिनल न केवल यात्री सुविधा बढ़ाएगा, बल्कि जेवर एयरपोर्ट को देश के प्रमुख एविएशन और लॉजिस्टिक्स हब के रूप में स्थापित करेगा।

### जेवर एयरपोर्ट देगा 'भारत दर्शन' का अनुभव

**अमृत विचार,लखनऊ/जेवर :** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट केवल एक आधुनिक हवाई अड्डा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपरा का जीवंत प्रतीक बनकर उभर रहा है। इसके वास्तु और इंटीरियर डिजाइन में उत्तर प्रदेश की विरासत को प्रमुखता से शामिल किया गया है, जिससे यात्रियों को 'भारत दर्शन' जैसा अनुभव मिलेगा। एयरपोर्ट के डिजाइन में पारंपरिक हवेली शैली की झलक दिखाई देगी। मेहराब, आंगन और पारंपरिक स्थापत्य तत्व यात्रियों को प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ेंगे और आधुनिक ढांचे के बीच एक अलग पहचान बनाएंगे। टर्मिनल को गंगा घाट की थीम पर मल्टी-लेवल संरचना में विकसित किया जा रहा है, जिससे वाराणसी घाट और हरिद्वार घाट जैसा आध्यात्मिक अनुभव मिलेगा। सीढ़ीनुमा डिजाइन, खुले स्थान और विशेष प्रकाश व्यवस्था शांत और सुकून भरा माहौल तैयार करेंगे। एयरपोर्ट के सौंदर्यीकरण में देशभर के पारंपरिक हैंडीक्राफ्ट्स का उपयोग किया जा रहा है, जो भारतीय कला और कारीगरी को वैश्विक मंच देगा। आधुनिक तकनीक और सांस्कृतिक पहचान के इस अनूठे संगम से जेवर एयरपोर्ट देश के अन्य एयरपोर्ट्स से अलग और विशिष्ट पहचान बनाने की ओर अग्रसर है।

## उद्योग, निर्यात और रोजगार का मेगा हब बनेगा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट

राज्य ब्यूरो,लखनऊ/जेवर

- मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए 'गेमचेंजर' बताया

**अमृत विचार :** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश में निवेश और औद्योगिक विकास के नए युग की शुरुआत का संकेत दे रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए "गेमचेंजर" बताते हुए कहा कि यह परियोजना निवेश, उद्योग और रोजगार के नए अवसरों के द्वार खोलेगी।

एयरपोर्ट के निर्माण के साथ यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र तेजी से औद्योगिक कॉरिडोर के रूप में उभर रहा है। यहां देश-विदेश की कंपनियों ने निवेश में रुचि दिखाई है। आसपास मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर, डेटा सेंटर, एमएसएमई पार्क, मेडिकल डिवाइस पार्क, अपैरल और टॉय पार्क जैसे बड़े प्रोजेक्ट विकसित किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हाल ही में सेमीकंडक्टर यूनिट की आधारशिला रखे जाने से इस क्षेत्र को हाईटेक इंडस्ट्री का भी बढ़ावा मिला है। जेवर एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश के लिए निवेश, उद्योग, निर्यात और रोजगार का समग्र विकास मॉडल बनकर उभर रहा है, जो राज्य को आर्थिक रूप से नई ऊंचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का मल्टी-मोडल कार्गो हब उत्तर प्रदेश को वैश्विक बाजार से सीधे जोड़ेगा। इससे प्रदेश के उत्पादों की अंतरराष्ट्रीय पहुंच आसान होगी और निर्यात में तेजी आएगी।



**पहली उड़ान :** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर यूपी सरकार के राजकीय वायुयान ने जेवर रनवे से पहली उड़ान भरी। इस विशेष उड़ान में प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा से लखनऊ तक का सफर तय किया।

## खेल प्रशिक्षकों की भर्ती को 10 तक मांगे आवेदन

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. खेल विभाग ने आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में उच्च स्तरीय प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों की भर्ती के लिए तैयारी शुरू कर दी है। चयनित प्रशिक्षकों को 1.5 लाख प्रति माह का मानदेय दिया जाएगा। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी डॉ. अतुल सिन्हा के अनुसार, राज्य के 15 खेल छात्रावासों में योग्य प्रशिक्षकों की तैनाती की जाएगी। इसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि 10 अप्रैल निर्धारित की गई है। इन पदों के लिए वही खिलाड़ी पात्र होंगे, जिन्होंने प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया हो। आवेदक का स्नातक होना अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन कार्य दिवसों में केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित क्षेत्रीय खेल कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

**चिंताजनक स्थिति**

बैठक में मंडलायुक्त बोले- ब्लैक स्पॉट सुधारें, लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई

# लखनऊ मंडल में दो माह में सड़क दुर्घटनाओं में हुआ इजाफा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- राजधानी लखनऊ में दुर्घटनाएं सबसे ज्यादा 26.2 प्रतिशत बढ़ीं

**अमृत विचार:** लखनऊ मंडल में जनवरी और फरवरी 2026 के बीच सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। यातायात निदेशालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, मंडल में कुल दुर्घटनाओं की संख्या 1049 से बढ़कर 1074 हो गई, जो 2.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। वहीं मृतकों की संख्या 549 से बढ़कर 551 हुई, जबकि घायलों की संख्या 732 से बढ़कर 832 पहुंच गई, जो 13.66 प्रतिशत की बढ़ोतरी है।

जिला स्तर पर देखें तो लखनऊ में स्थिति सबसे गंभीर रही। यहां दुर्घटनाएं 271 से बढ़कर 342 हो गईं, मृतक 99 से बढ़कर 128 और घायल 187 से बढ़कर 321 हो गए। लखनऊ में दुर्घटनाओं में 26.2 प्रतिशत, मृतकों में 29.3 प्रतिशत और घायलों में 71.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई। उन्नाव में दुर्घटनाएं लगभग स्थिर रहीं, लेकिन मृतकों की संख्या में कमी और घायलों में वृद्धि दर्ज की गई। रायबरेली में दुर्घटनाएं कम हुईं, लेकिन मृतक और घायल बढ़े। सीतापुर में दुर्घटनाओं में कमी आई, पर मृतकों की संख्या बढ़ी और घायलों में बड़ी गिरावट रही। लखीमपुर खीरी में हल्की वृद्धि हुई, लेकिन मृतक और घायल कम हुए। हरदोई एकमात्र ऐसा जिला रहा, जहां सभी तीन श्रेणियों में कमी दर्ज की गई।



बैठक में उपस्थित मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, परिवहन अधिकारी व अन्य।

**मंडलीय बैठक में हुई गंभीर चर्चा :** मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासन, पुलिस, परिवहन, लोक निर्माण, शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए, जबकि अन्य जिले ऑनलाइन जुड़े। बैठक में 30 दिसंबर 2025 की पिछली बैठक के निर्णयों की समीक्षा की गई, जिसमें दुर्घटनाओं की बढ़ोतरी को चिंताजनक बताया गया।

**दुर्घटनाओं के कारणों की जांच और ब्लैक स्पॉट सुधार :** आयुक्त ने सभी दुर्घटनाओं का विस्तृत विश्लेषण कराने के निर्देश दिए। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि हादसे किसी विशेष मार्ग या ब्लैक स्पॉट पर अधिक हो रहे हैं या पूरे क्षेत्र में समान रूप से। वर्ष 2025 में मंडल में कुल 283 ब्लैक स्पॉट्स चिन्हित किए गए थे। इनमें 151 लोक निर्माण विभाग, 100 एनएचएआई और 32 एनएच पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत आते हैं। सभी स्थानों को मानकों के अनुरूप सुधारने के निर्देश दिए गए।

### हिट एंड रन मामलों में लापरवाही उजागर

बैठक में राहवीर योजना की समीक्षा में पाया गया कि वर्ष 2025 में केवल 11 प्रस्ताव भेजे गए थे और लखनऊ से कोई भी प्रस्ताव नहीं गया। 2026 में अब तक लखनऊ और लखीमपुर खीरी से 2-2 प्रस्ताव प्राप्त हुए। आयुक्त ने योजना के प्रचार-प्रसार और ट्रॉमा सेंटर स्तर पर प्रक्रिया स्पष्ट करने के निर्देश दिए। हिट एंड रन मामलों में लापरवाही भी उजागर हुई। लखनऊ में 24 मामले आए, लेकिन केवल 4 का निस्तारण हुआ। पूरे मंडल में 221 में से 131 मामले लंबित हैं। सभी मामलों का निस्तारण एक माह के भीतर करने के निर्देश दिए गए।

# फसलों के नुकसान पर मिली आर्थिक सहायता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बारिश से प्रभावित 9992 किसानों को मिली 4.47 करोड़ से अधिक की राहत
- ओलावृष्टि से प्रभावित 286 किसानों को दी 13.34 लाख रुपये की सहायता

**अमृत विचार :** प्रदेश में हालिया ओलावृष्टि और बारिश से फसलों को हुए नुकसान के बाद सरकार ने राहत कार्य तेज कर दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रभावित किसानों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

असमय ओलावृष्टि से 21 जिलों में 244.23 हेक्टेयर फसल प्रभावित हुई, जिसमें 286 किसानों को 13.34 लाख रुपये से अधिक की राहत दी गई है। वहीं अतिवृष्टि से 17 जिलों में 4053.11 हेक्टेयर फसल को नुकसान पहुंचा, जिसमें 9992 किसानों को 4.47 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता प्रदान की गई। सहारनपुर के पांच गांवों में 11 हेक्टेयर फसल क्षति दर्ज हुई है, जबकि ललितपुर की 3 तहसीलों में 1650.75 हेक्टेयर क्षेत्र प्रभावित हुआ, जहां 3142 किसान प्रभावित हैं। राज्य सरकार ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शेष किसानों को भी शीघ्र राहत दी जाए, ताकि वे अपनी आर्थिक स्थिति संभाल सकें और आगामी फसल की तैयारी कर सकें।

मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर" जी के आशीर्वाद से अभिसिंचित एवम् संचालित
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के. एम. डिस्ट्रीब्यूटर


विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज कानपुर 208001, फोन – 9519456555, 9695416555

## न्यूज ब्रीफ

### डीएम ने किया वेयर हाउस का निरीक्षण

अयोध्या, अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने शनिवार को कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम और वीवी पैट वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निर्देश दिया कि सुरक्षा के दृष्टिगत स्ट्रांग रूम की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिरुद्ध प्रताप सिंह, सहायक निर्वाचन अधिकारी उदयराज पांडे व कार्यालय के स्टाफ व मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण मौजूद रहे।

### एक हजार शिक्षक जाएंगे दिल्ली

अयोध्या, अमृत विचार : टीईटी के विरोध में सहकारी बैंक सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए प्रांतीय पर्यवेक्षक एवं मांडलिक मंत्री दिलीप पांडेय ने कहा सरकार को टेट अनिवार्यता का काला कानून वापस लेना ही होगा। अध्यक्षता कर रहे प्रांतीय ऑडिटर एवं जिलाध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी ने कहा टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 4 अप्रैल को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली रैली में जिले से एक हजार से अधिक शिक्षक जाएंगे। संचालन जिला मंत्री चक्रवर्ती सिंह ने किया। बैठक में प्रत्येक ब्लॉक के अध्यक्ष, मंत्री, कोषाध्यक्ष, ब्लॉक संघर्ष समिति के अध्यक्ष और मंत्री आदि रहे।

### मंडलीय समीक्षा बैठक अब 30 मार्च को

अयोध्या, अमृत विचार : मंडलायुक्त राजेश कुमार की अध्यक्षता में आज शनिवार को प्रस्तावित मंडलीय समीक्षा बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई। सूचना विभाग की विज्ञप्ति के अनुसार यह समीक्षा बैठक अब 30 मार्च को होगी।

### मिशन शक्ति अभियान के तहत किया जागरूक

बीकापुर, अयोध्या : नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत बीकापुर कोतवाली पुलिस द्वारा शनिवार को पुलिस चौकी मोतीगंज क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। साईं किसान इंटर कॉलेज जोहन तथा श्रीमती श्यामा देवी केशवपति राम मिलन शिक्षण संस्थान अलगू नगर जोहन विद्यालय में मिशन शक्ति कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में एसआई सना पाल के साथ ज्योति शर्मा, वीना, चौकी प्रभारी मोतीगंज प्रवीण सिंह, कांस्टेबल जय प्रकाश सिंह, राम लखन राठौर और दीपक सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी गईं और उन्हें हर परिस्थिति में निर्भीक होकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

# तेज हवा से 10 मिनट में ही राख हुई एक एकड़ में बनी यज्ञशाला

## आहुति में डाला गए नारियल के फटने से आग लगने की संभावना, मची भगदड़, घबराए लोगों को नियंत्रित करने में समिति व पुलिस के छूटे पसीने


आग लगने के बाद जला हुआ पंडाल। अमृत विचार


घटनास्थल पर वाहन व लोगों को जाने से रोकते पुलिसकर्मी। अमृत विचार


मंडलायुक्त से घटना की जानकारी लेते नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के नेतृत्व में आयोजित श्रीलक्ष्मी नारायन महायज्ञ की यज्ञशाला में शनिवार को लगी आग इतनी भीषण थी कि पूरी यज्ञशाला महज 10 मिनट में ही जलकर राख हो गई। तेज हवा के चलते घास-फूंस व बांस बल्लियों से बनी यज्ञशाला से उठ रही लपटों ने विकराल रूप धारण कर लिया। इससे वहां भगदड़ मच गई। घंटों अफरा-तफरा की स्थिति रही। घटना के समय आसपास करीब 20 हजार से ज्यादा लोग मौजूद थे। घबराए लोगों को नियंत्रित करने में समिति के कार्यकर्ता व पुलिस के पसीने छूट गए।

जानकारी के अनुसार 20 मार्च से आयोजित इस महायज्ञ की यज्ञशाला को करीब एक एकड़ भूमि में परंपरागत तरीके से घास-फूंस व बांस-बल्लियों की सहायता से तैयार किया गया था। पश्चिमी ओर टेंट के पर्दे भी लगाए गए थे। यज्ञ शनिवार सुबह करीब 11:30 बजे समाप्त हो गया था। आधे घंटे में करीब सभी लोग यज्ञशाला से निकल भी चुके थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोपहर करीब 12.10 बजे एक कुंड में पड़ा नारियल अचानक फट गया, इससे निकली चिंगारी से यज्ञशाला में आग लग गई। लोग जब तक कुछ समझाते तब तक तेज पछुआ हवाओं ने आग की लपटों को और तेज कर दिया। देखते ही देखते महज 10 मिनटों में ही यज्ञशाला जलकर राख हो गई। यज्ञशाला में लगी आग की चिंगारी गोशाला के छप्पर पर गिरी, जिससे गोशाला में भी आग लग गई। हालांकि वहां मौजूद कार्यकर्ताओं ने किसी तरह गोवंशों को बाहर निकाल उनकी जान बचाई।

**प्रत्यक्षदर्शी बोले, इतनी जल्द हो गया कि कुछ समझ में नहीं आया :** मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि अचानक सब इतनी जल्दी हो गया कि कुछ समझ में ही नहीं आया। यज्ञ में शामिल होने बिहार के बक्सर जिले से आए सोनू पांडेय व आचार्य देवमणि पांडेय ने बताया कि आग लगने के बाद इस कदर अफरा-तफरी मच गई कि लोग चाहकर भी आग बुझाने में मदद नहीं कर पाए। वहीं रोहतास निवासी राकेश त्रिपाठी ने बताया कि 20 मार्च से ही यहां पर दमकल की गाड़ी खड़ी थी, समापन पर वह नजर नहीं आई। अगर वह मौके पर होती तो शायद आग तेज होने से पहले ही उसे बुझा लिया जाता। बलिया से आए महेश शर्मा, सुनयना व आशीष का कहना है कि इतने बड़े कार्यक्रम में प्रशासनिक व्यवस्थाएं कुछ नहीं थी। दमकल भी देर से आई।

### मुख्य पांडाल में मौजूद थे परिवहन मंत्री तथा कई विधायक समेत अन्य वीआईपी

घटना से कुछ देर पहले ही परिवहन मंत्री यज्ञशाला से निकलकर मुख्य पांडाल में पहुंचे थे। उनके साथ गोसाईगंज विधायक अभय सिंह समेत कुछ अन्य विधायक व वीआईपी थे। अधिकारियों ने उन्हें आग पर काबू पाने की सूचना दी, जिसके बाद दोबारा लोगों को पांडाल में आने दिया गया। माइक से संयम रखने की अपील की जा रही थी। समिति से जुड़े कार्यकर्ता भक्तों को तय स्थान पर बैठाते दिखे।

> यज्ञ में पहले से ही सुरक्षा कही दृष्टि से पुलिस व यातायातकर्मी तैनात किए गए थे। दमकल के एक वाहन को यहां खड़ा कराया गया था। आग लगने की सूचना पर आसपास के फायर स्टेशनों से दमकल वाहन मंगाए गए व दोनों जगह लगी आग पर काबू पाया गया। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।
> –डॉ. गौरव ग्रोवर, एसएसपी

> यज्ञ का आज समापन था। करीब 11:30 बजे यज्ञशाला में पूर्णाहुति के बाद यज्ञ समाप्त हो गया था। लोग यज्ञशाला से बाहर आ गए थे। करीब 12:10 पर आग लगने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचे दमकल वाहनों ने आग को बुझा दिया व किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।
> –दयाशंकर सिंह, परिवहन मंत्री व अध्यक्ष श्रीलक्ष्मी नारायन यज्ञ यमिति।


घटनास्थल पर मौजूद मंडलायुक्त राजेश कुमार, डीआईजी सोमेन वर्मा, डीएम निखिल टीकाराम फुंडे, एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर।

### करीब एक बजे पहुंचे वरिष्ठ अधिकारी

घटना की सूचना मिलने पर करीब एक बजे नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्त, आयुक्त राजेश कुमार, डीआईजी सोमेन वर्मा, डीएम निखिल टीकाराम फुंडे, एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर, एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी, सीएफओ एमपी सिंह समेत थाना कैंट, कोतवाली अयोध्या व थाना आरजेबी की फोर्स मौके पर पहुंची। डीएम के निर्देश पर 12 से ज्यादा एंबुलेंस व मेडिकल टीम भी मौके पर पहुंची। घटना की ओर जाने वाले मार्ग को ब्लॉक कर दिया गया। श्रद्धालुओं को भी मुख्य पांडाल में नहीं जाने दिया गया। पुलिस के जवान पीएएस सिस्टम से लोगों को घटनास्थल के पास न जाने की अपील करते रहे।

# आग लगने के बाद मची अफरा-तफरी


आग लगने के बाद बंधे पर खड़े श्रद्धालु। अमृत विचार


घटनास्थल पर मौजूद परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह व गोसाईगंज विधायक अभय सिंह।

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** घटना के समय मुख्य पांडाल व परिसर में करीब 20 हजार से ज्यादा लोग मौजूद थे। यज्ञशाला के बगल ही रहने के लिए टेंट की कुटिया बनाई गई थी, इसमें भी लोग मौजूद थे। लपटें देख भगदड़ और चीख पुकार मचने लगी। सभी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। घटना के बाद मौके पर चारों ओर अफरा-तफरी का माहौल व्याप्त हो गया। यह देख पांडाल व परिसर में लगे लाउडस्पीकर से लोगों को ऊपर बंधे पर जाने के लिए कहा गया। वहां मौजूद पुलिस व यातायात पुलिसकर्मियों ने मोर्चा संभाला व लोगों को नियंत्रित कर सुरक्षित स्थानों पर भेजा। करीब 12:40 बजे पहुंची दमकल के तीन बड़े, चार छोटे व पांच बुलेट टेंडर ने दोनों जगहों पर लगी आग पर काबू पाया। पानी के लिए नगर निगम के टैंकरों को भी बुलाया गया। करीब 1:30 बजे तक आग पर पूरी तरह काबू पाया।

# पीएनजी का इस्तेमाल करने वाले 93 धारकों को सरेंडर करना होगा सिलेंडर

- एलपीजी किल्लत के बीच कौशलपुरी में जल्द शुरू होगी पीएनजी सेवाएं

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले में एलपीजी संकट के बीच पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) का इस्तेमाल करने वाले लोगों के लिए बुरी खबर सामने आ रही है। अब ऐसे लोगों को अपना सिलेंडर सरेंडर करना होगा। नगर के 93 घरों में पीएनजी इस्तेमाल की जा रही है।

जिला आपूर्ति अधिकारी ने आदेश जारी कर दिया है। आदेश की अवहेलना करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। अमेरिका, इजरायल व ईरान के बीच एलपीजी का संकट उत्पन्न हो गया है। भविष्य में ऐसे संकट का सामना न करना पड़े, इसके लिए एलपीजी (लिक्विड पेट्रोलियम गैस) पर निर्भरता कम कर पीएनजी को बढ़ावा दिया जा रहा है।

सरकार ने पीएनजी उपभोक्ताओं को तीन महीने में एलपीजी कनेक्शन सरेंडर करने और न करने पर सिलेंडर आपूर्ति बंद करने का आदेश दिया है। इसके बाद 24 मार्च को एक ओर आदेश जारी किया गया कि पीएनजी की आपूर्ति करने वाली कंपनी की ओर से उपभोक्ताओं को सूचना भेजी जाएगी कि वह एलपीजी कनेक्शन सरेंडर करें। जिला आपूर्ति अधिकारी बृजेश मिश्रा ने बताया कि अभी साकेतपुरी कॉलोनी में 93 लोग पीएनजी इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्हें अपना सिलेंडर सरेंडर करना पड़ेगा। पीएनजी से जुड़े जिम्मेदारों से बातचीत हो गई है। कौशलपुरी में पीएनजी लाइन है, लेकिन लोक निर्माण विभाग की 600 मीटर सड़क का कोई कार्य होना बाकी है। उसके बाद कौशलपुरी में भी पीएनजी का संचालन हो जाएगा।

# सामूहिक पूजन व प्रसाद वितरण के साथ वासंतिक नवरात्र संपन्न

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** श्रीअध्यात्म शक्तिपीठ मुबारकगंज में शनिवार को सामूहिक पूजन, जप, हवन और प्रसाद वितरण के साथ वासंतिक नवरात्र का समापन हुआ। कार्यक्रम में देश के राज्यों और जिलों से साधक और श्रद्धालु पहुंचे थे। आध्यात्मिक पत्रिका अनादि आस्था को गुरुदेव पं. रामकृष्ण पांडेय आमिल के श्रीचरणों में समर्पित करने के बाद वितरण किया गया।

पीठ के आचार्य गिरिजा प्रसाद मिश्र की देखरेख में मुख्य अर्चक सुधीर कुमार पांडेय ने सामूहिक पूजन हवन आरंभ किया। पीठ परिसर में विराजमान भगवती तारा, मां पीतांबरा, महाकाली, महालक्ष्मी, महासरस्वती, ललिता त्रिपुरसुंदरी, भगवान भैरव, हरिद्रा गणपति, स्वामीजी महाराज और पीठ के संस्थापक गुरुदेव पं. रामकृष्ण पांडेय आमिल समेत सभी देवी-देवताओं के विग्रहों की विशेष पूजा अर्चना की। न्यास अध्यक्ष देवमित्र पांडेय, हिंदी संस्थान के पूर्व उपाध्यक्ष सुधाकर अदीब, संजय मालवीय, राजेश पाठक, जय प्रकाश सिंह, रोहित पांडेय मुन्ना, डा. रजनीश तिवारी, अजय कुमार तिवारी, आशीष, सुनीता, मिथुन यादव, अजीत सिंह, श्याम जायसवाल, आदर्श मिश्र, अपूर्व मिश्र, सुरेश विश्वकर्मा, रमेश विश्वकर्मा, गंगा द्विवेदी, राहुल पांडेय, जज स्वरांगी शुक्ल, सेवानिवृत्त डीआइजी बीडी शुक्ल, डॉ. आदित्य उपाध्याय आदि शामिल रहे।

# पति को आजीवन कारावास पत्नी को तीन साल की सजा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** ट्यूबवेल पर सो रहे अधेड़ की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या करने के मामले में कोर्ट ने आरोपी को हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कठोर कारावास की सजा से दंडित किया है। उस पर 11 हजार जुर्माना भी हुआ है। आरोपी की पत्नी को कोर्ट ने साक्ष्य छिपाने में तीन साल की सजा तथा एक हजार रुपए जुर्माना से से दंडित किया है। फैसला अपर जिला जज इंद्रजीत सिंह की अदालत से शनिवार को हुआ।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अभय वैश्य ने बताया कि घटना मवई कोतवाली के सामैसी गांव का है। इसी गांव के रहने वाले रामनाथ कोरी 7 मई 2021 को अपने ट्यूबवेल पर सोने गए थे। रात में उनके गांव के धोखई कोरी ने कुल्हाड़ी से उनका सिर धड़ से अलग कर दिया और उसे ले जाकर अपने घर के सामने चबूतरे के नीचे छुपा दिया। इसकी रिपोर्ट मृतक के भतीजे रामबरन ने दर्ज कराई थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने धोखई और उसकी पत्नी राजरानी को गिरफ्तार किया। राजरानी के निशान देही पर चबूतरे के नीचे छुपाया गया सिर बरामद हुआ तथा धोखई के निशान देही पर हत्या में प्रयुक्त आला कत्ल कुल्हाड़ी बरामद हुआ था। विवेचना के बाद पुलिस ने धोखई के खिलाफ हत्या तथा उसकी पत्नी के खिलाफ साक्ष्य छिपाने की धारा में आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने दोषी पाते हुए दोनों को सजा से दंडित किया।

### मिशन शक्ति के तहत निकाली स्कूटी रैली



पुलिस लाइन से महिला पुलिसकर्मियों ने निकाली स्कूटी रैली। अमृत विचार

अयोध्या, अमृत विचार : मिशन शक्ति फेज–पांच के तहत शनिवार को पुलिस लाइंस से महिला पुलिसकर्मियों ने स्कूटी रैली निकाली। इसे एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर ने हरी झंडी दिखायी। यह रैली रिजर्व पुलिस लाइंस से प्रारंभ होकर पुष्पराज चौराहा, रिकाबगंज, नियावां, उदया चौराहा होते हुए वापस पुलिस लाइंस परिसर पहुंची। एसएसपी ने बताया कि इस रैली का उद्देश्य समाज में महिलाओं को उनके कानूनी और संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना है। साथ ही समाज में उनके अधिकारों एवं सम्मान के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस अवसर पर एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी समेत अन्य मौजूद रहे।

### महिला परिचालकों की भर्ती को आए 90 आवेदन

अयोध्या, अमृत विचार : परिवहन निगम द्वारा महिला परिचालकों की भर्ती के लिए अयोध्या धाम बस स्टेशन स्थित आरएम कार्यालय पर भर्ती मेला लगाया गया। क्षेत्रीय प्रबंधक विमल राजन ने बताया कि भर्ती मेले में अयोध्या, अंबेडकरनगर, सुलतानपुर व अमेठी जनपद की कुल 90 महिलाओं ने आवेदन किया। इसमें अयोध्या जनपद की 46, अंबेडकरनगर की 18, सुल्तानपुर की 22 व अमेठी की चार महिलाएं शामिल रहीं। बताया कि एक सप्ताह में इनके कागजातों की जांच कर मेरिट बनाकर जारी कर दी जाएगी। चयनित महिलाओं को एक सप्ताह का प्रशिक्षण देने के उपरांत उनके गृह जनपद में तैनाती दी जाएगी। अयोध्या परिक्षेत्र में 350 महिला परिचालकों की भर्ती को मेला आयोजित किया गया था।

### पर्स व मोबाइल चुराने वाली 4 महिलाएं गिरफ्तार


अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : कोतवाली अयोध्या पुलिस ने रामनवमी मेले में श्रद्धालुओं का पर्स व मोबाइल चोरी करने वाले गिरोह की चार महिलाओं को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी किए गए तीन महंगे मोबाइल फोन, 17 हजार नगद, चार लेडीज हैंडबैग व पर्स समेत अन्य सामान बरामद हुआ। सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी ने बताया कि रामनवमी मेले में महिला चोरों के गिरोह के सक्रिय होने की सूचना थी। तीन पीड़िताओं की शिकायत पर केस भी दर्ज किया गया था। घटना की जांच कर रहे अयोध्या कोतवाल पंकज सिंह व उनकी टीम ने एक सूचना के आधार पर शनिवार की सुबह सरयू नयापुल अयोध्या–बस्ती मार्ग हाईवे के किनारे से चार महिलाओं को गिरफ्तार किया। इनकी पहचान कमलावती निवासी विशुनपुर थाना बरौली जनपद गोपालगंज बिहार, जानकी निवासी सत्तीबाग थाना यादवपुर जनपद गोपालगंज बिहार, सिंगेश्वरी निवासी बिजुरतीहाता थाना पचरूखी जनपद सीवान बिहार व शांति देवी निवासी खजुरिया थाना बरौली जनपद गोपालगंज बिहार के रूप में हुई। इनके पास से तीन घटनाओं में चोरी किया संपूर्ण सामान भी बरामद हुआ। तीनों का चालान कर दिया गया है।

मनमानी | हमेशा विवादों में रही सीएचसी का एक और बड़ा कारनामा

# सीएचसी सोहावल में फाड़ा गया हाजिरी का सबूत

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अक्सर विवादों में रहने वाली सोहावल सीएचसी अब एक और नए कारनामे की वजह से चर्चा में आ गई है। इस बार मामला चिकित्सकीय कार्य का नहीं बल्कि हाजिरी रजिस्टर के फाड़े जाने का है। यह सब कुछ सीएमओ के औचक निरीक्षण के पहले होना बताया जा रहा है। बड़ी ही सफाई से मार्च माह का वह पन्ना गायब कर दिया गया, जिसमें अधीक्षक समेत तमाम वरिष्ठ चिकित्सकों के नाम थे। ईद की 21 मार्च शनिवार को छुट्टी पड़ जाने के कारण तहसील समाधान दिवस का आयोजन नहीं हो पाया था। इसके बाद 23 मार्च को जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में सोहावल तहसील में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान जिले के समस्त विभागों के अधिकारी वहां मौजूद रहे। सूत्रों की मानें तो कार्यक्रम के बाद सीएमओ डॉ. देवेंद्र कुमार भिटौरिया ने सोहावल सीएचसी के औचक निरीक्षण किया। अस्पताल परिसर की सुविधाएं परखीं। इसके बाद उन्होंने हाजिरी रजिस्टर देखा तो वह दंग रह गए। मार्च माह का पन्ना फटा हुआ था। सीरियल नंबर 18 के बाद के कर्मचारी व चिकित्सकों के नाम नहीं थे। उन्होंने मौके पर मौजूद अधीक्षक डॉ. आकांक्षा वर्मा से पूछताछ करते हुए गहरी नाराजगी व्यक्त की।


हाजिरी रजिस्टर से फटा पन्ना। अमृत विचार

> मामला मेरे संज्ञान में है। अधीक्षक से स्पष्टीकरण मांगा गया है, लेकिन अभी तक कोई जवाब नहीं मिला है।
> –डॉ. देवेंद्र कुमार भिटौरिया, सीएमओ

**मामले को डकारने का चल रहा प्रयास :** बताया जाता है कि हाजिरी का रजिस्टर फार्मासिस्ट या अधीक्षक के पास रहता है, लेकिन सीएमओ के पहुंचने से पहले रजिस्टर के पन्ने को किसने फाड़ा? रजिस्टर में सबसे अधिक कौन अनुपस्थित था? या किसी के कहने पर रजिस्टर को फाड़ दिया गया? यह बड़ा सवाल बनकर उभरा है। मामले को डकारने व बचाने का प्रयास चल रहा है।

**सुनबा सीएचसी में भी हो चुका कांड :** हाल ही में सुनबा सीएचसी में हाजिरी रजिस्टर का एक कांड सामने आया था। इसमें अपने चहेतों को बचाने व सबसे ज्यादा छुट्टी देने के लिए उसके नाम के आगे अब्सेंट लगा दिया था। इसके बाद उस पर सफेदा लगाकर हस्ताक्षर कराया गया था। इस मामले में अधीक्षक डॉ. अखिलेश उपाध्याय ने घटना के संज्ञान में होने की बात कही थी।

# सीएमओ साहब, मेरी सेवा पुस्तिका गायब हो गयी

**अयोध्या अमृत विचारः** सीएचसी मिल्कीपुर के अंतर्गत मवई खुर्द उपकेंद्र पर तैनात एएनएम साधना मिश्रा ने कार्यालय से सेवा पुस्तिका गायब हो जाने की शिकायत सीएमओ डॉ. देवेंद्र कुमार भिटौरिया से की है। उसने कहा है कि पूर्व में कार्यरत वरिष्ठ लिपिक शशिभूषण तिवारी को सीएचसी से सीएमओ कार्यालय सम्बद्ध कर दिया गया। बाद में अधीक्षक मिल्कीपुर द्वारा कई बार शशिभूषण तिवारी व तत्कालीन सीएमओ से पत्राचार किया गया, लेकिन कोई निष्कर्ष नहीं निकलने पर आठ सदस्यीय कमेटी की मौजूदगी में 31 अक्टूबर को कार्यालय का ताला तोड़ा गया। उपलब्ध अभिलेखों की जो सूची सीएचसी कर्मचारी/अधिकारी ग्रुप में प्रस्तुत की गई, उसमें सेवा पुस्तिका का कोई उल्लेख नहीं है जबकि स्थानान्तरित पूर्व वरिष्ठ लिपिक शशिभूषण तिवारी द्वारा मार्च 2025 को मेरे सेवा पुस्तिका का अवलोकन कराया गया था। वर्तमान वरिष्ठ लिपिक उद्यम सिंह ने बताया कि अलमारियों में सेवा पुस्तिका नहीं है।

## न्यूज ब्रीफ

### भाजपा जिलाध्यक्ष का किया स्वागत

**बारुन, अयोध्या :** मिल्कीपुर क्षेत्र के मीठेगांव पाठक का पुरवा में शनिवार को भाजपा के जिला अध्यक्ष राधेश्याम त्यागी व नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष लालचंद चौरसिया का स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष ने पीएम व सीएम के विचारों को आगे बढ़ाते हुए 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान देने की बात कही। स्वागत करने वालों में सुशील मिश्रा, रामकरन पाठक, अरुण पाठक, सत्रोहन पांडेय समेत बड़ी संख्या में लोग रहे।

### कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर की बैठक

**अयोध्या, अमृत विचार :** रुदौली विधानसभा क्षेत्र से सटे कोटवा सड़क में रविवार को यहां एक लॉन में संवाद व कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित होगा। सम्मेलन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय शामिल होंगे। एआईसीसी दयानन्द शुक्ला ने इसके मद्देनजर रुदौली विधान सभा क्षेत्र के कई गांव का भ्रमण किया। ज्यादा से ज्यादा लोगों के वहां पहुंचने की अपील की। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष परमानंद शुक्ला, राम आशीष तिवारी, शिवकुमार मौर्या, नदीम अहमद आदि थे।

### शिविर में 150 मरीजों का किया गया परीक्षण

**सत्तीचौरा, अयोध्या :** विखं सोहावल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा बरई कला स्थित अमन फार्मा क्लीनिक मेडिकल स्टोर पर स्वास्थ्य शिविर डॉ. अमन ने आयोजित किया। डॉ. अभिनव चौधरी, डॉ. सत्येंद्र वर्मा व डॉ .शिवांशु मिश्रा ने 150 से ज्यादा मरीजों की जांच कर दवा दी। इस अवसर पर श्यामलाल रावत, राजेश सेन, विजय कुमार यादव, अमित यादव आदि मौजूद रहे।

# प्रभु श्रीराम जन्म के दूसरे दिन भी जारी रहे उत्सव

- गर्भगृह में विराजमान श्रीराम के भव्य श्रृंगार व आरती के बाद खुल गए पट

अयोध्या कार्यालय



लक्ष्मण किला मंदिर में जन्मोत्सव के दौरान नाचते गाते श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार:** श्री राम जन्मोत्सव के दूसरे दिन भी मठ मंदिरों में उत्सव के दौरा जारी रहे। ब्रम्हमुहूर्त में गर्भगृह में विराजमान श्री राम के भव्य श्रृंगार व आरती के बाद पट खुल गए। बड़ी संख्या में आए श्रद्धालु सरयू नदी में स्नान करने के बाद हनुमान गढ़ी, राम मंदिर में दर्शन किया। जहां मंदिर के बाहर श्रद्धालुओं की लंबी कतार रही।

विश्व प्रसिद्ध चैत्र रामनवमी मेला सम्पन्न होने के बाद भी जहां मंदिरों में नित नए उत्सव हो रहे हैं। जिसमें शामिल होने के लिए देश के कोने-कोने से आए श्रद्धालुओं ने इस भव्य आयोजन में हिस्सा ले कर अपने जीवन को कृतार्थ किया। वही भगवान राम के प्राकट्य के बाद सभी मांगलिक कार्यक्रम व परंपरा को निभाया जा रहा है।

दशरथ महल के उत्तराधिकारी राम भूषण दास कृपालु ने बताया कि श्री राम के जन्म के बाद पहले दिन मंदिरों की साफ-सफाई के बाद भव्य श्रृंगार और आरती का आयोजन किया गया। सुबह से ही भक्तों के द्वारा बधाई गायन, सोहर और अन्य आयोजन किए गए हैं। उन्होंने बताया कि रिवाज में किसी बालक के जन्म के पश्चात तरह तरह के खिलौने, उपहार भेंट करने के बाद बच्चों के मनोहारी गीत संगीत का आयोजन किया जाता है। कहा कि पूरे दिन दूर दूर से आए भक्त भगवान को उपहार दिए, मंदिर परिसर में नाचे गाते हुए उत्सव को मनाया है।

**मेले दूसरे दिन भी रामपथ पर रहा प्रतिबंध:** राम नवमी मेला समाप्त होने के बाद सुबह से रही भीड़ के कारण शनिवार को भी लता चौक से टेढ़ी बाजार चौराहे तक रामपथ से जुड़ने वाली सभी गलियां बंद रही। जिसके कारण स्थानीय लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

स्थानीय निवासी राजेंद्र सिंह ने बताया कि गलियां बंद होने से स्कूल वाहन भी नहीं निकलने दिया गया। जब कि विद्यालयों ने परीक्षाएं चल रही है। जिलाधिकारी ने पूर्व में सिर्फ 26,27 को ही स्कूल बंद रखने के आदेश था। इसके बावजूद कोई छूट नहीं मिली।

### मंदिरों में मनाया रंगभरी उत्सव, भक्तों ने अर्पित किए तरह-तरह के खिलौने

**अयोध्या, अमृत विचार :** मठ-मंदिरों में जुग-जुग जियो कौशल्या जी के ललनवा... आदि गीतों से भक्तों ने अपने आराध्य श्रीरामलला का प्राकट्य का उत्सव मना रहे हैं। सरयू तट स्थित लक्ष्मण किला मंदिर में शनिवार को रंगभरी बधाई उत्सव का आयोजन किया गया। हनुमत निवास मंदिर के महंत मैथिलीरमण शरण की अध्यक्षता में प्रसिद्ध गायक एमबी दास, रामनंदन शरण, विनोद शरण आदि ने जन्म की बधाइयां गायीं तो भक्त झूमने लगे। मिथिला धाम सहित कई स्थानों से आए श्रद्धालुओं से मंदिर परिसर में भगवान श्री राम जन्मोत्सव पर बधाइयां गाते हुए जमकर रंग बरसाए। भक्तों ने भगवान को तरह-तरह के खिलौने भी अर्पित किये। लक्ष्मण किला के उत्तराधिकारी सूर्य प्रकाश शरण ने बताया कि मिथिला से आई सखियों के गायन और नृत्य से जन्मोत्सव का आकर्षण बढ़ गया है। इस तरह के आयोजन लगातार छठ उत्सव तक जारी रहेगा।

# सम्मान समारोह के साथ श्रीराम पर्व संपन्न

- अयोध्या की सांस्कृतिक विरासत व योग पर आयोजित हुए कार्यक्रम

अयोध्या कार्यालय




श्रीराम पर्व के दौरान विशिष्ट लोगों को सम्मानित करते आयोजक। अमृत विचार

**अमृत विचार:** मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाने, अयोध्या के सर्वांगीण उत्थान को लेकर आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम पर्व का समापन सम्मान समारोह के साथ किया गया। आयोजन अयोध्या के विवेक सृष्टि में किया गया।

अयोध्या के महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी के संरक्षण और इंजीनियर रवि तिवारी के संयोजन में 16 स्थानों पर विविध गतिविधियाँ आयोजित की गईं। केंद्रों पर पं. ज्वाला प्रसाद संगीत शोध संस्थान के विद्यार्थियों ने ''''राग मिश्र पीलू'''', अवध की पारंपरिक गायन शैली में सुंदरकांड का पारायण किया। सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, भारत माता की भव्य आरती, सूर्य कुण्ड, दर्शननगर में सात दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। विशिष्ट योग मुद्राओं, शोधन क्रियाओं और प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। संयोजक डॉ. राजपाल और रामकुमार गुप्ता रहे।

समापन अवसर पर ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि अयोध्या के बीके मुकेश ने विश्व शांति में व्यक्तिगत साधना और लोक कल्याण के संकल्प की महत्ता पर प्रकाश डाला। योग को आत्मिक शक्ति का आधार बताया। राम राज्य की संकल्पना और नागरिक कर्तव्यों पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। समापन पर सांस्कृतिक संध्या ने अयोध्या की समृद्ध कलात्मक विरासत को प्रस्तुत किया गया। अनुष्ठान में सहयोग देने वालों को सम्मानित किया गया। आयोजन में श्रीनिवास शास्त्री, फाउंडेशन के अध्यक्ष चन्द्र शेखर तिवारी, विवेक पाण्डेय, ब्रजमोहन तिवारी और डॉ. उपेन्द्र मणि त्रिपाठी सहित वशिष्ठ फाउंडेशन, श्रीअयोध्या फाउंडेशन और एस्सेल गुरुकुल ट्रस्ट जैसे सामाजिक समूहों की भूमिका रही। आभार ज्ञापन संयोजक ई. रवि तिवारी ने किया।



पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह को माला पहनाकर स्वागत करते समाज के लोग।

### हर व्यक्ति अपने कर्म को प्राथमिकता दे : बृजभूषण

**गोसाईंगंज, अमृत विचार :** नगर के पूर्वी छोर पर स्थित एक मैरिज लॉन में चैत्र नवरात्र और हिंदू नववर्ष पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि ऐसा वातावरण तैयार होना चाहिए, जहां हर व्यक्ति अपने कर्म को सर्वोच्च प्राथमिकता दे। कर्म के आधार पर ही व्यक्ति, समाज और राष्ट्र की उन्नति संभव है। कहा कि जिस क्षेत्र से व्यक्ति जुड़ा है, उसे उसी कार्य में पूरी निष्ठा और लगन के साथ आगे बढ़ना चाहिए, चाहे वह खेती हो, व्यापार हो या अन्य कोई क्षेत्र। कहा कि परिस्थितियां भी व्यक्ति के कर्म के अनुसार बदलती हैं और हर बड़ी उपलब्धि की शुरुआत एक सपने से होती है। इस अवसर पर शमशेर सिंह, रमा शंकर सिंह, मलखान सिंह, अमरनाथ सिंह सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

### पूर्णाहुति यज्ञ के साथ हुआ भंडारा



भंडारे में शामिल कन्याएं। अमृत विचार

**रुदौली, अयोध्या :** नवरात्रि के अंतिम दिन देवी मंदिरों में पूजा-अर्चना के साथ पूर्णाहुति यज्ञ के साथ सम्पन्न हुआ। मां काली मंदिर लालकुआं काशीपुर व मलकानिया देवी काली मंदिर में हवन पूजन के बाद आयोजित भंडारे में भारी संख्या में देव कन्या शामिल हुईं। इस मौके पर मंदिर पुजारी राजेश दुबे, वीरेंद्र मिश्र, सुबोध मिश्र, बब्बू सोनी राजेश सोनी, कुलदीप सभासद समेत बड़ी संख्या में लोग रहे।

### कलश यात्रा सम्पन्न, खैरी घाट पर हुआ विसर्जन



खैरी घाट शुजागंज पर कलश विसर्जन के दौरान पूजा-अर्चना करते भक्त।

**शुजागंज, अयोध्या :** रामनवमी पर आयोजित अखंड रामायण पाठ के समापन के बाद शनिवार को ग्राम पंचायत कोटरा स्थित काली मंदिर व हसनामऊ के मां कोटहीन देवी मंदिर से कलश विसर्जन यात्रा निकाली गई। जो शुजागंज स्थित खैरी घाट पहुंची, जहां विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलशों का विसर्जन किया गया। ढोल-नगाड़ों की मधुर धुन पर श्रद्धालु झूमते-गाते हुए यात्रा में शामिल हुए। जय श्रीराम के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया।

### भाजपा के पूर्व नगर महामंत्री का निधन



सुभाष यादव।

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** भाजपा के पूर्व नगर महामंत्री सुभाष यादव( 72 ) का निधन हो गया। देवकाली स्थित एक अस्पताल में इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार सरयू तट के जमथरा घाट पर किया गया। वह अपने पीछे तीन पुत्रियां छोड गए हैं। उनके निधन की खबर पर ऋषि टोला स्थित उनके आवास पर पहुंचकर पूर्व सांसद लल्लू सिंह, वीर भानु प्रताप सिंह, भाजपा नेता राजीव शुक्ला, दिनेश जायसवाल,राजकुमार सचदेवा, पार्षद हरिश्चंद्र अग्रहरि, पूर्व नगर अध्यक्ष गणेश गुप्ता सहित अन्य शोक संवेदना व्यक्त की।

### चोरों ने पार की खड़े ट्रैक्टर की बैटरी

**हैरिंगटनगंज, अयोध्या :** इनायतनगर थाने के हैरिंगटनगंज पुलिस चौकी क्षेत्र में दुकान रुद्र ट्रेडर्स पर खड़े ट्रैक्टर की बैटरी चोरों ने पार कर दी। दुकान के मालिक अमित तिवारी ने हैरिंगटनगंज चौकी प्रभारी को तहरीर सौंपी। चौकी प्रभारी आशीष कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का गहन मुआयना किया। दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरों की हरकतें साफ कैद हो गई हैं। चौकी प्रभारी आशीष कुमार सिंह ने बताया जल्द ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### जहरीले पदार्थ से बिगड़ी तबीयत

**बीकापुर, अयोध्या :** हैदरगंज थाना क्षेत्र के मऊ निवासी संतोष कुमार ( 36 ) ने शनिवार को किसी बात से खिन्न होकर कीटनाशक का सेवन कर लिया। हालत खराब होने पर परिजनों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### फुटकर के बहाने छीने 27 सौ, ग्रामीणों ने दबोचा

**गोसाईगंज, अमृत विचार :** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के सिरसंडा सरायरासी गांव के गुलाबचंद पुत्र शालिक के साथ फुटकर मांगने के बहाने रुपये छीनने का मामला सामने आया है। पीड़ित के अनुसार राममहर गणेश स्थान पर एक युवक ने उसे रोककर पांच सौ का फुटकर मांगा। इसी दौरान उसकी नजर उसके पास रखे 27 सौ रुपये पर पड़ गई। वह रुपये लेकर भागने लगा। पीड़ित के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और भाग रहे युवक को पकड़ लिया। ग्रामीणों ने उसके पास से रुपये वापस दिलाए। स्थानीय लोगों का कहना है कि युवक नशे की हालत में था। जानकारी हलका दरोगा विनोद कुमार को दी गई। बताया कि मेला ड्यूटी में हैं। मौके पर पहुंच कार्रवाई की जाएगी।

### परमात्मा किसी को सुख या दुख नहीं देता

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामचरित मानस के गूढ़ तत्वों पर आधारित सत्यधारा सत्यनाम सत्संग में नैमिषारण्य से पधारे सिरजनहार दयाल दास ने कहा कि परमात्मा किसी को सुख या दुख नहीं देता है। मनुष्य अपने सुख-दुख का निर्माता स्वयं है। वह प्राइमरी विद्यालय उसरू के पास आयोजित सत्संग में बोल रहे थे। तीसरे दिन के सत्संग में बताया कि मनुष्य से पूर्व में किए गए कर्मों का फल उसे अभी मिल रहा है। जो अभी वह कर्म कर रहा है उसका फल उसे आगे भविष्य में मिलेगा।सत्संग में जगदेव मौर्य, डॉ . भरतलाल यादव, हरीश मौर्य, रमाकान्त शुक्ल, मीरा शुक्ला, रीता देवी आदि मौजूद रहे।

### युवक लापता, हत्या की जताई आशंका

**अयोध्या, अमृत विचार :** रौनाही थाना क्षेत्र में 30 वर्षीय एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिवारीजनों ने उसकी पत्नी समेत चार लोगों पर हत्या कर शव नदी में फेंकने का आरोप लगाया है। खंडासा थाना क्षेत्र के अघियारी गांव निवासी मन्ना ( 30 ) की पत्नी मोनी पठान ने रौनाही थाने में तहरीर देकर बताया कि 12 मार्च की रात करीब 10 बजे मन्ना खाना खाने के बाद अपने परिचितों नाटे निवासी मंगलसी, असलान निवासी चिर्रा जगनपुर और सुल्तान निवासी शेख लोदी के साथ सुल्तान की गाड़ी से कहीं गए थे। इसके बाद वह घर नहीं लौटे। अगले दिन दोपहर तक कोई जानकारी न मिलने पर परिजनों ने तलाश शुरू की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका। इस दौरान मन्ना के ससुर ने तीनों युवकों से पूछताछ की। परिजनों का आरोप है कि पूछताछ के दौरान युवकों ने अभद्र व्यवहार किया और धमकी दी कि दोबारा पूछने पर उन्हें भी गायब कर दिया जाएगा। वहीं, मन्ना के पिता सलीम ने अपनी बहू मोनी पठान पर बेटे की हत्या करवाने का आरोप लगाया।

## वामदलों के नेताओं ने अपर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिले में एलपीजी और डीजल वितरण की समस्या को लेकर वामदलों के नेताओं ने जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि गैस एजेंसियों की मनमानी के चलते उपभोक्ताओं को समय से गैस सिलेंडर मिल पाना सम्भव नहीं हो पा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में उपभोक्ताओं के नाम का सिलेंडर अन्यत्र डिलीवरी की जा रही है। मोबाइल पर सिलेंडर आवंटन का संदेश प्राप्त होता और सब्सिडी खाते में भी आ जाता है किन्तु सिलेंडर उपभोक्ताओं को नहीं प्राप्त होता है। मांग की गई कि होम डिलीवरी कराई जाए, और पासबुक पर अंकन भी अवश्य कराया जाए। कृषि कार्य के लिये किसानों को कम से कम 20 लीटर डीजल देने की मांग भी की गई। प्रतिनिधि मंडल में भाकपा जिला सचिव अशोक कुमार तिवारी, भाकपा (माले) जिला प्रभारी अतीक अहमद, संयुक्त किसान मोर्चा संयोजक मया राम वर्मा, माकपा जिला कमेटी सदस्य विनोद सिंह व किसान नेता आशीष पटेल शामिल रहे।

## कनक किड्स व सरयू इंटरनेशनल के बच्चों ने दिखाई मेधा

- कई बच्चों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर रोशन किया विद्यालय का नाम

अयोध्या कार्यालय




वार्षिक परीक्षा परिणाम के साथ कनक किड्स इंटरनेशनल स्कूल और सरयू इंटरनेशनल स्कूल के बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार :** पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थित कनक किड्स इंटरनेशनल स्कूल और अयोध्या बाईपास पर स्थित सरयू इंटरनेशनल स्कूल परिसर में आज शनिवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने परिणाम प्राप्त किये।

कनक किड्स एवं सरयू इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन डॉ. संजय तिवारी एवं डायरेक्टर डॉ.मधु त्रिपाठी ने बताया कि छात्रों का परिणाम अत्यंत सराहनीय रहा। कई विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विशेष रूप से मेधावी छात्रों को विभिन्न वर्गों में मेडल, सर्टिफिकेट और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों की भी उपस्थिति रही, जिन्होंने बच्चों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। कनक किड्स की हेड मिस्ट्रेस प्रीति सिंह, वाइस प्रिंसिपल आकांक्षा पांडे एवं सरयू इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल सोनल शुक्ला व वाइस प्रिंसिपल प्रगति श्रीवास्तव और शिक्षकों ने छात्रों की मेहनत और अनुशासन की सराहना कर आगे भी इसी प्रकार परिश्रम करते रहने के लिए प्रेरित किया। सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।



टीआर पब्लिक स्कूल सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देती छात्राएं। अमृत विचार

### बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोह लिया मन

**पूराबाजार, अयोध्या :** ब्लॉक क्षेत्र के टीआर पब्लिक स्कूल ऐमी आलापुर रसूलाबाद में शुक्रवार को मेधा सम्मान तथा नए सत्र से सीबीएसई बोर्ड आधारित पाठ्यक्रम के लिए उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी उत्कृष्ट सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ.हरिओम पाण्डेय, पूर्व सांसद लल्लू सिंह, महाराजा इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राम कृष्ण मिश्र, देवा ग्रुपस ऑफ इंस्टीट्यूट के निदेशक सहदेव उपाध्याय, प्रसिद्ध इतिहासकार डॉ . हरि प्रसाद दुबे, तिलकधारी सिंह, सेवा निवृत्त कैप्टन रंजीत दूबे और भारतीय सेना के विजय दुबे ने विद्यालय के नए प्रांगण का भव्य उद्घाटन किया। विद्यालय के परीक्षा में टॉपर्स को पुरस्कृत भी किया। विद्यालय के संरक्षक तुलसीराम दुबे, प्रबंधक अजय दुबे, समाजसेवी संजय दुबे, विजय दुबे, प्रधानाचार्य डीएम त्रिपाठी ने पुष्प, अंगवस्त्र तथा स्मृति चिह्न के रूप में भव्य राम दरबार की भेंट कर स्वागत किया। संचालन सीसीए इंचार्ज विद्या भूषण पाण्डेय ने किया।

## हनुमान जयंती के अवसर पर मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण करेंगे बजरंगी

**अयोध्या कार्यालयः** राम मंदिर के परकोटे में दक्षिणी भुज पर स्थापित बजरंग बली के मंदिर में 2 अप्रैल को चैत्र पूर्णिमा के दिन भव्य उत्सव मनाए जाने के साथ शिखर पर भगवा ध्वज आरोहित किए जाएगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने मुख्य रूप से बजरंग दल के अखिल भारतीय पूर्व अध्यक्ष मध्य प्रदेश सरकार में दर्जा प्राप्त कैबिनेट मंत्री वित्त चेयरमैन जयभानु सिंह पवैया, बजरंग दल के पूर्व अध्यक्ष विनय कटियार सहित पूर्व संयोजक डॉ. सुरेंद्र जैन, प्रकाश शर्मा व अन्य पूर्व, वर्तमान बजरंग दल पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया है। ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय के अनुसार बजरंग दल के पूर्व पदाधिकारियों के साथ ही बजरंग दल के पुराने सभी कार्यकर्ताओं को निमंत्रित किया है। इसके अतिरिक्त अयोध्या के 50 से ऊपर संत महात्मा और 50 सम्मानित नागरिकों को भी आमंत्रित किया है।



एआरपी संगठन के चुनाव में नवनिर्वाचित पदाधिकारी। अमृत विचार

### दीपक जिलाध्यक्ष व मंजेश बने कोषाध्यक्ष

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान के प्रांगण में एआरपी संगठन के हुए चुनाव में दीपक पांडेय जिलाध्यक्ष, मंजेश मौर्य महामंत्री और हरीश कुमार कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए ।चुनाव अधिकारी इंद्रजीत सिंह, मंडल संयोजक और सहचुनाव अधिकारी शरद राय और पवन कुमार वर्मा रहे। जिले के कुल 49 एआरपी में 46 ने मताधिकार का प्रयोग किया। जिलाध्यक्ष पद के लिए दीपक पांडेय को 25 व दंगल सिंह को 20 वोट मिले जबकि एक वोट इनवैलिड घोषित हुआ ।दीपक पांडेय ने 5 वोट से दंगल सिंह को हराकर जिलाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। महामंत्री पद पर मंजेश मौर्य को 26 व दीपक वर्मा को 20 वोट मिले ।मंजेश मौर्य 6 वोट से दीपक वर्मा को हराकर महामंत्री चुने गए। कोषाध्यक्ष पद पर अन्य नामांकन न होने के कारण हरीश कुमार निर्विरोध निर्वाचित हुए।

**कवायद** | प्रार्थना सभा में विधार्थी पढ़ेंगे अखबार की सुर्खियां, कठिन शब्दों का अर्थ बताएंगे शिक्षक, मोबाइल पर होगा प्रतिबंध

# नए शिक्षा सत्र में अखबार से होगी पढ़ाई की शुरुआत

अयोध्या कार्यालय




शहर के एक प्रतिष्ठित स्कूल में अमृत विचार पढ़ते विद्यार्थी। (फाइल फोटो)

**अमृत विचार :** अगले सत्र से प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों की प्रार्थना सभा में छात्र-छात्राएं अखबारों की सुर्खियां पढ़ेंगे, कठिन शब्दों का अर्थ समझेंगे और भाषा पर पकड़ मजबूत करेंगे। इसके साथ ही विद्यालयों में मोबाइल लाने पर पूरी तरह रोक रहेगी।

माध्यमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों की पढ़ने की आदत विकसित करने और उनके स्क्रीन टाइम पर लगाम लगाने के लिए समाचार पढ़ने को अब शैक्षिक कैलेंडर का हिस्सा बना दिया गया है। इससे पहले दिसंबर में अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए समाचार पढ़ना अनिवार्य करने का आदेश जारी किया था। विद्यार्थी प्रार्थना सभा में प्रमुख समाचार पढ़ेंगे। शिक्षकों की निगरानी में वे समाचारों में आए कठिन शब्दों का सही उच्चारण करेंगे और उनका अर्थ भी समझाएंगे। माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह ने सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों और मंडलीय शिक्षा अधिकारियों को यह निर्देश दिया है कि विद्यालयों में छात्रों के मोबाइल लाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। परिषद का मानना है कि किशोरावस्था में मोबाइल का अत्यधिक उपयोग बच्चों के शारीरिक, मानसिक और नैतिक विकास पर प्रतिकूल असर डालता है। उनकी आंखों की रोशनी कमजोर होती है, पढ़ाई में ध्यान की कमी और आत्मानुशासन में गिरावट जैसी समस्याओं को देखते हुए यह कदम उठाया गया है।

> माध्यमिक शिक्षा परिषद के द्वारा नए शैक्षिक सत्र को लेकर दी गई गाइडलाइन सभी स्कूल-कॉलेजों को भेज दी गई है। सभी को अनिवार्य रूप से पालन के निर्देश दिए गए हैं।
>
> -डॉ . पवन कुमार तिवारी, जिला विद्यालय निरीक्षक

## ओमप्रकाश ओमी बने प्रदेश महासचिव

**अयोध्या, अमृत विचारः** विश्व सिंधी सेवा संगम मुंबई ने उत्तर प्रदेश में प्रांतीय कमेटी का गठन कर भक्त प्रहलाद सेवा समिति के महासचिव ओमप्रकाश ओमी को संगम का प्रदेश महासचिव मनोनीत किया है। मुंबई से संगम के अंतरराष्ट्रीय चेयरमैन डॉ. राजू मनवानी व फाउंडर चेयरमैन गोपाल सजनानी ने ओमी को पत्र भेजकर इसकी जानकारी दी। ओमी ने कहा कि नयी जिम्मेदारी प्रदेश के सामाजिक लोगों को जोडकर निभाऊंगा। ओमी के प्रदेश महासचिव मनोनीत होने पर साईं नितिन राम, महंत गणेश दास,साईं भावन दास,साईं महेंद्र लाल, भक्त प्रहलाद सेवा समिति के अध्यक्ष कन्हैया लाल सागर, सिंधी सेंट्रल पंचायत के मुखिया ओमप्रकाश अंदानी व पवन जीवानी आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।



ओमप्रकाश ओमी।

## न्यूज ब्रीफ

### दो दिवसीय यज्ञोपवीत संस्कार आज से

**अयोध्या, अमृत विचार :** अखिल भारतीय चाणक्य परिषद एवं श्री श्री परशुराम सेवा ट्रस्ट के संयोजन में दो दिवसीय निशुल्क यज्ञोपवीत संस्कार 29 मार्च से शुरू होगा। आयोजन सूर्यकुंड मंदिर परिसर दर्शननगर में आयोजित होगा। संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक एवं अध्यक्ष पंडित कृपा निधान तिवारी के नेतृत्व में पहले दिन 29 मार्च को पंचांग पूजन व 16 साल से अधिक ब्राह्मण बटुकों का प्रायश्चित कार्यक्रम व 30 मार्च को सुबह 8 बजे से सभी का सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार होगा।

### गायत्री परिवार का दो दिवसीय कार्यक्रम शुरू

**गोसाईगंज, अमृत विचार :** अखिल भारतीय विश्व गायत्री परिवार शाखा-गोसाईगंज से नगर में दो दिवसीय कार्यक्रम का शुरू हो गया। श्रीराधा कृष्ण मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शाम सात बजे दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। 29 मार्च की सुबह आठ बजे से दोपहर 12 बजे तक पंचकुंडी गायत्री यज्ञ संपन्न कराया जाएगा। कार्यक्रम आयोजक कृष्ण कुमार गुप्ता, जगदंबा सोनी, डॉ. घनश्याम सोनी, सुनील कुमार चौरसिया ने बताया आयोजन समाज में आध्यात्मिक जागरूकता, नैतिक मूल्यों और भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से किया जा रहा है।

### 128 मरीजों का इलाज


**बारुन, अयोध्या :** विकासखंड मिल्कीपुर के खिहारन स्थित मदरसा दारुल उलूम रजा ए मुस्तफा में शनिवार को श्रम कल्याण संगठन लखनऊ द्वारा मेडिकल कैंप लगाकर गांव के 128 बीड़ी श्रमिकों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उन्हें दवाएं वितरित की गईं। डॉ. अर्जुन ने इन सभी मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक दवाएं दीं।

# 8 हजार की स्क्रीन खराब 1500 की चार्जिंग बंद

## दो वर्ष पहले हुई थी शिक्षकों के लिए 15 हजार टैबलेट की खरीद

- बीआरसी से बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कराए जाएंगे जमा

अयोध्या कार्यालय



**अमृत विचार :** ऑनलाइन हाजिरी और विभागीय कार्यों के लिए जिले के परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों को दिए गए टैबलेट दो साल में ही दगा दे गए हैं। यह टैबलेट शासन की ओर से आपूर्ति किए गए थे, लेकिन कुल 15 हजार में से आठ हजार का स्क्रीन खराब हो गया है। लगभग 1500 की चार्जिंग ही नहीं हो रही है। इसे लेकर शिक्षकों ने अब टैबलेट सरेंडर करने शुरु कर दिए हैं।

परिषदीय स्कूलों में डिजिटल कार्य के लिए वितरित किए गए टैबलेट शिक्षकों के लिए परेशानी का कारण बनते जा रहे हैं। कई टैबलेट या तो सही तरीके से काम नहीं कर रहे हैं या फिर खराब हो गए हैं। खराब टैबलेट को जमा कराने के लिए इन दिनों बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर बड़ी संख्या में शिक्षक पहुंच रहे हैं। यहां उन्हें जमा करने के बाद शिक्षकों को रिसीविंग नहीं दी जा रही है।

यह टेबलेट शिक्षकों को प्रेरणा एप में फीडिंग, यू डाइस पोर्टल पर कार्य करने, निपुण एप, छात्रों की डिजिटल उपस्थिति दर्ज करने जैसे कार्यों के लिए दिए गए थे। दो वर्ष पहले इनकी आपूर्ति की गई थी। एक साल तक तो ऑनलाइन हाजिरी के विरुद्ध आंदोलन के चलते टैबलेट का संचालन बाधित हो गया था, उसके बाद जब शुरू हुए तो अब गड़बड़ी होने लगी है। बताया जा रहा है इसके पीछे रखरखाव की भी दिक्कत सामने आई है। शिक्षक स्कूल में ही टैबलेट रख आते थे जिससे उनकी क्षमता प्रभावित होने लगी। बेसिक शिक्षा अधिकारी लालचंद बताया कि अधिकांश टैबलेट में तकनीकि खराबी बताई जा रही है। विभाग की तरफ से शिविर लगाकर इन्हें जमा कराया जा रहा है। जो सही होने की स्थिति में है उन्हें ठीक कराया जा रहा है। जो पूरी तरह खराब हैं उन्हें बदलवा कर शिक्षकों को दिया जाएगा।



दौड़ को हरी झंडी दिखातीं ज्वाइंट मजिस्ट्रेट साथ में पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

## नारी शक्ति ने दिया सुरक्षा व स्वावलंबन का संदेश

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति कार्यक्रम फेज 5 .0 के द्वितीय चरण के तहत जनपद में शनिवार को रन फॉर एम्पावरमेंट कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रिजर्व पुलिस लाइन से किया गया। जहां पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर के निर्देशन में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रतीक्षा सिंह ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी हरेंद्र कुमार, प्रतिसार निरीक्षक संतोष कुमार, प्रभारी मीडिया सेल अतुल कुमार श्रीवास्तव, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अकबरपुर श्रीनिवास पाण्डेय, टीएसआई जयबहादुर यादव सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। पुलिस द्वारा आयोजित इस जागरूकता दौड़ में जनपद की प्रेरणादायी महिलाओं, संभ्रांत नागरिकों और स्कूली छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## निबंध लेखन स्पर्धा में बच्चों ने किया प्रतिभाग




सेवा योजन शिविर में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे।

**अयोध्या, अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय अयोध्या के आवासीय परिसर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम के विशेष शिविर के पांचवें दिन एनएसएस द्वारा प्राथमिक विद्यालय डाभासेमर में कक्षा छह से आठ तक के विद्यार्थियों में निबंध लेखन एवं कक्षा दो से पांच के विद्यार्थियों के मध्य चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान आने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। बौद्धिक सत्र में जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग में सहायक आचार्य क्षितिज द्विवेदी ने बताया कि डिजिटल मीडिया के इस युग में युवा पीढ़ी को किन-किन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार सिंह ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ विषय पर स्वयंसेवकों को संबोधित किया। संचालन डॉ. प्रभात कुमार सिंह ने किया।

# विदेश भेजने के नाम पर 8 लाख 15 हजार ठगे

**जलालपुर, अंबेडकरनगर:** जनपद में फर्जी वीजा और टिकट के जरिए सगे भाइयों समेत पांच लोगों से 8 लाख 15 हजार रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। साइबर थाना और जैतपुर पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दें कि सम्मनपुर थाना क्षेत्र के मछलीगांव निवासी अच्छेलाल को विदेश भेजने का झांसा देकर पंजाब के अमृतसर निवासी अमनदीप सिंह ने उनसे पांच लाख 64 हजार रुपए ठग लिए। पीडित के मुताबिक यह रकम दिसंबर 2025 से 25 फरवरी 2026 तक गूगल-पे के जरिए अलग-अलग किस्तों में ली गई है। आरोपी अमनदीप ने अच्छेलाल को 27 फरवरी की यात्रा के लिए वीजा और टिकट उपलब्ध कराए थे। जब अच्छेलाल मुंबई एयरपोर्ट पहुंचे और जांच के दौरान अपने दस्तावेज दिखाए, तो वहां उन्हें बताया गया कि वीजा और टिकट दोनों फर्जी हैं। पीडित ने जब इस संबंध में आरोपी से संपर्क किया, तो उसने होटल वाउचर के नाम पर डेढ़ लाख रुपए और भेजने को कहा। आरोपी ने दावा किया कि यह रकम भेजने के बाद टिकट और वीजा सही हो जाएंगे। इसी दौरान अच्छेलाल को अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ। अच्छेलाल ने आरोपी से अपनी दी गई रकम वापस मांगी, लेकिन उसने पैसे लौटाने से इनकार कर दिया। इसके बाद पीडित ने साइबर थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया।

## 50 हजार के इनामी को किया गिरफ्तार

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर के निर्देशन में जनपद में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण और अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के तहत थाना कोतवाली अकबरपुर पुलिस टीम एवं स्वाट टीम को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 50 हजार रुपए के इनामी अभियुक्त आदित्य कुमार को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त आदित्य कुमार पुत्र फागूलाल निवासी लॉ कॉलेज के पीछे गौसपुर सोसाइटी का पूरा थाना कोतवाली अकबरपुर का रहने वाला है। वह कोतवाली अकबरपुर में पंजीकृत मुकदमें में वांछित चल रहा था। पुलिस द्वारा उस पर 50 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में श्रीनिवास पाण्डेय, नेहा सिद्धार्थ, संजय कुमार पाण्डेय, विनोद यादव रहे।

# 24 शिकायतों में तीन का निस्तारण

मिल्कीपुर, अयोध्या

**अमृत विचार:** कोतवाली इनायतनगर सर्किल के तीनों थानों में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में कुल 24 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से तीन मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष प्रकरणों के समाधान के लिए राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमों को जांच के निर्देश दिए गए हैं। कोतवाली इनायतनगर में आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता नायब तहसीलदार आनंद प्रकाश राय और थाना प्रभारी रतन कुमार शर्मा ने की। यहां कुल 15 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से दो का तत्काल निस्तारण किया गया। थाना कुमारगंज में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित हुआ, जहां कुल छह शिकायतें आईं। इनमें से एक शिकायत का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि बाकी मामलों को जांच के लिए अग्रसारित किया गया। थाना खंडासा में थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार सोनकर की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में तीन शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें किसी का भी मौके पर निस्तारण नहीं हो सका।

समाधान अधिकारी आनंद प्रकाश राय ने सभी लंबित शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर जोर देते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर पारदर्शिता के साथ जांच करें और समयबद्ध तरीके से समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें।

## अफसरों के न रहने से सूना रहा समाधान दिवस

**बीकापुर, अयोध्या :** कोतवाली परिसर में शनिवार को समाधान दिवस में 10 शिकायतें आई, जिसमें 3 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। सुबह अधिकारियों के न रहने से समाधान दिवस सूना रहा। इस दौरान एसएसआई विजय प्रताप तिवारी तिवारी, राजस्व निरीक्षक और लेखपाल मौजूद रहे। विवाहिता का दहेज के लिए उत्पीड़न के एक मामले में प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र बहादुर सिंह ने प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया। भूमि विवाद से संबंधित दो अन्य मामलों में तहसील द्वारा पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीम गठित करके निस्तारण करने का निर्देश दिया गया।

# डीएम ने बुनकर विपणन केंद्र व हथकरघा केंद्र का लिया जायजा

**आजमगढ़, अमृत विचार:** डीएम रविन्द्र कुमार ने कस्बा मुबारकपुर के मुहल्ला कटरा स्थित हथकरघा व पावरलूम का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने हथकरघा व पावरलूम पर बनने वाली साड़ियों की गुणवत्ता के बारे में जानकारी लिया। उन्होंने मजदूरों से उनकी मजदूरी के बारे में भी जानकारियां ली।

इस दौरान उन्होंने कहा कि रेशमी नगरी मुबारकपुर में बनने वाली साड़ियॉ बनारसी साड़ियों के नाम से जाना जाता है, जिसे मुबारकपुर वासियों ने आज भी जिंदा रखा है। जिलाधिकारी साड़ी व्यवसाईयों से बातचीत करते हुए रेशमी नगरी में बनी साड़ियों के कीमत, आयात व निर्यात के बारे में भी जानकारी लिया। इसके पश्चात जिलाधिकारी द्वारा मुबारकपुर थाने के बगल में बने बुनकर विपणन केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर सभी 133 दुकाने बंद मिली, जिसको लेकर के जिलाधिकारी ने काफी नाराजगी व्यक्त। उन्होने कहा कि जिस उद्देश्य के लिए यह विपणन केंद्र बना हुआ है, उसका सदुपयोग नहीं हो रहा है, जिसके लिए टीम गठित करते हुए प्रमुख सचिव हथकरघा विभाग को पत्र लिखकर इसकी जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी और पात्र व्यक्तियों को विपणन केंद्र में बनी दुकानें आवंटित कराई जाएंगी।

# महिला सशक्तिकरण में जनपद अव्वल, सीएम डैशबोर्ड में प्रदेश में प्रथम स्थान

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में एनआरएलएम की समीक्षा की गई। जिसमें सभी खंड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी आरडी और सहायक विकास अधिकारी पंचायत और प्रत्येक विकास खंड से समूह गठन में सबसे खराब 20 ग्राम पंचायत के पंचायत सचिव तथा ब्लॉक मिशन प्रबंधक और कंवर्जन विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

जनपद में पात्र गृहस्थी परिवारों और अंत्योदय कार्ड धारक के कुल 2.31 लाख लाभार्थियों को 31 मार्च 2027 तक समूह से जोडऩे के लक्ष्य के सापेक्ष अभी 27 हजार लोगों को जोड़ा गया है, जिसमें से पोर्टल पर फीडिंग 9 हजार 950 की जा चुकी है। इस अवसर पर विकास खंड भियांव में फीडिंग की प्रगति खराब होने पर एडीओ आरडी भियांव का वेतन रोकने तथा ब्लॉक मिशन मैनेजर भियांव को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी पंचायत सचिव एनआरएलएम के कैडर और कोटेदार के सहयोग से शत-प्रतिशत लाभार्थियों की समूह में जोड़े और फीडिंग में पंचायत सहायक का भी सहयोग ले। बैठक में बताया गया कि 1100 से अधिक समूह के खाते खुलने के लिए विभिन्न बैंकों में पत्रावली जमा है, जिसके कारण भी फीडिंग का प्रतिशत कम है। उक्त के अतिरिक्त लखपति दीदी की फीडिंग में 96 प्रतिशत की फीडिंग के साथ जनपद टॉप 10 में है और सीएम डैश बोर्ड में जनपद लगातार विगत दो माह से प्रदेश में प्रथम रैंक पर है। अवगत कराना है कि जनपद में शासन के मंशानुसार अब तक कुल 13 हजार 511 समूहों का गठन किया, जिससे 1 लाख 50 हजार 465 महिलाएं जुड़ी हुई हैं।




कलेक्ट्रेट सभागार में एनआरएलएम की समीक्षा करते डीएम अनुपम शुक्ला।

- डीएम ने समूह से जोड़ने के अभियान में तेजी लाने के दिए निर्देश, भियांव ब्लॉक में खराब प्रगति पर कार्रवाई

## आईजीआरएस की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण करें निस्तारण: डीएम

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर :** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने कलेक्ट्रेट सभागार में आईजीआरएस पोर्टल पर विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की विस्तृत समीक्षा किया। बैठक में शासन से प्राप्त असंतुष्ट फीडबैक के कारणों का गहन विश्लेषण करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों से शिकायतवार जानकारी ली गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, तथ्यपरक और गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए, जिससे शिकायतकर्ता को वास्तविक राहत प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि केवल औपचारिक निस्तारण स्वीकार्य नहीं होगा, बल्कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि सुनिश्चित करना अनिवार्य है। असंतुष्ट फीडबैक की पुनरावृत्ति पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उसके मूल कारणों का समाधान किया जाए, ताकि भविष्य में उसी प्रकार की शिकायतों की पुनरावृत्ति न हो। बैठक में एडीएम न्यायिक रंजीत सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उपजिलाधिकारी अकबरपुर प्रतीक्षा सिंह, डीडीओ, उप निदेशक कृषि अश्विनी कुमार सिंह, एसीएमओ, जिला पूर्ति अधिकारी, सीवीओ, बीएसए, अधीक्षण अभियंता विद्युत, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार वर्मा सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मौसम बदलने से बढ़ी किसानों की चिंता

सम्मनपुर, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** जनपद में शुक्रवार को मौसम ने अचानक करवट ली। सुबह की तेज धूप के बाद दोपहर में तेज हवाओं के साथ आसमान में घने बादल छा गए और हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई। इस बदलाव से जहां आम लोगों को गर्मी से राहत मिली, वहीं किसानों की चिंता बढ़ गई है।

जनपद में इस समय गेहूं की फसल पूरी तरह पककर कटाई के लिए तैयार है, जबकि कई स्थानों पर सरसों की फसल भी खेतों में खड़ी है या कटकर रखी गई है। ऐसे में अचानक हुई बारिश से खड़ी और कटी दोनों फसलों को नुकसान की आशंका बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि यदि बेमौसम बारिश तेज होती है, तो उनकी मेहनत पर पानी फिर सकता है। इसी वजह से खेतों में कटाई कार्य में तेजी आ गई है और किसान जल्द से जल्द फसल को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने में जुट गए हैं। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों तक मौसम का मिजाज इसी तरह बदलता रह सकता है। विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि वह कटाई और भंडारण को प्राथमिकता दें, ताकि नुकसान को कम किया जा सके। स्थानीय बाजारों में भी इसका असर देखने को मिला, जहां ट्रैक्टर और थ्रेसर की मांग अचानक बढ़ गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि बारिश का दौर जारी रहा, तो गेहूं और सरसों की फसल को व्यापक नुकसान हो सकता है।



गेहूं की फसल हो रही है प्रभावित। ● अमृत विचार

- गेहूं और सरसों की फसल पर मंडराया संकट

# फर्जी पुलिस अधिकारी बन युवती से ठगी, मुकदमा दर्ज

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार:** जलालपुर कोतवाली क्षेत्र में फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर फोन पर गाली-गलौज और धमकी देकर रुपए वसूलने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पुलिस को लिखित शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। मामला कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चुरैला मौजा अरई का है।

बता दें कि गांव निवासी शालिनी शर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 28 मार्च को उनके घर के मोबाइल नंबर पर फोन आया। फोन करने वाले व्यक्ति ने अपना नाम सर्वेश सिंह बताते हुए खुद को लखनऊ में तैनात पुलिस अधिकारी बताया। पीड़िता के अनुसार फोन करने वाला व्यक्ति बात-बात पर गाली-गलौज करने लगा। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद वह भडक़ गया और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए उनसे 600 ऑनलाइन भेजने की मांग करने लगा। डर और दबाव के कारण पीड़िता को मजबूर होकर ऑनलाइन भुगतान करना पड़ा। पीड़िता ने मामले में कार्रवाई की मांग करते हुए जलालपुर कोतवाली में लिखित शिकायत दी है। इस संबंध में जलालपुर कोतवाल अजय प्रताप यादव ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है और मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# निर्बाध विद्युत उत्पादन करेगा एनटीपीसी टांडा

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार:** एनटीपीसी टांडा परियोजना के सप्तरंग क्लब में परियोजना प्रमुख जयदेव परिदा ने प्रेसवर्ता किया। इस दौरान मीडिया प्रतिनिधियों ने एनटीपीसी.टाण्डा में विद्युत उत्पादन तथा पर्यावरण से सम्बन्धित विषयों पर सवाल-जवाब किए। इस अवसर पर महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण अजय सिंह यादव, महाप्रबंधक प्रचालन हर्ष कुमार सेठी, महाप्रबंधक सतर्कता एस सी सिंह, अपर महाप्रबंधक अनुरक्षण प्रमोद कुमार गोयल, अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन रजनीश कुमार खेतान समेत अन्य विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में ऋषभ जायसवाल उपमहाप्रबंधक योजना एवं प्रणाली द्वारा एनटीपीसी टांडा परियोजना पर आधारित एक परिचयात्मक प्रस्तुति की गई। इसके पश्चात नैगमिक सामाजिक दायित्व गतिविधियों पर आधारित एक लघु फिल्म की भी प्रस्तुति की गई। परियोजना प्रमुख परिदा ने कहा की एनटीपीसी टांडा को सदैव आप सभी का सकारात्मक एवं रचनात्मक सहयोग मिलता रहा है। उन्होने मीडिया प्रतिनिधियों की मुक्तकंठ से सराहना की, जिन्होनें टांडा परियोजना की रचनात्मक एवं कल्याणकारी गतिविधियों को प्रचार माध्यमों से सदैव जनसामान्य तक पहुंचाने में प्राथमिकता दी है।




कार्यक्रम को संबोधित करते परियोजना प्रमुख जयदेव परिदा। ● अमृत विचार

**बार चुनाव** | जिलाधिकारी ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति की किया समीक्षा, लापरवाही पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

# शत-प्रतिशत पात्र लाभार्थियों को योजना से करें आच्छादित : डीएम

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार शैवाल की उपस्थिति में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आहूत कर स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की योजनावार गहन समीक्षा किया। बैठक के दौरान उन्होंने जननी सुरक्षा योजना, आयुष्मान योजना, आशा भुगतान के साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण स्वास्थ्य कार्यक्रमों जैसे राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, पोषण अभियान, टीबी उन्मूलन कार्यक्रम, परिवार नियोजन सेवाएं तथा संचारी रोग नियंत्रण अभियान की भी विस्तार से समीक्षा किया।

जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना के लाभार्थियों को समय से भुगतान न करने और कार्य में शिथिलता बरतने पर मेडिकल कॉलेज सदरपुर के पटल सहायकों योगेश जायसवाल और अंगद प्रजापति का वेतन रोकने के निर्देश दिए तथा उप प्राचार्य को चेतावनी देते हुए दो दिवस में सुधार सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही ब्लॉक लेखा प्रबंधक भीटी, बसखारी, रामनगर, जलालपुर और टांडा से स्पष्टीकरण मांगते हुए उनका वेतन बाधित करने तथा ब्लॉक लेखा प्रबंधक भीटी के विरुद्ध सेवा से पृथक्करण के लिए नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बीसीपीएम टांडा का वेतन बाधित करने और मूल पत्रावली प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर टीकाकरण में प्रगति खराब पाए जाने पर बीपीएम जलालपुर तथा एआरओ बसखारी और जहांगीरगंज का वेतन रोकने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी एमओआईसी को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने आयुष्मान कार्ड की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जनपद के शत-प्रतिशत पात्र लाभार्थियों को योजना से आच्छादित किया जाए।



जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक को संबोधित करते डीएम व साथ में मौजूद अन्य।

## डीएम व एसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर :** डीएम अनुपम शुक्ला और एसपी अभिजित आर शंकर ने थाना अकबरपुर में थाना दिवस पर आए जन सामान्य की समस्याओं को सुनकर उसके निस्तारण का सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए। डीएम ने थाना कार्यालय में आवेदित ऑनलाइन शिकायतों के निस्तारण के लिए सम्बन्धित से जानकारी प्राप्त कर ससमय निस्तारण के दिशा निर्देश दिए। डीएम ने समाधान दिवस में भूमिधरी विवाद से सम्बन्धित शिकायती प्रार्थना पत्रों का राजस्व और पुलिस अधिकारियों को संयुक्त रूप से मौका मुवायना कर गुणवत्तापूर्ण निराकरण कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। एसपी ने थाना समाधान दिवस पर प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों को अविलम्ब सम्बन्धित रजिस्टर पर अंकित कर कृत कार्यवाही के लिए सम्बन्धित थानाध्यक्ष को निर्देशित किया।

# 4.94 करोड़ से संवरेंगी पांच ग्रामीण सड़कें

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार:** जनपद में ग्रामीण क्षेत्रों के पांच मार्गों के नवनिर्माण को स्वीकृति मिल गई है। इन सडक़ों को संवारने पर कुल 494.09 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। इन मार्गों की कुल लंबाई लगभग सात किलोमीटर है, जिससे हजारों ग्रामीणों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड के अनुसार इन ग्रामीण मार्गों के नवनिर्माण कार्य की आधिकारिक स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। वित्तीय वर्ष के समापन को देखते हुए विभाग बजट का सदुपयोग करने और निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने की तैयारी में तेजी से जुटा हुआ है। इन सडक़ों के नवनिर्माण का प्रस्ताव स्थानीय एमएलसी हरिओम पांडेय ने दिया था। एमएलसी ने बताया कि सरकार ग्रामीण अंचलों की सडक़ों को बेहतर बनाने पर ध्यान दे रही है। जिन पांच सडक़ों को स्वीकृति मिली है, उनमें राजस्व ग्राम अमरौला का डड़वा संपर्क मार्ग 126.16 लाख रुपए, राजस्व ग्राम पलई कल्यानपुर का डड़वा दयालीपुर संपर्क मार्ग 96.27 लाख रुपए, राजस्व ग्राम भरहपुर का हरिजन बस्ती संपर्क मार्ग 113.45 लाख रुपए, राजस्व ग्राम जैनापुर का गोडियाना संपर्क मार्ग 82.71 लाख व राजस्व ग्राम कटुई का पहाडपुर संपर्क मार्ग 76.50 लाख शामिल हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### सर्जरी से जच्चा-बच्चा की बची जान
सुलतानपुर, अमृत विचार : सीता मेमोरियल हॉस्पिटल की स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. मीनाक्षी तिवारी ने जटिल हाई-रिस्क सर्जरी कर गर्भवती हिना और नवजात शिशु की जान बचाकर मिसाल पेश की। गंभीर स्थिति में कई डॉक्टरों के मना करने के बाद परिजन यहां पहुंचे, जहां डेढ़ घंटे चले ऑपरेशन के बाद सुरक्षित प्रसव कराया गया। जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। इस सफलता पर परिजनों ने डॉक्टर व टीम का आभार जताया, वहीं चिकित्सा जगत में सराहना हो रही है।

### कल्पवृक्ष धाम में महाआरती आज
सुलतानपुर, अमृत विचार : कामदा एकादशी के पावन अवसर पर रविवार को सायं साढ़े छह बजे कुशभवनपुर स्थित श्री कल्पवृक्ष धाम में भगवान श्री ठाकुर कल्पवृक्ष (पारिजात वृक्ष) की भव्य महाआरती का आयोजन किया जाएगा। यह महाआरती प्रत्येक एकादशी को नियमित रूप से होती है। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

### राजस्व न्यायालयों का बहिष्कार जारी
कादीपुर, सुलतानपुर अमृत विचार : तहसीलदार कोर्ट की पत्रावलियां लंबे समय से गायब होने के विरोध में राजस्व न्यायालयों का बहिष्कार चौथे दिन भी जारी रहा। सचिव मंगला प्रसाद तिवारी ने बताया कि बार-बार शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। वादकारियों की परेशानी बढ़ने पर समाधान तक बहिष्कार जारी रहेगा।

### अवधी को गूगल की भाषा बनाने पर व्याख्यान देंगे ज्ञानेन्द्र
सुलतानपुर, अमृत विचार : राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह 'रवि' 30 मार्च को लखनऊ में अवधी भाषा को गूगल की भाषा बनाने विषय पर व्याख्यान देंगे। यह कार्यक्रम भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय व ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला के तहत अर्जुनगंज स्थित सभागार में होगा, जहां वे अवधी के तकनीकी विकास पर अपने विचार रखेंगे।

### छत से गिरा युवक
दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : बम्भरौली गांव निवासी लाल बहादुर रात में सोने के लिए छत पर गए थे। आधी रात हल्की बारिश होने पर नीचे उतरते समय अंधेरे में उनका पैर फिसला और वह छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

# पत्नी को कुल्हाड़ी मार खुद का गला रेता
## सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल दंपति को भेजा अस्पताल, वारदात से इलाके में हड़कंप

दोस्तपुर, सुलतानपुर


अस्पताल में भर्ती कुल्हाड़ी के हमले से घायल पूजा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार**ः स्थानीय क्षेत्र के संसारपुर गांव में शुक्रवार रात एक वारदात से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार चंद्रभान निषाद (30) ने अपनी पत्नी पूजा (27) पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया और उसके बाद खुद अपने गले पर वार कर आत्महत्या का प्रयास किया।

घटना के समय घर का शटर अंदर से बंद था, जिससे किसी को भनक तक नहीं लगी। शनिवार सुबह करीब चार बजे जब घर से चीख-पुकार की आवाजें आईं, तो पड़ोसी मौके पर पहुंचे, लेकिन दरवाजा बंद होने के कारण पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने गैस कटर से शटर काटकर अंदर प्रवेश किया तो दोनों पति-पत्नी खून से लथपथ हालत में जमीन पर पड़े मिले। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोस्तपुर पहुंचाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल अंबेडकरनगर रेफर कर दिया गया। घटना के दौरान दहशत में दंपति के दोनों मासूम बच्चे तख्त के नीचे छिपकर अपनी जान बचाते रहे। जानकारी में सामने आया है कि आरोपी पति को पत्नी के चरित्र पर शक था और वह नशे का आदी भी था। पूजा पिछले कुछ समय से अपने मायके कादीपुर क्षेत्र के बेरा मारूफपुर गांव में रह रही थी, जिसे पांच दिन पहले ही चंद्रभान घर लाया था। घटना की सूचना मिलते ही फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाने में लग गई। कादीपुर सीओ विनय कुमार गौतम ने बताया कि महिला के मायके पक्ष को सूचना दे दी गई है और पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। वही इस घटना के बाद गांव में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

# डिवाइडर से भिड़ी बुलेट, एक की मौत
● दो घायल, गोरखपुर से उन्नाव जा रहे थे बुलेट सवार तीनों युवक

दोस्तपुर, सुलतानपुर


घटना स्थल पर मौजूद दोस्तपुर पुलिस। ● अमृत विचार

**अमृत विचार**ः स्थानीय थाना क्षेत्र से होकर गुजरी पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर शनिवार सुबह सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार बुलेट बाइक मेटल क्रैश बैरियर से टकरा गई। हादसे में बुलेट चालक आमिर खान (32) निवासी रामपुर मोतीराम, जनपद गोरखपुर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके साथ सवार सागर गुप्ता (16) और अर्पित मिश्रा (22) घायल हो गए। जानकारी के अनुसार तीनों युवक गोरखपुर से उन्नाव जा रहे थे। एक्सप्रेस वे के माइल स्टोन 165 सहंगिया के पास चालक आमिर को अचानक नींद आ गई, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर मेटल क्रैश बैरियर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि आमिर ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही यूपीडा के उप सहायक अधिकारी राजेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोस्तपुर भिजवाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी अनिरुद्ध कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों को सूचना दे दी गई है। मृतक ठेकेदारी का काम करता था, जबकि उसके साथी मिस्त्री हैं।


हादसे में घायल युवक

# फर्जी प्रमाण पत्र मामले में कुर्की की अर्जी दाखिल
● अदालत ने इस अर्जी पर सुनवाई के लिए 17 अप्रैल की तिथि निर्धारित की

संवाददाता, सुलतानपुर



**अमृत विचार**ः फर्जी प्रमाण पत्र जारी करने समेत अन्य आरोपों से जुड़े मामले में एसीजेएम भाव्या श्रीवास्तव की अदालत में परिवादी पक्ष के अधिवक्ता अजीजुर्रहमान ने शनिवार को आरोपियों लल्लू प्रसाद सोनी, लालजी सोनी, पुजारी लाल सोनी व संगम लाल के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई किए जाने की अर्जी दाखिल की है। अधिवक्ता ने बताया कि आरोपियो के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट व कुर्की नोटिस भी पूर्व से जारी है तथा जानबूझकर कर आरोपित कोर्ट मे हाजिर नही हो रहे । अदालत ने इस अर्जी पर सुनवाई के लिए 17 अप्रैल की तिथि निर्धारित की है। गौरतलब है कि कोतवाली अमेठी क्षेत्र के कस्बा निवासी परिवादी घनश्याम सोनी ने तत्कालीन नपं अध्यक्ष चंद्रमा देवी, लल्लू प्रसाद सोनी, लालजी सोनी, पुजारी लाल सोनी व संगम लाल सोनी के खिलाफ फर्जी प्रमाण पत्र तैयार करने समेत अन्य आरोप लगाए हैं। जिसमें सभी आरोपित तलब किए जा चुके है। मामले में चारो आरोपियो की डिस्चार्ज अर्जी खारिज हो चुकी है।

### बयान दर्ज कराने हाजिर नहीं हुए पूर्व मंत्री
एमपी-एमएलए की स्पेशल सेशन कोर्ट में पूर्व मंत्री जंग बहादुर सिंह व अन्य के खिलाफ चल रहे हत्या के मुकदमे में शनिवार को सुनवाई हुई लेकिन आरोपी बयान दर्ज कराने हाजिर नही हुए।

विशेष लोक अभियोजक कालिका मिश्र ने बताया मामले में स्पेशल जज एमपी-एमएलए न्यायाधीश राकेश की अदालत में अभियोजन साक्ष्य की कार्रवाई समाप्त हो गई है। अब अगली नियत तारीख 4 अप्रैल पर आरोपियों के बयान दर्ज होंगे। अमेठी जिले के जगदीशपुर के पूरे मतऊ गौरा निवासी शिवकुमार यादव ने सात अप्रैल 2001 की घटना बताते हुए अपने भाई राजकुमार यादव की साजिशन हत्या के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले मे पूर्व मंत्री जंग बहादुर, रामविलास, अशोक कुमार व विजय बहादुर आरोपी है।

### राहुल गांधी मानहानि मामलाः वायस सैंपल पर सुनवाई अब 6 को
संवाददाता, सुलतानपुर : कांग्रेस सांसद व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से जुड़े बहुचर्चित मानहानि के वाद में शनिवार को अदालत में परिवादी विजय मिश्र हाजिर अदालत रहे। परिवादी के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया व्हाइस सैंपल पर सुनवाई के लिए विशेष कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत ने सुनवाई के लिए 6 अप्रैल की तारीख निर्धारित की है। परिवादी पक्ष द्वारा प्रस्तुत सीडी में उपलब्ध ऑडियो-वीडियो की सत्यता की जांच हेतु राहुल गांधी का वॉयस सैंपल लेने की मांग की गई थी, जिस पर बचाव पक्ष ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने इसे कानूनी रूप से अनुचित बताते हुए विरोध किया, जबकि परिवादी पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने वैज्ञानिक परीक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया है। गौरतलब है कि यह मामला वर्ष 2018 में बेंगलुरु में आयोजित एक जनसभा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कथित टिप्पणी से जुड़ा है। इस संबंध में भाजपा नेता विजय मिश्र द्वारा 4 अगस्त 2018 को सुलतानपुर की अदालत में मानहानि वाद दायर किया गया था। मामले में पहले ही राहुल गांधी अदालत में पेश होकर जमानत ले चुके हैं तथा उनका बयान भी दर्ज किया जा चुका है। अब वॉयस सैंपल को लेकर कानूनी बहस 6 अप्रैल को होगी।

### पूर्व विधायक संतोष पांडेय के मामलों में बहस अब 8 अप्रैल को
संवाददाता, सुलतानपुर : एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में शनिवार को पूर्व विधायक संतोष पांडेय से जुड़े दो मामलों में बहस आगे नहीं बढ़ सकी। बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने जानकारी दी कि निर्धारित तिथि पर किसी कारणवश बहस नहीं हो पाई। इसके बाद अदालत ने दोनों वादों में बहस के लिए नई तिथि 8 अप्रैल तय की है। बताते चलें कि लंभुआ विधानसभा के तत्कालीन उड़न दस्ता प्रभारी संदीप सिंह की तहरीर पर वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान पूर्व विधायक संतोष पांडेय व उनके समर्थकों के खिलाफ बिना अनुमति सरकारी विद्यालय में मीटिंग करने तथा बिना अनुमति रोड शो निकालने के आरोपों में मुकदमे दर्ज किए गए थे।

### उसामा हत्याकांड में मुख्य आरोपी की जमानत अर्जी खारिज
● जनपद न्यायाधीश ने कहा- गंभीर आरोपों के मद्देनज़र राहत नहीं दी जा सकती

कोतवाली नगर क्षेत्र के राहुल चौराहा, गांधीनगर निवासी कक्षा चार के मासूम छात्र उसामा के अपहरण और हत्या के सनसनीखेज मामले में आरोपी आसिफ उर्फ सोनू को राहत नहीं मिली है। जनपद न्यायाधीश सुनील कुमार ने आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दी।

अभियोजन पक्ष से पीड़ित पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने आरोपी के विरुद्ध गंभीर आरोप बताते हुए जमानत न देने की मांग की थी। गौरतलब है कि दो साल पूर्व 25 नवम्बर को छात्र उसामा का अपहरण कर पांच लाख रुपये की फिरौती मांगी गई थी। बाद में उसकी गला दबाकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने मुख्य आरोपी आसिफ के साथ उसके पिता ताज मोहम्मद, चाचा मोहम्मद सलीम, चाची रिजवाना और बहन शबनम को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

### अपहरण के मामले में अभियोजन गवाह गैर-हाजिर
थाना क्षेत्र जयसिंहपुर के एक गांव से बीते साल 16 वर्षीय किशोरी को शादी का झांसा देकर अपहरण करने के मामले में अभियोजन गवाह न आने से पॉक्सो कोर्ट न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव की अदालत में सुनवाई 7 मई तक टल गई। बचाव पक्ष के अधिवक्ता अशोक शुक्ल ने बताया आरोपी लवकुश जमानत पर है तथा नियत तारीख पर हाजिर अदालत रहा पर अभियोजन गवाह न आने से सुनवाई टल गई। आरोप है कि पीड़िता को आरोपी बीते साल 11 अगस्त को बहला-फुसलाकर कर अपहरण कर लिया।

## 25 हजार का इनामी गिरफ्तार, भेजा गया जेल
● गैंगस्टर मामले में छह माह से चल रहा था फरार

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : जयसिंहपुर पुलिस ने शनिवार को गैंगस्टर एक्ट के तहत वांछित 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। आरोपी पर पूर्व में गो तस्करी का मुकदमा भी दर्ज है। पुलिस के अनुसार, राजन उपाध्याय, रिजवान, सरवर और सूफियान खान के खिलाफ 30 अप्रैल को गो तस्करी के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके बाद 6 सितंबर को चारों आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने पहले ही रिजवान, सरवर और सूफियान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि राजन उपाध्याय पिछले छह महीने से फरार चल रहा था। शनिवार सुबह करीब 10 बजे अपराध निरीक्षक सूबेदार यादव ने उपनिरीक्षक दिवाकर द्विवेदी और हेड कांस्टेबल राम नारायण कनौजिया की टीम के साथ सेमरी स्थित एक ढाबे के पास से आरोपी राजन उपाध्याय पुत्र राजनारायण, निवासी दत्तापुर मित्तूपुर थाना पवई, जनपद आजमगढ़ को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार मिश्र ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेजने की कार्रवाई की गई।

## किशोरी से गैर संप्रदाय के युवक ने किया दुष्कर्म
संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : पुलिस मिशन शक्ति अभियान चला किशोरियों व महिलाओं को जागरूक कर रही है वही देहात कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की 17 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म की वारदत सामने आई है। घटना की जानकारी होते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। किशोरी की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुट गई है। बताया जा रहा है कि गांव की रहने वाली एक किशोरी नदी के किनारे गई थी जहां गैर समुदाय के युवक ने दुष्कर्म किया। घटना के बाद किशोरी ने परिजनों को जानकारी दी, जिसके बाद परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद मुकदमा दर्ज कर किशोरी को चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेज दिया। देहात कोतवाल धर्मवीर सिंह ने बताया कि, मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। वही किशोरी को चिकित्सीय परीक्षण के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया है।

**ग्राम पंचायत नगवा विकास खण्ड गैण्डास बुजुर्ग जनपद-बलरामपुर**

निविदा/टेंडर/आपूर्ति सूचना

वित्तीय वर्ष–2026–27 कार्यालय ग्राम पंचायत नगवा वि0ख0 गैण्डास बुजुर्ग में राज्य वित्त आयोग और केन्द्र वित्त आयोग मनरेगा आर.जी.एस.एस.एस.एल.डब्लूय.एम. स्थाई, स्थाई गौ आश्रय केन्द्र में गोवंशों के भरण पोषण खान–पान हेतु भूसा, चोकर, दाना, चूनी, पुवाल, नमक, गुड़, पशु, आहार, हरा चारा, खरी तेल आदि अन्य योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने वाले निर्माण कार्यो में प्रयुक्त होने वाले सामग्री जैस प्रथम श्रेणी ईट सीधा, खणंजा, ईट, गिट्टी, राबिस, पत्थर गिट्टी बालू, लाल मोरंग, सरिया, सीमेंट, इंटरलाकिंग ईट, टाइल्स, विभिन्न माप की हमूमन पाइप, प्राइमर पेंट शौचालय में प्रयुक्त होने वाली सामग्री दरवाजा, इंडियामार्का हैंडपंप मरम्मत व रिबोर से संबंधित सामग्री। आदि का कार्य स्थल पर आवश्यकता है एवं सोलर लाइट, स्ट्रीट लाईट, सफाई उपकरण, इलेक्ट्रानिक सामग्री, कम्प्यूटर उपकरण, इनवर्टर बैट्री, इंटरनेट कनेक्शन, कुर्सी, मेज, अलमारी, आरसीसी बेंच इत्यादी एवं किराए पर जेसीबी मशीन, ट्रैक्टर ट्राली की आवश्यकता है। आपूर्ति हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ताओं से कोटेशन आमंत्रित किया जाता है, जो दिनांक 02.04.2026 को समय शाम 5 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में अपने लेटरहेड पर संलग्न कर बंद लिफाफे में प्रस्तुत कर सकते हैं। निविदा कोटेशन दिनांक 05.04.2026 को समय दोपहर 2 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रधान पब्लिक सचिव ग्राम पंचायत की उपस्थिति में खोला जाएगा किसी भी निविदा/कोटेशन स्वीकृत / अस्वीकृत करने एवं पूरी प्रक्रिया को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय अवधि में ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

प्रियंका
ग्राम प्रधान

(रजत यादव)
सचिव / ग्रा0पं0अ0

ग्राम पंचायत नगवा विकास खण्ड गैण्डास बुजुर्ग जनपद–बलरामपुर

**कार्यालय ग्रा0पं0 बढ़या भैसाही विकास खण्ड गैण्डास बुजुर्ग जनपद–बलरामपुर**

निविदा/टेंडर/आपूर्ति सूचना

वित्तीय वर्ष–2026–27 कार्यालय ग्राम पंचायत बढ़या भैसाही वि0ख0 गैण्डास बुजुर्ग में राज्य वित्त आयोग और केन्द्र वित्त आयोग मनरेगा आर.जी.एस. एस. एस. एल. डब्लूय. एम. स्थाई स्थाई गौ आश्रय केन्द्र में गोवंशों के भरण पोषण खान–पान हेतु भूसा, चोकर, दाना, चूनी, पुवाल, नमक, गुरु, पशु, आहार, हरा चारा, खरी तेल आदि अन्य योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने वाले निर्माण कार्यो में प्रयुक्त होने वाले सामग्री जैस प्रथम श्रेणी ईट सीधा, खडंजा, ईट, गिट्टी, राबिस, पत्थर गिट्टी बालू लाल मोरंग, सरिया, सीमेंट, इंटरलाकिंग ईट, टाइल्स, विभिन्न माप की हमूमन पाइप. प्राइमर पेंट शौचालय में प्रयुक्त होने वाली सामग्री दरवाजा, इंडियामार्का हैंडपंप मरम्मत व रिबोर से संबंधित सामग्री। आदि का कार्य स्थल पर आवश्यकता है एवं सोलर लाइट, स्ट्रीट लाईट, सफाई उपकरण, इलेक्ट्रानिक सामग्री, कम्प्यूटर उपकरण, इनवर्टर बैट्री, इंटरनेट कनेक्शन, कुर्सी, मेज, अलमारी, आरसीसी बेंच इत्यादी एवं किराए पर जेसीबी मशीन, ट्रैक्टर ट्राली की आवश्यकता है। आपूर्ति हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ताओं से कोटेशन आमंत्रित किया जाता है, जो दिनांक 02.04.2026 को समय शाम 5 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में अपने लेटरहेड पर संलग्न कर बंद लिफाफे में प्रस्तुत कर सकते हैं। निविदा कोटेशन दिनांक 05.04.2026 को समय दोपहर 2 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रधान पब्लिक सचिव ग्राम पंचायत की उपस्थिति में खोला जाएगा किसी भी निविदा/ कोटेशन स्वीकृत / अस्वीकृत करने एवं पूरी प्रकिया को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय अवधि में ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

(सबरोज खान)
ग्राम प्रधान

(रजत यादव)
सचिव / ग्रा0पं0अ0

ग्राम पंचायत बढ़या भैसाही विकास खण्ड गैण्डास बुजुर्ग जनपद–बलरामपुर

# रौजों के पुनर्निर्माण को निकाला जुलूस
संवाददाता, सुलतानपुर


ज्ञापन सौंपते वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्य।

● हुसैनी शिया वेलफेयर एसो. ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार**ः जन्नतुल बक़ी में बने रौजों के पुनर्निर्माण की मांग को लेकर हुसैनी शिया वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से शनिवार को अमहट क्षेत्र में जुलूस निकालकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। परंपरागत रूप से आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिया समुदाय के लोग शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर में हुसैनिया नौतामीर अमहट में उलेमाओं की तकरीर से हुई, जहां जन्नतुल बक़ी में स्थित पवित्र कब्रों के इतिहास और महत्व पर प्रकाश डाला गया। इसके बाद जुलूस निकाला गया, जो अमहट चौराहे से होते हुए हुसैनिया बख्शी खां तक पहुंचा। जुलूस के दौरान विभिन्न नारों के साथ जन्नतुल बक़ी के पुनर्निर्माण की मांग उठाई गई। उलेमाओं ने कहा कि जन्नतुल बक़ी में इस्लाम की महत्वपूर्ण हस्तियों के रौजे थे, जिन्हें वर्ष 1926 में ध्वस्त कर दिया गया था। उन्होंने इनके पुनर्निर्माण की मांग करते हुए इसे धार्मिक आस्था से जुड़ा मुद्दा बताया। जुलूस के समापन के बाद प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि उपजिलाधिकारी सदर को सौंपा गया। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के तहत पुलिस बल तैनात रहा। इस अवसर पर हैदर अब्बास खान सहित कई उलेमा, समाजसेवी और विभिन्न अंजुमनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## डीजल चोरी गैंग के तीन अभियुक्त असलहे के साथ गिरफ्तार
संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : बन्धुआकला पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए डीजल चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस टीम ने कार्रवाई के दौरान तीन शातिर अभियुक्तों बृजेंद्र प्रताप उर्फ राज, अभय शाहू और प्रवेश पाल अमेठी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों के पास से अवैध हथियारों का जखीरा बरामद हुआ है। इनमें .315 बोर का देशी तमंचा व जिंदा कारतूस, 12 बोर का तमंचा, कारतूस और एक अवैध पिस्टल शामिल है। इसके अलावा डीजल चोरी में इस्तेमाल होने वाली प्लास्टिक की बड़ी पिपिया और पाइप भी बरामद किए गए हैं। पुलिस का कहना है कि ये आरोपी बड़े स्तर पर डीजल चोरी की वारदात को अंजाम देने की तैयारी में थे, लेकिन समय रहते गिरफ्तारी से एक बड़ी घटना टल गई।

## 3.71 लाख मतदाताओं के नोटिस की सुनवाई पूरी
● 10 अप्रैल को प्रकाशित होगी नई मतदाता सूची

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : विधानसभा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत जारी मतदाता सत्यापन प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इस अभियान के तहत कुल 3,71,546 मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए थे। ये नोटिस उन मतदाताओं को भेजे गए थे, जिनका नाम वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मेल नहीं खा रहा था या एक ही मतदाता से छह या उससे अधिक लोगों का मैपिंग पाया गया था। इसके अलावा ऐसे मामलों में भी नोटिस जारी किए गए, जहां मतदाताओं की आयु उनके माता-पिता या दादा-दादी के आयु मानक के अनुसार संदिग्ध पाई गई। इन सभी मामलों की सुनवाई के लिए 107 ईआरओ (निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी) नियुक्त किए गए थे और सुनवाई की अंतिम तिथि 27 मार्च निर्धारित की गई थी ।अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव शुक्ला ने बताया कि तय समय सीमा के भीतर सभी नोटिसों की सुनवाई पूरी कर ली गई है। हालांकि, कितने मतदाता अपात्र पाए गए हैं, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अब 10 अप्रैल को संशोधित मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा, जिससे आगे की निर्वाचन प्रक्रिया को गति मिलेगी।

**अमृत विचार क्लासीफाइड**
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
पॉलिसी संख्या 219174867 में मेरा नाम माया देवी पत्नी निरहू दर्ज है। अन्य सारे कागजात में शीला पत्नी निराहू के नाम से है। यह दोनों नाम एक ही महिला के हैं। मुझे दोनों नाम से जाना व पहचाना जाता है। शीला पत्नी निराहू, ग्राम पैगापुर मटियारिया, पोस्ट खजुरिया, जिला–बलरामपुर

**NOTICE**
I, TIMME SAHNI W/O MR. HARSH KUMAR SAHNI, R/O-B 203, SHRI RAM APARTMENT, NEW BERRY ROAD, HAZRATGANJ, LUCKNOW, UP, HEREBY INFORM EVERYONE THAT I HAVE CHANGED MY NAME TO TIMMI SAHNI, AND HENCEFORTH I SHOULD BE KNOWN, IDENTIFIED, AND ADDRESSED AS TIMMI SAHNI.

**सूचना**
मेरे पुत्र का नाम भारतीय जीवन बीमा निगम के अभिलेखों में त्रुटिवश शिवा व जन्मतिथि 28–03–2008 दर्ज है। जबकि आधारकार्ड व अन्य अभिलेखों में हर्ष साहू व जन्मतिथि 24–03–2009 दर्ज है, जो सही है। दोनों नाम मेरे पुत्र के है । अतः अब मेरे पुत्र को हर्ष साहू तथा जन्मतिथि 24–03–2009 के नाम से जाना पहचाना व भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी में दर्ज किया जाए। राजकपूर पुत्र स्व. राजाराम निवासी ग्राम व पोस्ट खीरो, थाना खीरो, तहसील लालगंज, जनपद रायबरेली

**सूचना**
सूचना हो कि पहले मेरा नाम MAHAJBEEN था से बदलकर KM MAHAZABEEN रख लिया है। अब मुझे KM MAHAZABEEN के नाम से जाना व पहचाना जाये। W/O- MAIFUZAHAMAD ADD-VILLA- KUMBHI AIMA POST- KUMBHI AIMA PS-UDAYPUR DIST- PRATAPGARH-230125 (U.P.)

**सूचना**
मैने अपना नाम MOHAMMAD IMARAN से बदलकर MOHAMMAD IMRAN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0- ISARAR AHAMAD ADD- 115 KATRA BANSA NAWABGANJ DIST- BARABANKI-225204 (U.P.)

**सूचना**
मै सुन्दर लाल पुत्र सूरज लाल निवासी बरियारपुर थाना–रामनगर, जिला–बाराबंकी, मेरे पुत्र अमन कुमार का चाल चलन ठीक नहीं है वह आये दिन मुझे मारता पीटता है और दारू शराब पीकर मोहल्ले वालों को गाली गुप्तारी देता है। मेरा छोटा लड़का हमारी बड़ी बहू कोमल देवी पत्नी राम प्रसाद को दिनाक 26–03–2026 को अपने साथ जबरदस्ती भगा ले गया है उसके इन कृत्यों से परेशान होकर उसे अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा है। मेरे पुत्र द्वारा किये गये कृत्यों से कोई लेना देना नही है।

**सूचना**
अनीता सिंह पत्नी बाल कृष्ण सिंह निवासी 7/344 EWS आवास एवं विकास योजना संख्या 03 हंसपुरम कानपुर नगर उपरोक्त प्रापर्टी का मूल आवंटन पत्र(2621 स/प्र/ कानपुर/12.05.2016) और मूल कब्जा पत्र कही खो गया है जिसका प्रयोग किसी अन्य के द्वारा अवैध माना जाएगा। 8299538210

## धर्म–कर्म
बल्दीराय तहसील क्षेत्र के रामपुर बबुआन पूरे मालजनी मिश्र गांव में श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व किया गया आयोजन

# गाजे–बाजे और जयकारों के बीच निकाली गई भव्य कलश यात्रा
विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर


कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**अमृत विचार**ः बल्दीराय तहसील क्षेत्र के रामपुर बबुआन पूरे मालजनी मिश्र गांव में श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व भव्य कलश शोभायात्रा का आयोजन किया गया। गाजे-बाजे, शंखनाद और जय श्रीराम के जयकारों के बीच निकली इस यात्रा ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण में सराबोर कर दिया।

कलश यात्रा गांव से प्रारंभ होकर चार नंबर ट्यूबवेल, हलियापुर थौरी होते हुए दंडेश्वर नाथ धाम एवं स्वामी श्वेतवराह मंदिर पहुंची और पुनः यज्ञ स्थल पर आकर संपन्न हुई। इस दौरान मार्ग में पड़ने वाले मंदिरों पर विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया। रथ, डीजे और भक्ति गीतों के बीच श्रद्धालु झूमते नजर आए, वहीं महिलाएं सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाते हुए चल रही थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीधाम अयोध्या से पधारे जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी रत्नेश प्रपन्नाचार्य जी महाराज ने की। उन्होंने कलश यात्रा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे आस्था और भक्ति का प्रतीक बताया। इस अवसर पर मुख्य यजमान डॉ. राम सुरेश मिश्र एवं विद्यावती रहीं, जबकि सह-यजमानों ने भी पूरे उत्साह के साथ सहभागिता निभाई। आयोजन को लेकर क्षेत्र में विशेष उत्साह देखने को मिला।

## राम जन्मोत्सव संग देवी भागवत कथा का भव्य समापन

कथा वाचिका साध्वी सीता देवी। ● अमृत विचार

संवाददाता, सुलतानपुर : कटका में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा का समापन शनिवार को श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ हुआ। नवें दिन राम जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरा क्षेत्र जय श्रीराम के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा। कथा व्यास साध्वी सीता देवी ने बताया कि भगवान श्रीराम का जीवन धर्म, मर्यादा और आदर्श का प्रतीक है। जब-जब अधर्म बढ़ता है, तब-तब भगवान अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं। साथ ही देवी भागवत महापुराण के माध्यम से भक्ति, सेवा और सदाचार का संदेश दिया ।समापन अवसर पर आकर्षक झांकियां, भजन-कीर्तन और भव्य आरती का आयोजन हुआ। मुख्य यजमान के रूप में सरिता सिंह (प्रधान), मिंटू सिंह और राजकुमार सोनी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग शामिल हुए। अंत में हवन-पूजन और भंडारे के साथ कथा का विधिवत समापन किया गया, जिससे पूरे क्षेत्र में धार्मिक और सांस्कृतिक वातावरण सुदृढ़ हुआ।

# पंचायतों पर हुई बजट की बारिश विकास कार्यों को मिलेगी रफ्तार

## देवीपाटन मंडल के चारों जिलों को मिली करीब 150 करोड़ रुपये की धनराशि

संवाददाता गोंडा

**जिलों को मिली धनराशि**

**52.15** करोड़ गोंडा को हुए आवंटित

**48.25** करोड़ बहराइच को आवंटित हुए

**30.63** करोड़ बलरामपुर को आवंटित हुए

**16.60** करोड़ श्रावस्ती को आवंटित

**अमृत विचार :** गांवों के विकास को गति देने के उद्देश्य से शासन ने 15वें वित्त आयोग के तहत भारी भरकम बजट जारी कर दिया है। माना जा रहा है कि यह पंचायत चुनाव से पहले का अंतिम बजट है। देवीपाटन मंडल के चारों जनपदों को मार्च में करीब 150 करोड़ का बजट मिला है। बहराइच को 48.25 करोड़, बलरामपुर को 30.63 करोड़, गोंडा को 52.15 करोड़ तथा श्रावस्ती को 16.60 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।

प्रदेश की ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों और जिला पंचायतों के विकास कार्यों को गति देने के लिए शासन ने बड़ा कदम उठाया है। पंचायतीराज विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार 15वें वित्त आयोग की संस्तुतियों के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए टाइड ग्रांट की दूसरी किस्त जारी कर दी गई है। जारी पत्र के मुताबिक प्रदेश की सभी पंचायतों के लिए कुल 23,55,62,46,000 (दो हजार तीन सौ पचपन करोड़ से अधिक) की धनराशि पंचायतों को आवंटित की गई है।

यह राशि केंद्र सरकार और वित्त मंत्रालय के निर्देशों के अनुरूप ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायतों को निर्धारित शर्तों के तहत खर्च करने के लिए दी गई है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि आवंटित धनराशि का उपयोग केवल निर्धारित कार्यों पर ही किया जाएगा।

धनराशि सीधे पंचायतों के खातों में जमा कराई जाएगी। खर्च की पूरी प्रक्रिया शासन के दिशा-निर्देशों और वित्तीय नियमों के अनुसार ही होगी।

किसी भी प्रकार के अनियमित व्यय या धनराशि के दुरुपयोग की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की होगी। शासन ने यह भी निर्देश दिए हैं कि पंचायत स्तर पर उपलब्ध धनराशि का सही उपयोग सुनिश्चित किया जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को तेजी से पूरा किया जा सके। इस निर्णय से प्रदेश की हजारों पंचायतों में लंबित विकास कार्यों को गति मिलने की उम्मीद है, जिससे गांवों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार होगा।

# रसोई गैस किल्लत: शिक्षा और आस्था दोनों पर असर



कटरा कुटी धाम में प्रसादी तैयार करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार:** क्षेत्र में गहराती रसोई गैस की किल्लत अब आम जनजीवन से आगे बढ़कर शिक्षा और आस्था के केंद्रों को भी प्रभावित करने लगी है। गैस सिलेंडर की अनुपलब्धता के चलते विद्यालयों की मिड डे मील व्यवस्था से लेकर मंदिरों के भंडारे तक पर सीधा असर पड़ रहा है। परिषदीय विद्यालयों में बीते लगभग 15 दिनों से बच्चों के लिए एमडीएम चूल्हों पर तैयार किया जा रहा है। वहीं, क्षेत्र के प्रसिद्ध कटरा कुटी धाम में पिछले 10 वर्षों से चल रहा प्रतिदिन का भंडारा भी गैस संकट के कारण ठप हो गया है। यहां रोज सैकड़ों श्रद्धालु भोजन प्रसाद ग्रहण करते थे, लेकिन शनिवार से भंडारे का आयोजन अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया गया। धाम के पीठाधीश्वर महंत स्वामी चिन्मयानंद ने बताया कि पिछले पांच दिनों से गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। भगवान के भोग-प्रसाद की व्यवस्था चूल्हे पर की जा रही है, जबकि मंदिर कर्मियों के लिए गोबर के उपलों का सहारा लिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मौजूदा स्थिति को देखते हुए मंदिर प्रबंध समिति की बैठक में निर्णय लिया गया है कि जब तक गैस आपूर्ति सामान्य नहीं हो जाती, तब तक भंडारा सहित आगामी धार्मिक कार्यक्रमों को स्थगित रखा जाएगा।

### चलो बुलावा आया है, मैया ने बुलाया है



भगवान शिव की झांकी प्रस्तुत करते कलाकार। ● अमृत विचार

**कटरा बाजार, गोंडा, अमृत विचार :** नगर पंचायत कटरा बाजार में शुक्रवार को हिन्दू नवयुवक सेवा समिति की ओर से 15वां मां भगवती जागरण का आयोजन रामलीला मैदान के हनुमान गढ़ी मन्दिर प्रांगण में आयोजित किया गया। मुख्य आयोजक सचिन रस्तोगी व निकेश रस्तोगी ने शेरावाली की आरती के साथ कलाकारों को चुनरी भेंट कर जागरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यजमान विनय तिवारी रहे। बाराबंकी फतेहपुर से मां उजली देवी सेवा संकीर्तन ग्रुप के प्रखर शर्मा ने गणेश जी की झांकी के साथ गणेश वंदना से भजन की शुरुआत की। लखनऊ की वर्तिका तिवारी ने चलो बुलावा आया है मैया ने बुलाया है भजन से पंडाल को भक्तिमय कर दिया। गोंडा के पंडित रोहित शर्मा ने जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे भजन ने लोगों में जोश भर दिया। लखनऊ के सूरज सांवरे झांकी ग्रुप ने शिव पार्वती, हनुमान जी, महाकाली, श्री राम, सीता, लक्ष्मण सहित अन्य झांकियां प्रस्तुत कीं। आकाश गुप्ता सहित अन्य कलाकारों ने भी भजन गाए। संचालन राजेश निगम ने किया। इस अवसर पर विधायक बावन सिंह, मैन मिश्र, अर्जुन प्रसाद तिवारी, उमेश तिवारी, अमन पांडेय, रामजी, आनंद शुक्ल, पूर्व चेयरमैन मुजीबुल हसन सुबराती, राजू, शिवम, हर्षित, शुभम सहित सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

### धर्म रक्षा सेतु ने निकाली भव्य शोभायात्रा



रामनवमी पर करनैलगंज में निकली शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु।

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** राम नवमी के पावन अवसर पर नगर में धर्म रक्षा सेतु के तत्वावधान में शोभायात्रा निकाली गई। आयोजन का यह पांचवां वर्ष रहा। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, भरत व शत्रुघ्न के स्वरूप आकर्षक ढंग से सजे रथों पर विराजमान होकर नगर भ्रमण पर निकले। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा के प्रमुख आकर्षणों में बाहुबली हनुमान व जायंट गोरिल्ला शामिल रहे। फूलों से सजी गाय ने भी लोगों का ध्यान आकर्षित किया। धर्म रक्षा सेतु सेवा ट्रस्ट के संस्थापक कनक बिहारी दास व विशाल कौशल के नेतृत्व में शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा में ब्रह्मकुमारीज संस्था की बहनों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आयोजन में अनुज जायसवाल, दीपक सोनी, अजय जायसवाल, अंकित जायसवाल, सोनू पुरवार, अरमान पुरवार, अप्पू मोदनवाल, मोहित मुन्ना सेठ, अशोक सिंघानिया, भरतलाल कसेरा, शिवनंदन वैश्य, मोनू पुरवार, मोहित पांडे, कन्हैया लाल वर्मा, पिंटू गिरी, विश्वनाथ साह, अमित सिंहानिया समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# छिनैती गिरोह का खुलासा शातिर आरोपी गिरफ्तार

**कार्रवाई**

**गोंडा, अमृत विचार :** थाना कोतवाली कर्नलगंज पुलिस ने छिनैती की घटनाओं का अनावरण करते हुए एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से विभिन्न घटनाओं से संबंधित कुल 11,900 रुपये नकद तथा घटना में प्रयुक्त चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

पुलिस टीम ने आरोपी विवेक पाण्डेय उर्फ विक्कू निवासी शिवबक्स पुरवा, थाना तरबगंज को कुतुबपुर बंधा मोड़ से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अपने साथियों अमित तिवारी उर्फ धुरले, शिवानन्द पाण्डेय, सचिन ओझा आदि के साथ मिलकर झपटमारी की घटनाओं को अंजाम देता था। गिरोह दो मोटरसाइकिलों का उपयोग करता था, जिसमें एक से रेकी और दूसरी से वारदात को अंजाम दिया जाता था। आरोपी ने परशुरामपुर, परसपुर रोड, गोण्डा-अयोध्या मार्ग सहित अन्य स्थानों पर महिलाओं से पर्स और जेवर छीनने की घटनाओं में शामिल होने की बात स्वीकार की है। बरामद मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेंडर प्लस को उसने अपने साथी के साथ मिलकर जरवल रेलवे स्टेशन के पास से चोरी करना बताया। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से 4,200 रुपये (कर्नलगंज), 3,700 रुपये (परशुरामपुर, बस्ती) और 4,000 रुपये (कोतवाली देहात) सहित कुल 11,900 रुपये नकद व एक चोरी की बाइक बरामद की है। कार्रवाई में एसआई मिर्जा वहीद बेग, एसआई अजय कान्त द्विवेदी, हेड कांस्टेबल सुभाष यादव, कांस्टेबल माधव मुरारी मिश्रा व कांस्टेबल जितेन्द्र कुमार द्वितीय की टीम शामिल रही।

# महिला से छेड़छाड़ फोटो वायरल करने की धमकी

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में रिश्तेदारी में शामिल होने गई एक विवाहिता के साथ छेड़छाड़ की घटना हुई। आरोप है कि महिला को बहाने से बुलाकर उसके साथ जबरन अभद्रता की गई और उसी दौरान फोटो खींचकर अब उसे वायरल करने की धमकी दी जा रही है। पीड़िता ने शुक्रवार शाम थाने में दी गई तहरीर में बताया कि बीते 11 मार्च को वह एक रिश्तेदारी में निमंत्रण कार्यक्रम में गई थी। इसी दौरान रात करीब 8 बजे कल्यानपुर के अमरूतहिया मजरा निवासी चंदू ने उसे अपने घर के पास बुलाया। वहां पहुंचने पर उसने उससे छेड़छाड़ की। पीड़िता का आरोप है कि इसी बीच आरोपी की पत्नी रेखा ने फोटो खींच लिया। अब दोनों फोटो को वायरल करने की धमकी दे रहे हैं। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# अधिवक्ताओं ने निकाला जुलूस

**सौंपा ज्ञापन**

**गोंडा, अमृत विचार :** बार एसोसिएशन एवं सिविल बार एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में अधिवक्ताओं ने शनिवार को शांतिपूर्ण जुलूस निकालकर डीएम को ज्ञापन सौंपा। जुलूस का नेतृत्व बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रविचन्द्र त्रिपाठी एवं सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय प्रकाश त्रिपाठी ने किया। संचालन बार एसोसिएशन के महामंत्री सुनील कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया।

सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष रविचन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि सीओ करनैलगंज द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमा की थाना कोतवाली नगर से संबंधित प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक मुकदमा वापस नहीं लिया जाता, अधिवक्ताओं का आंदोलन जारी रहेगा। महामंत्री सुनील कुमार पाण्डेय ने कहा कि अधिवक्ताओं के खिलाफ राजनीतिक द्वेष के चलते कार्रवाई की जा रही है, जो न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रकार की कार्यवाही से अधिवक्ताओं का मानसिक उत्पीड़न हो रहा है। जुलूस के दौरान अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपते हुए संबंधित मुकदमे को तत्काल वापस लेने की मांग की। इस मौके पर बार एसोसिएशन एवं सिविल बार एसोसिएशन के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

### अधिवक्ता परिषद अवध का अभ्यास वर्ग प्रारंभ



कार्यक्रम को संबोधित करतीं प्रदेश महामंत्री मीनाक्षी सिंह।

**गोंडा, अमृत विचार :** अधिवक्ता परिषद अवध के 9 जिलों के प्रतिनिधियों का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग प्रारंभ हो गया है। शहर के भगवान होटल में अभ्यास वर्ग के पहले दिन क्षेत्रीय संयोजक विपिन त्यागी, प्रदेश महामंत्री मीनाक्षी सिंह परिहार, प्रांतीय उपाध्यक्ष अरविंद सिंह व गोंडा के जिलाध्यक्ष धनलाल तिवारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय संयोजक विपिन त्यागी ने कहा कि अधिवक्ता परिषद की स्थापना समाज में अंतिम व्यक्ति तक न्याय को पहुंचाने के लिए ही की गई है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता परिषद अपने इस संकल्प के प्रति सदैव प्रतिबद्ध है। प्रदेश महामंत्री मीनाक्षी सिंह परिहार ने कहा कि अधिवक्ता समाज को दिशा दिखाने का काम करता है। स्वस्थ विचारधारा को पोषित करने के लिए अधिवक्ता परिषद कृत संकल्पित है। कार्यक्रम का संचालन गोंडा इकाई के महामंत्री जय प्रकाश सिंह ने किया। अभ्यास वर्ग में गोंडा सहित नौ जिलों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। दो दिवसीय अभ्यास वर्ग का समापन रविवार को होगा।

### कोतवाली देहात में डीएम ने की जनसुनवाई



देहात कोतवाली में जनसुनवाई करतीं डीएम प्रियंका निरंजन। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** थाना कोतवाली देहात में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने उपस्थित फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से आए नागरिकों ने भूमि विवाद, अवैध कब्जा, रास्ता अवरोध, राजस्व अभिलेखों में त्रुटि, पारिवारिक विवाद तथा अन्य स्थानीय समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए। जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायत को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से प्रकरण की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करें तथा प्रत्येक शिकायत का संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करें। जनसुनवाई में जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि जो लेखपाल बिना किसी सूचना के अनुपस्थित हैं उनको तत्काल शोकाज नोटिस जारी किया जाए।

### समाधान दिवस में सुनी गईं जनसमस्याएं

**परसपुर, गोंडा, अमृत विचार :** थाना परसपुर परिसर में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें आम जनमानस की समस्याओं को सुना गया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी के साथ नायब तहसीलदार परसपुर तथा राजस्व टीम भी मौजूद रही। समाधान दिवस के दौरान क्षेत्र से पहुंचे फरियादियों ने भूमि विवाद, रास्ते की समस्या एवं अन्य स्थानीय मुद्दों को अधिकारियों के समक्ष रखा। इस दौरान थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित राजस्व टीम व पुलिस बल को तत्काल मौके पर भेजकर समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।

# साहित्यकार डॉ. सतीश आर्य का निधन

मनकापुर, गोंडा



साहित्यकार सतीश आर्य (फाइल फोटो)

- साहित्य जगत में छायी शोक की लहर, विद्या वाचस्पति, विद्याभूषण, विद्यावारिधि उपाधि से सम्मानित थे आर्य

**अमृत विचार :** देश के जाने-माने साहित्यकार एवं अवधी के हस्ताक्षर सुकुमार कवि डॉ. सतीश आर्य का लंबी बीमारी के बाद शुक्रवार रात लखनऊ स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में निधन हो गया। वह 72 वर्ष के थे। उनके निधन की खबर से जनपद गोंडा सहित पूरे साहित्य जगत में शोक की लहर दौड़ गई।

बताया जाता है कि डॉ. आर्य पिछले काफी समय से सांस संबंधी बीमारी से जूझ रहे थे। हालत गंभीर होने पर उन्हें एक सप्ताह पूर्व अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। डॉ. सतीश आर्य हिंदी साहित्य के प्रतिष्ठित हस्ताक्षर थे। उन्हें विद्या वाचस्पति, विद्याभूषण, विद्यावारिधि सहित कई सम्मानजनक उपाधियों और पुरस्कारों से नवाजा जा चुका था। उनकी प्रमुख प्रकाशित कृतियों में महुआ वृक्ष तले, दुई आंखिन की पुतरी भई हिंदी, छंद की छांव में और महुवारी शामिल हैं, जबकि उनकी कई अन्य रचनाएं प्रकाशनाधीन थीं। हिंदी साहित्य में उनका विशेष योगदान रहा। उनकी कविताएं और छंद श्रोताओं को भाव-विभोर कर देते थे। विशेष रूप से उनकी रचना "गंगा के छंद" आज भी लोगों के हृदय में जीवित है। उन्हें हिंदी जगत का एक मजबूत स्तंभ माना जाता था। साहित्यकार सूर्य प्रसाद मिश्र कहते हैं कि सतीश आर्य की रचनाओं में कोमलता थी। उनके शब्द सामान्य लोगों के समझ में आता था। उन्होंने कहा कि अवधी साहित्य के वह बड़े कवि थे। उनके निधन से अवधी साहित्य में एक प्रकार की शून्यता आई है। उनके निधन पर डा सूर्यपाल सिंह, प्रोफेसर शैलेंद्र नाथ मिश्र, राजेश ओझा, प्रोफेसर जयशंकर तिवारी सहित अन्य साहित्यकारों ने श्रद्धांजलि अर्पित की है। डॉ. आर्य के निधन से साहित्य जगत को अपूरणीय क्षति पहुंची है।

शनिवार को उनका अंतिम संस्कार मनवर नदी के तट पर पूरे सम्मान के साथ किया गया, जहां बड़ी संख्या में साहित्यकारों, शुभचिंतकों और क्षेत्रीय लोगों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# युवती ने फंदा लगाकर दी जान

**परसपुर, गोंडा, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र में एक युवती ने फांसी लगाकर जान दे दी। ग्राम कुड़ियाव निवासी कमलेश सिंह ने थाने पर सूचना दी कि उनकी लगभग 18 वर्षीया पुत्री रोशनी ने शुक्रवार की रात घर के बगल वाले कमरे में दुपट्टे के सहारे कुंडी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब परिवार के लोग कमरे में पहुंचे तो रोशनी का शव फंदे से लटका मिला। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। घटना के कारणों का अभी स्पष्ट रूप से पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। वहीं, घटना के बाद गांव में मातम का माहौल है और हर कोई इस दर्दनाक घटना से स्तब्ध है। थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि मौके पर शांति व्यवस्था कायम है तथा मामले से जुड़े सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है।

# कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान तेज



आनंदनगर में बैठक करते कांग्रेस के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** मुजेहना ब्लॉक के आनंद नगर में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव और विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस ने संगठन सृजन अभियान के तहत गतिविधियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में आनंद नगर में कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक राम प्रताप सिंह के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता कांग्रेस ओबीसी अध्यक्ष अर्जुन वर्मा ने की। बैठक को संबोधित करते हुए राम प्रताप सिंह ने आरोप लगाया कि वर्तमान भाजपा सरकार कोई नई योजना लागू करने के बजाय कांग्रेस की पुरानी योजनाओं का नाम बदलकर अपनी उपलब्धि बताने का प्रयास कर रही है। इस अवसर पर ब्रिजेश द्विवेदी, धनंजय पटेल, को राम सिंह (ब्लॉक अध्यक्ष), सगीर खान, राम प्रसाद मौर्य, मुंशी लाल, मिश्री लाल, अनमोल वर्मा, हरी राम वर्मा, अरविंद शुक्ला, अफजल अंसारी सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने बैठक में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

### बैठक में गन्ना किसानों की समस्याओं पर मंथन



गन्ना समिति की बैठक में जानकारी देते यूपी सिंह। ● अमृत विचार

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** गन्ना समिति परिसर में शनिवार को गन्ना समिति की वार्षिक बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता गन्ना चेयरमैन संध्या सिंह के प्रतिनिधि यूपी सिंह ने की, जिसमें क्षेत्र के अनेक गन्ना किसानों व समिति सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में वर्ष 2026-27 के बजट प्रस्ताव एवं उसकी समीक्षा पर चर्चा की गई। उपस्थित सदस्यों ने विभिन्न सुझाव प्रस्तुत किए, जिन पर विचार-विमर्श के बाद बजट को सर्वसम्मति से स्वीकृत कर दिया गया। इस दौरान किसानों ने अपनी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। खासकर गन्ना प्रजातियों को लेकर शिकायत करते हुए किसानों ने बताया कि मिल द्वारा अर्ली वैरायटी के गन्ने की पर्चियों को अस्वीकृत दिखाकर तौल किया जाता है, जिससे उन्हें नुकसान उठाना पड़ता है। इस पर चेयरमैन प्रतिनिधि यूपी सिंह ने गंभीरता दिखाते हुए आश्वासन दिया कि आगामी पेराई सत्र में ऐसी शिकायतें मिलने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों के साथ पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता बरती जाए, जिससे उनका विश्वास कायम रह सके।यूपी सिंह ने समिति के समग्र विकास, किसानों के हितों की रक्षा तथा गन्ना उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सभी सदस्यों से सहयोग की अपेक्षा जताई।

### जमीन विवाद में मारपीट, 8 लोगों पर मुकदमा

कटरा बाजार, गोंडा। जमीन विवाद को लेकर मारपीट में कटरा बाजार पुलिस ने आठ लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है। प्रमोद कुमार मिश्र निवासी रामापुर थाना कौड़िया ने कटरा बाजार थाने में दर्ज कराए मुकदमे में कहा है कि प्रार्थी की रामापुर दुबहा मार्ग पर लॉर्ड कृष्णा एकेडमी बनगांव में जमीन है जिसका बंटवारा उप जिलाधिकारी करनैलगंज के यहां चल रहा है। उक्त मामले में उप जिलाधिकारी करनैलगंज द्वारा यथास्थिति बनाए रखने का आदेश भी दिया था। विपक्षी गणों द्वारा प्रार्थी की जमीन पर जबरन निर्माण कार्य करा रहे थे। जिसका विरोध करने पर संजय चौबे, टीटू चौबे व राजू चौबे, शुभम चौबे, नवीन मिश्र व नन्हू निवासी गौरवा जानी, हरिचरण पांडेय निवासी बनगांव व वीरेंद्र पाण्डेय निवासी पूरे बदल ने गाली देते हुए मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि प्रमोद मिश्र की तहरीर पर आठ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# हत्या के दो दोषियों को उम्रकैद, अर्थदंड भी लगा

गोंडा, कार्यालय

**अमृत विचार :** ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत हत्या के एक चर्चित मामले में न्यायालय ने दो आरोपियों को दोषी ठहराते हुए सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों पर 32,500-32,500 रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। मामला थाना उमरी बेगमगंज क्षेत्र का है।

वादी सूर्य कुमार शुक्ला ने 2 फरवरी 2023 को पुलिस को दी गई तहरीर में बताया था कि 1 फरवरी 2023 की रात मे उनके पुत्र सुनील शुक्ल को छिनैती की नियत से प्रिंस तिवारी और उसके साथी ने रोक लिया और तमंचे से गोली मारकर हत्या कर दी। इस सूचना पर पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। विवेचना के दौरान पुलिस ने साक्ष्य संकलित कर 4 मार्च 2023 को आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। इसके बाद मामले की सुनवाई के दौरान प्रभावी पैरवी की गई।

शनिवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम नम्रता अग्रवाल की अदालत ने अभियुक्त प्रिंस तिवारी उर्फ प्रिंस प्रकाश तिवारी निवासी टनटनवापुर लिलोई कला, थाना उमरी बेगमगंज व बब्लू उपाध्याय निवासी खरौड़ा, थाना तरबगंज को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई।

अभियोजन पक्ष की ओर से अभियोजक अवनीश धर द्विवेदी, पैरोकार कांस्टेबल उपदेश कुमार और कोर्ट मोहर्रिर महिला कांस्टेबल सुषमा यादव ने प्रभावी पैरवी कर सजा दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**पहल**

मेरा गांव, मेरी धरोहर पोर्टल पर सांस्कृतिक धरोहर सहेजने की पहल

# 328 स्थलों का ब्योरा अब तक किया गया अपलोड



हलधरमऊ ब्लाक में बाबा बटौरा में हनुमान मंदिर। ● अमृत विचार

> जिले की विरासत का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है, जिससे इन स्थलों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों, खासकर युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।
>
> -**लालजी दूबे**, डीपीआरओ

**गोंडा, अमृत विचार :** जिले की ऐतिहासिक व सांस्कृतिक धरोहर को डिजिटल पहचान दिलाने के उद्देश्य से संचालित मेरा गांव, मेरी धरोहर पोर्टल पर सहेजा जा रहा है। अब तक राजस्व गांवों में चिन्हित पौराणिक, धार्मिक व पर्यटन स्थलों में से अब तक 328 स्थलों का विवरण पोर्टल पर अपलोड किया जा चुका है।

अधिकारियों का कहना है कि शेष स्थलों की फीडिंग भी जल्द पूरी कर ली जाएगी। इसके अंतर्गत गांवों के मंदिर, प्राचीन स्थल, लोक परंपराएं, लोकगीत, कथाएं और पारंपरिक शिल्प को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर संरक्षित किया जा रहा है। इससे न केवल जिले की सांस्कृतिक विरासत सुरक्षित होगी, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान भी मिलेगी। फीडिंग कार्य में मुजेहना ब्लॉक सबसे आगे है, जहां 79 में से 58 गांवों का विवरण अपलोड हो चुका है। इसके बाद बभनजोत में 144 में से 71, कटरा बाजार में 94 में से 36 और हलधरमऊ में 90 में से 33 गांवों की फीडिंग पूरी हुई है। करनैलगंज में 108 में से 32, झंझरी में 142 में से 37, बेलसर में 74 में से 15 और तरबगंज में 66 में से 11 गांवों का डाटा पोर्टल पर दर्ज किया गया है। परसपुर में 91 में से 14, रुपईडीह में 155 में से 7, छपिया में 174 में से 5 और मनकापुर में 161 में से 4 गांवों की फीडिंग हो सकी है। पंडरी कृपाल व इटियाथोक में 2-2 गांव, वजीरगंज में 1 गांव का ब्योरा अपलोड हुआ है, जबकि नवाबगंज की स्थिति ठीक नहीं है।

### धार्मिक स्थलों से बढ़ेंगी पर्यटन की संभावनाएं

जिले में त्रेता और द्वापर युग से जुड़े कई प्रमुख स्थल मौजूद हैं। इनमें राजापुर स्थित तुलसीदास जन्मभूमि, सूकरखेत, तरबगंज का कोंडर, छपिया का स्वामीनारायण धाम और पृथ्वीनाथ महादेव प्रमुख हैं। इन स्थलों के डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आने से धार्मिक पर्यटन को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। पर्यटन को बढ़ावा मिलने से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। गाइड, होटल, परिवहन, फोटोग्राफी व हस्तशिल्प जैसे क्षेत्रों में युवाओं को रोजगार मिलेगा, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी

# रामनवमी पर 15 हजार दीपकों से जगमगाया सूर्य कुण्ड

## श्री देवीपाटन शक्तिपीठ में पहली बार आयोजित किया गया भव्य दीपोत्सव, लेजर लाइट शो ने मोह लिया दर्शकों का मन

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** रामनवमी के पावन अवसर पर श्री देवीपाटन शक्तिपीठ में शुक्रवार देर शाम पहली बार आयोजित भव्य दीपोत्सव एवं लेजर लाइट शो अत्यंत श्रद्धा, भव्यता और आधुनिकता के संगम के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक आयोजन ने स्थानीय जनमानस के साथ-साथ दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं को एक अलौकिक आध्यात्मिक अनुभव प्रदान किया।

कार्यक्रम के अंतर्गत सूर्य कुण्ड परिसर में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा लगभग 15 हजार दीप प्रज्ज्वलित किए गए, जिससे पूरा क्षेत्र दीपमालिका से जगमगा उठा। दीपों की अद्भुत आभा ने वातावरण को भक्तिमय ऊर्जा से सराबोर कर दिया और उपस्थित जनसमूह इस दृश्य को देखकर अभिभूत नजर आया।

दीपोत्सव के उपरांत मां पाटेश्वरी के सानिध्य में भव्य संध्या आरती का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता रही। पूरे मंदिर परिसर में जय माता दी के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा और श्रद्धालु भक्ति में लीन दिखे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण आधुनिक तकनीक से सुसज्जित लेजर लाइट शो रहा, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। लगभग 30 मिनट तक चले इस शो में रामायण की गाथा, शिव तांडव और संगीतबद्ध प्रस्तुतियों का जीवंत चित्रण किया गया, जिसे देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। इस आयोजन ने पारंपरिक आस्था और तकनीकी नवाचार का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करते हुए जिले में एक नई सांस्कृतिक परंपरा की शुरुआत की।

इस अवसर पर देवीपाटन शक्तिपीठ महंत मिथलेश नाथ योगी, तुलसीपुर विधायक कैलाश शुक्ला, उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा, मंडल आयुक्त देवीपाटन, डीएम बलरामपुर विपिन कुमार जैन, एसपी बलरामपुर विकास कुमार, भाजपा जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम मनोहर तिवारी सहित बड़ी संख्या में नागरिक और श्रद्धालु मौजूद रहे।


देवीपाटन धाम में दीपकों की रोशनी से जगमगाता सूर्यकुंड। ● अमृत विचार


श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना लेजर शो। ● अमृत विचार

## प्रभु श्रीराम की भक्ति में डूबा बलरामपुर, झारखंडी मंदिर से निकली शोभायात्रा

**बलरामपुर, अमृत विचार :** शुक्रवार देर शाम शहर में भक्ति और उत्सव का अद्भुत माहौल देखने को मिला, जब झारखंडी मंदिर से श्रीराम दरबार की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। ढोल-नगाड़ों की गूंज और जय श्रीराम के जयकारों के बीच आगे बढ़ती इस यात्रा ने नगर को राममय बना दिया। पूजन-अर्चन के बाद शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों और मंदिर समिति के सदस्यों ने हिस्सा लिया। यात्रा विभिन्न मार्गों से होकर आगे बढ़ी, श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बढ़ती गई और पूरा शहर आस्था के रंग में रंगता नजर आया। प्रमुख चौराहों पर यात्रा का स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा कर भगवान श्रीराम के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। सड़कों से लेकर मकानों की छतों तक लोग दर्शन के लिए उमड़े रहे। शोभायात्रा में सुसज्जित श्रीराम दरबार की आकर्षक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। वहीं अयोध्या से लाया गया अलंकृत हाथी लोगों के बीच कौतूहल का विषय बना रहा। यात्रा का समापन रामलीला मैदान में हुआ, जहां श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से भगवान श्रीराम का जयघोष कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर सदर विधायक पलटूराम, नगर पालिका अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह 'धीरू', मंदिर प्रबंधक राजकुमार श्रीवास्तव, रामकृष्ण सिंह 'लड्डू' सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।


बलरामपुर नगर में निकली रामनवमी शोभायात्रा में मौजूद लोग । ● अमृत विचार

## राजन गुप्ता बने भाजपा के मंडल कोषाध्यक्ष

**श्रीदत्तगंज, बलरामपुर, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के गुमड़ी मंडल में संगठन विस्तार के तहत राजन कुमार गुप्ता को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार वर्मा द्वारा जारी सूची के बाद कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। मनोनयन की जानकारी मिलते ही दिलीप, राहुल, विनोद, संजय, विजय, अरमान, सोनू और साहिल सहित कई कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी। सभी ने विश्वास जताया कि उनकी सक्रियता से संगठन और मजबूत होगा। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि जिम्मेदारी समर्पित कार्यकर्ताओं को दी जा रही है। वहीं राजन गुप्ता ने आभार जताते हुए संगठन हित में पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया।


राजन कुमार गुप्ता।

## पायनियर पब्लिक स्कूल में मेधावियों का हुआ सम्मान


वार्षिक समारोह में बच्चों को रिपोर्ट कार्ड वितरित करते अतिथि। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज, कालीथान में शनिवार को वार्षिक रिपोर्ट कार्ड वितरण समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंध निदेशक डॉ. एम.पी. तिवारी, उपप्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय और उपप्रधानाचार्य राघवेन्द्र त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि जे.पी. पाण्डेय (प्रधानाचार्य, एमएलके पीजी कॉलेज) व अन्य अतिथियों के स्वागत के साथ किया। मुख्य अतिथि ने फीता काटकर व मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और स्वागत नृत्य से हुई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। इसके बाद शैक्षणिक सत्र 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नर्सरी से लेकर इंटरमीडिएट तक के विद्यार्थियों को रिपोर्ट कार्ड, मेडल और उपहार देकर सम्मानित किया गया। विभिन्न कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं ने अपने विद्यालय और अभिभावकों का मान बढ़ाया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों में एकल व समूह नृत्य ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। समारोह में डॉ. राजीव रंजन, डॉ. शिवानंद पांडेय सहित कई लोग उपस्थित रहे। अंत में प्रबंध निदेशक डॉ. एम.पी. तिवारी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए स्मृति चिह्न भेंट किए। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार और अभिभावकों की भी सक्रिय सहभागिता रही।

## रक्तदान शिविर में 18 लोगों ने किया महादान


रक्तदानियों का मनोबल बढ़ाते सदर विधायक व अन्य। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** रोटरी क्लब बलरामपुर ग्रेटर, रोटरी अंतर्राष्ट्रीय मंडल 3120 एवं युवा उद्योग व्यापार मंडल के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय तुलसी पार्क में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सदर विधायक पल्टूराम ने किया। शिविर में कुल 18 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष बृजेन्द्र तिवारी, आलोक अग्रवाल, क्लब के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. देवेश चंद्र श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष संजय शर्मा, तीरथ दास तोलानी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। क्लब के सदस्यों और युवा व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। शिविर में अटल बिहारी बाजपेई मेडिकल कॉलेज की पैथोलॉजिस्ट डॉ. आकांक्षा शुक्ला व उनकी टीम ने सहयोग किया। आयोजन संयोजक हिमांशु शुक्ला के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। क्लब अध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि रोटरी इंटरनेशनल द्वारा समाजहित में ऐसे आयोजन लगातार किए जाते हैं। वहीं मुख्य अतिथि पल्टूराम ने रक्तदान को जीवन बचाने वाला सबसे बड़ा दान बताया।

# आरओबी को 90 करोड़ की राशि जारी

झारखण्डी रेलवे क्रॉसिंग

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जनपद को बड़ी राहत देते हुए झारखण्डी रेलवे क्रॉसिंग पर प्रस्तावित 2-लेन रेल उपरिगामी सेतु के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश सरकार ने 90 करोड़ रुपये की पहली किश्त जारी कर दी है। करीब 292 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना को पहले ही प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति मिल चुकी है। अब धनराशि जारी होने से निर्माण में तेजी आने की उम्मीद है।

यह ओवरब्रिज बलरामपुर-श्रावस्ती-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-730) पर स्थित झारखण्डी रेलवे स्टेशन के मध्य समपार पर बनाया जाएगा। शासन के निर्देश पर वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत 90 करोड़ रुपये अवमुक्त किए गए हैं, जिससे प्रारंभिक कार्यों को शीघ्र गति दी जा सके। परियोजना का निर्माण उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटेड द्वारा कराया जाएगा और इसे 24 माह में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित है। सेतु निर्माण के बाद रेलवे क्रॉसिंग पर लगने वाले जाम से लोगों को स्थायी राहत मिलेगी, जिससे यातायात सुगम होगा और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी में सुधार आएगा।

इस परियोजना में रेलवे पोर्शन, भूमि अर्जन, यूटिलिटी शिफ्टिंग और एप्रोच रोड सहित सभी कार्यों के लिए अलग-अलग बजट का प्रावधान किया गया है। पूरी लागत राज्य सरकार द्वारा वहन की जा रही है, जिससे जनपद के विकास को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।


बलरामपुर नगर स्थित झारखंडी रेलवे क्रॉसिंग। ● अमृत विचार

## लापता युवक का शव जलाशय में मिला

**जरवा, बलरामपुर, अमित विचार :** थाना कोतवाली जरवा क्षेत्र के एक युवक का शव दो दिन बाद चित्तौड़गढ़ जलाशय में मिला। शव की पहचान शमशाद खान (32) पुत्र स्व. इरफान खान, निवासी जरवा के रूप में हुई है, जो टड़वा में सीएससी ऑनलाइन सेंटर संचालित करता था। प्रधान शकील खान के अनुसार, शमशाद 26 मार्च को सुबह करीब 11 बजे बाइक से सेंटर के लिए निकला था। दोपहर में उसकी बाइक जलाशय के बंधे पर खड़ी मिली, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। शुक्रवार को एसडीआरएफ टीम ने जलाशय में रेस्क्यू अभियान चलाया, पर सफलता नहीं मिली। शनिवार सुबह करीब 11 बजे जलाशय में शव उतराता दिखा, जिसे मौके पर मौजूद एसडीआरएफ टीम ने बाहर निकाला। प्रभारी निरीक्षक दुर्विजय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जांच की जा रही है।

# पेट्रोल पंपों पर लग रही है लोगों की कतार

उतरौला, बलरामपुर

**अमृत विचार :** क्षेत्र में पेट्रोल पंपों पर उमड़ती भीड़ ने आम लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। ईंधन को लेकर फैल रही अफवाहों ने हालात को और तनावपूर्ण बना दिया है। नतीजतन, उपभोक्ताओं को घंटों कतार में खड़ा रहना पड़ रहा है, जबकि कई स्थानों पर डीज़ल आधारित कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार, अचानक बढ़ी भीड़ ने व्यवस्था को चरमरा दिया है। हर किसी के मन में भविष्य को लेकर संशय बना हुआ है। इस बीच जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने वीडियो जारी कर स्पष्ट किया है कि जनपद में पेट्रोल और डीज़ल की पर्याप्त उपलब्धता है तथा आपूर्ति पूरी तरह सुचारु है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि भ्रामक सूचनाओं से दूर रहें और अनावश्यक भंडारण से बचें।

हालांकि, जमीनी स्थिति प्रशासनिक दावों से अलग नजर आ रही है। कई पंपों पर सैकड़ों लोग जुट रहे हैं, जिससे अव्यवस्था का माहौल बन गया है। कुछ जगहों पर विशेष लोगों को प्राथमिकता दिए जाने की शिकायतें भी सामने आई हैं, जिससे आम उपभोक्ताओं में असंतोष बढ़ रहा है।

ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि जब आपूर्ति सामान्य है, तो भीड़ क्यों थम नहीं रही। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि पंपों पर व्यवस्था दुरुस्त की जाए और अफवाह फैलाने वालों पर सख्ती बरती जाए, ताकि हालात सामान्य हो सकें और लोगों को राहत मिल सके।

## तराई क्षेत्र में तेंदुए ने बछड़े को बनाया शिकार

**महराजगंज तराई, बलरामपुर, अमृत विचार :** बरहवा रेंज अंतर्गत ग्राम फिरोजपुर में तेंदुए की दस्तक से ग्रामीणों में भय का माहौल व्याप्त है। शनिवार सुबह गांव निवासी मुन्नू मौर्य जब अपनी गौशाला पहुंचे तो उनका बछड़ा गायब मिला। तलाश करने पर गांव के पश्चिम स्थित उनके बाग में बछड़े के अवशेष पड़े मिले, जबकि शरीर का आधा हिस्सा गायब था, जिससे तेंदुए के हमले की आशंका जताई जा रही है। घटना के बाद गांव में दहशत फैल गई है। ग्रामीण धर्मेंद्र सिंह, जयप्रकाश, विनोद, कृष्णकुमार और रामजी सहित अन्य लोगों ने वन विभाग से तेंदुए को पकड़ने और गांव में पिंजरा लगाए जाने की मांग की है। इस संबंध में बरहवा रेंज के रेंजर बृजेश सिंह परमार ने बताया कि मामले की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम को मौके पर भेजा जा रहा है।

## इंडो-नेपाल सीमा पर सघन चेकिंग व पैदल गश्त

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की संयुक्त टीम द्वारा भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पैदल गश्त कर संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर कड़ी निगरानी रखी गई। अभियान के तहत पटौली नाका, थाना हरैया तथा चौकी बघेलखण्ड, थाना कोतवाली जरवा क्षेत्र में पुलिस और एसएसबी के जवानों ने सीमावर्ती गांवों में भ्रमण कर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की जांच की। सीमा पर होने वाली असामाजिक गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। इसके साथ ही ग्राम सुरक्षा समितियों और स्थानीय संभ्रांत नागरिकों को मादक पदार्थों की तस्करी, मानव एवं गौ तस्करी, अवैध कटान सहित अन्य आपराधिक गतिविधियों के प्रति जागरूक किया गया।

# एफपीओ ने शुरू की गेहूं खरीद, किसान सम्मानित

**गोंडा, अमृत विचार:** जिले में किसानों को बेहतर बाजार और समय पर भुगतान उपलब्ध कराने की दिशा में अथरिस फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी (एफपीओ) की पहल शुरू कर दी है।

बेलसर ब्लॉक के लौव्वा टेपरा स्थित एफपीओ केंद्र पर गेहूं बेचने पहुंचे किसानों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जहां सीईओ कुलदीप मिश्रा ने किसानों को अंगवस्त्र भेंट कर उनका स्वागत किया। सीईओ ने बताया कि बीज उत्पादन के उद्देश्य से गेहूं खरीद प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। अब तक करीब 500 क्विंटल गेहूं की खरीद की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि एफपीओ के माध्यम से किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के साथ त्वरित भुगतान सुनिश्चित किया जा रहा है। इस दौरान कंसापुर फार्म के सरदार रंजीत सिंह, इंद्रजीत सिंह, गुरप्रीत सिंह, हरकीरत सिंह और कुलविंदर सिंह समेत करीब आधा दर्जन किसानों ने अपनी उपज एफपीओ केंद्र पर बेची। सभी किसानों के खातों में भुगतान ऑनलाइन माध्यम से भेज दिया गया।

कार्यक्रम में मौजूद किसानों ने एफपीओ की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे उन्हें बिचौलियों से मुक्ति मिली है और समय पर भुगतान मिलने से आर्थिक स्थिति भी मजबूत हो रही है। एफपीओ प्रबंधन ने भविष्य में और अधिक किसानों को जोड़ने की बात कही है।

## किशोरी के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

**खरगूपुर, गोंडा, अमृत विचार :** किशोरी का अपहरण कर ले जाने के आरोप में पुलिस ने लड़की को बरामद कर आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने अपनी 16 वर्षीया बेटी को अपहरण कर ले जाने का आरोप लगाते हुए 19 मार्च को आरोपी शंकर निवासी मोहल्ला धुसाह कोतवाली देहात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने किशोरी को बरामद करने तथा आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम बनाई थी । प्रभारी थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि पुलिस ने शनिवार को गोंडा-बलरामपुर मार्ग पर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दस दिन पूर्व अपहरण कर ले जाने वाली किशोरी को बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी को जेल भेजा गया है।

# बेटियों को शिक्षा दिलाने को किया प्रेरित

**गोंडा, अमृत विचार :** श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिन स्वयं सेवकों ने महिला सशक्तिकरण और बालिका शिक्षा के प्रति जन जागरूकता अभियान चलाया। शिविर स्थल से चयनित गांव बंगरहवा, परेड सरकार, नेवलगंज और बनकटाचार्यगंज तक रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया।

स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर ग्रामीणों को बालिकाओं को शिक्षा दिलाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने ग्राम वासियों से बालिकाओं का अधिकाधिक विद्यालयों में नामांकन कराने, और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की अपील की। स्वयं सेवकों ने बनकटाचार्यगंज स्थित राजकीय बाल संरक्षण गृह का भ्रमण किया। वहां निवास कर रहे बालकों से मिलकर उनकी शैक्षणिक स्थिति को समझा और उन्हें अच्छा नागरिक बनकर समाज सेवा के लिए प्रेरित किया। इस दौरान बच्चों को बिस्कुट भी वितरित किए गए। भोजन के बाद आयोजित बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर राज बहादुर सिंह बघेल ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी पवन कुमार सिंह, डॉ. चमन कौर, डॉ. परवेज आलम और डॉ. दिलीप शुक्ल ने अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन पवन कुमार सिंह ने किया, जबकि अंत में डॉ. दिलीप शुक्ल ने मुख्य अतिथि सहित सभी उपस्थित लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया।


बच्चों की देखभाल के बारे में जानकारी करते शिविरार्थी। ● अमृत विचार

## प्रशिक्षण आयोजित

**रुपईडीह, गोंडा, अमृत विचार :** कोलोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों के कार्यकर्ताओं व नोडल शिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण पार्वती देवी इंटर कॉलेज में हुआ। बीईओ शशांक कुमार सिंह ने बताया कि प्रशिक्षक अनिल कुमार तिवारी व पवन कुमार मौर्य ने प्री प्राइमरी की कक्षाओं को संचालित किए जाने के तरीकों को अवगत कराया।


**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मीजान अहमद खान (MIZAN AHMAD KHAN) के पिता स्व. कमाल अहमद खान (KAMAL AHMAD KHAN) की जन्मतिथि 09-06-1947 एवं जन्मस्थान-चिर्रा (घर पर) तथा मृत्यु तिथि 03-10-2009 एवं मृत्यु स्थान चिर्रा (घर पर) तथा अन्तिम समय तक मूल निवास ग्राम व पोस्ट चिर्रा मोहम्मदपुर, ब्लॉक व तहसील सोहावल-जनपद-अयोध्या, राज्य -उत्तर प्रदेश में ही रहा है।


मिशन शक्ति अभियान 5 .0

महिला सशक्तिकरण को लेकर रन फॉर एंपावरमेंट का हुआ आयोजन, पुलिस लाइन से हुआ दौड़ का शुभारंभ

# दौड़ में भाग लेकर महिला पुलिसकर्मियों ने दिया स्वावलंबन का संदेश

**गोंडा, अमृत विचार :** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के द्वितीय चरण के तहत शनिवार को पुलिस की ओर से रन फॉर एंपावरमेंट का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के नेतृत्व में आयोजित इस दौड़ में महिला पुलिसकर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन का संदेश दिया।

दौड़ का शुभारंभ पुलिस लाइन से हुआ, जिसे पुलिस अधीक्षक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दौड़ कचहरी, अंबेडकर चौराहा, एनसीसी कार्यालय होते हुए यातायात कार्यालय पर संपन्न हुई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में महिलाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना और आमजन को मिशन शक्ति अभियान से जोड़ना रहा।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा 22 सितंबर 2025 को शारदीय नवरात्रि के अवसर पर मिशन शक्ति अभियान 5.0 की शुरुआत की गई थी, जिसके अंतर्गत वर्तमान में द्वितीय चरण संचालित है। इसी क्रम में पुलिस लगातार जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रही है।अभियान के तहत एंटी रोमियो टीमों द्वारा सार्वजनिक स्थलों, विद्यालयों, कोचिंग संस्थानों और बाजारों में निगरानी रखी जा रही है तथा असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। साथ ही महिला पुलिसकर्मियों द्वारा विभिन्न स्थानों पर पैंफलेट वितरित कर महिलाओं व बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 112, 108 आदि की जानकारी दी जा रही है। इस मौके परएएसपी पूर्वी मनोज कुमार रावत, सहायक पुलिस अधीक्षक अभिषेक दवाच्या, प्रतिसार निरीक्षक अजय प्रताप सिंह आदि थे।


पुलिस लाइन में दौड़ लगाती महिला पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार


**कार्यालय नगर पंचायत लम्भुआ सुलतानपुर**

पत्रांकः- 608 / न0प0लम्भु0सुल0/निविदा सूचना/2025-26 दिनांकः 28/03/26

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

नगर पंचायत लम्भुआ सुलतानपुर में राज्य वित्त आयोग मद से नीचे उल्लिखित निर्माण कार्यो को कराये जाने हेतु प्रमुख सचिव महोदय के पत्र संख्या 3890/नौ-5-19-14 (स) / 2019-20 दिनांक 20 सितम्बर, 2019 के कम में समस्त सिविल ठेकेदारों से दिनांक 06.04.2026 को अपरान्ह 1: 00 बजे तक सीलबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक 06.04.2025 को ठेकेदारों की उपस्थिति अथवा अनुपस्थिति में प्रातः 04.00 बजे अध्यक्ष महोदय नगर पंचायत लम्भुआ सुलतानपुर के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य का भुगतान करने पर कार्यालय नगर पंचायत लम्भुआ सुलतानपुर के कार्यालय कार्य दिवस में दिनांक 30.03.2026 से दिनांक 04.04.2026 अपराह्न 02: 00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है। कार्य के सम्बन्ध में अन्य जानकारियां कार्यालय कार्य दिवस में नगर पंचायत में की जा सकती हैं। कराये जाने वाले कार्यो का विवरण निम्नवत् है।

| क्र.सं. | कार्य विवरण | आगणन धनराशि जी0एस0टी0 रहित | 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य जी0एस0टी0 सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| राज्य वित्त आयोग | | | | | |
| 01 | वार्ड अटलनगर में मेन रोड से मनोज पाण्डेय के घर तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य। | 4,08,493.00 | 40,850.00 | 485.00 | 15 दिवस |

नोटः- नियम व शर्तो की जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

(अमित कुमार सिंह) अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत लम्भुआ सुलतानपुर

(अवनीश कुमार) अध्यक्ष नगर पंचायत लम्भुआ सुलतानपुर

# सड़क हादसे में मासूम की मौत, देवर-भाभी घायल

## बहराइच-नानपारा हाईवे पर रामगांव इलाके के बेगमपुर के पास बाइक डिवाइडर से टकराने से हुआ हादसा

खैरीघाट (बहराइच)

**अमृत विचार।** रामगांव थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में आठ माह के मासूम की मौत हो गई, जबकि उसकी मां और चाचा गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों बाइक से दवा लेने बहराइच आ रहे थे, तभी रास्ते में यह हादसा हो गया।

जानकारी के अनुसार, खैरीघाट क्षेत्र के बाजपुरवा निवासी सुधीर सिंह का पुत्र शुभंकर सिंह (8 माह) अपनी मां शशि सिंह और चाचा अंकित सिंह के साथ बाइक से बहराइच जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक बहराइच-नानपारा हाईवे पर रामगांव इलाके के बेगमपुर के पास पहुंची, अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और पलट गई। हादसे में मासूम शुभंकर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि शशि सिंह और अंकित सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने तुरंत घायलों को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिवार में कोहराम मच गया है।


हादसे की सूचना पर अस्पताल पहुंचे परिजन। अमृत विचार


हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार।

**ट्रक व कार की टक्कर में चार लोग गंभीर, पयागपुर (बहराइच):** पयागपुर-इकौना मार्ग स्थित अकरौरा नहर पुल के पास शुक्रवार की रात एक तेज रफ्तार ट्रक ने कार को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण भिड़ंत में कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार एक ही परिवार के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने राहगीरों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुँचाया, जहाँ से दो की गंभीर हालत देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात करीब आठ बजे जब कार सवार लोग अपने गंतव्य की ओर जा रहे थे, तभी अकरौरा नहर पुल के पास सामने से आ रहे अनियंत्रित ट्रक ने कार को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार लोग अंदर ही फंस गए। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी दीपक सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे और घायलों को बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पयागपुर भिजवाया। हादसे में आराधना (32), सुशीला देवी (62), संगीता (30) और ऋषभ मिश्र (12) गंभीर रूप से घायल हुए हैं। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने आराधना और सुशीला देवी की हालत नाजुक बताते हुए उन्हें तत्काल मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया हादसे के बाद अंधेरे का फायदा उठाकर ट्रक चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। थाना प्रभारी दीपक सिंह ने बताया कि अज्ञात ट्रक और उसके चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है। आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों और प्रत्यक्षदर्शियों की मदद से ट्रक की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। जल्द ही चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# घर के अंदर फंदे से झूलता मिला युवक का शव, मचा कोहराम

पयागपुर (बहराइच)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के कोट बाजार पील खाना मोहल्ले में शनिवार दोपहर एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर फंदे से लटकता मिला। युवक की मौत की खबर मिलते ही इलाके में सनसनी व परिजनों में कोहराम मचा रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

घटना के बाद फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए हैं मिली जानकारी के अनुसार, बरसाती का 25 वर्षीय पुत्र दीपू शनिवार दोपहर अपने कमरे में था। दोपहर करीब 12 बजे तक जब वह काफी देर तक बाहर नहीं निकला, तो उसकी बहन उसे बुलाने के लिए कमरे की ओर गई। कमरे का नजारा देखते ही उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। अंदर दीपू का शव फंदे से झूल रहा था। बहन की चीख सुनकर परिवार के अन्य सदस्य भी मौके पर पहुंच गए। देखते ही देखते घर के बाहर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई घटना की जानकारी तत्काल पयागपुर पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी दीपक सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया। टीम ने कमरे से फिंगरप्रिंट और अन्य साक्ष्य एकत्र किए हैं थानाध्यक्ष दीपक सिंह ने बताया कि युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फिलहाल खुदकुशी का मामला लग रहा है, लेकिन मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चलेगा। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।


घटना की खबर सुनकर जुटी भीड़।

## न्यूज ब्रीफ

### फोरलेन चौड़ीकरण के लिए होगा निरीक्षण

**बहराइच :** नगर मजिस्ट्रेट, विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी बहराइच राजेश प्रसाद ने बताया कि में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-927 के फोरलेन (बाराबंकी-बहराइच सेक्शन) के चौड़ीकरण जिसमें तहसील कैसरगंज 60 व तहसील महसी के 4 ग्राम की भूमि ली जा रही है। तहसील कैसरगंज के 8 ग्राम तप्पेसिपाह आदमपुर झुकिया मुस्ताफाबाद रिठौडा में जिन काश्तकारों की भूमि ली जा रही है। उसका मुआवजा निर्धारित किये जाने हेतु 1 अप्रैल को स्थलीय निरीक्षण किया जायेगा। जिसमें तहसील कैसरगंज की राजस्व टीम, एनएचआई की टीम मौके पर उपस्थित रहेगी।

### सरकारी भूमि से अवैध कब्जे हटाए गए

**बहराइच :** तहसील नानपारा में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे के खिलाफ एसडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी द्वारा कड़ा रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की गई है। एसडीएम की तत्परता के चलते शिकायत मिलते ही राजस्व टीम मौके पर पहुंची और अवैध निर्माण को ध्वस्त कर जमीन को कब्जामुक्त करा दिया गया। ग्राम पंचायत कलवारी में कुछ लोगों ने सरकारी भूमि पर पक्का निर्माण कर अवैध कब्जा कर लिया था।

### मारपीट के दोषी को अर्थदंड की सजा

**श्रावस्ती :** सिरसिया थाना क्षेत्र के दूबेपुरवा गांव निवासी अजय कुमार उर्फ पतरकू पुत्र बुद्धिसागर ने वर्ष 2020 में एक महिला के साथ मारपीट की थी। महिला की तहरीर पर अजय के विरुद्ध केस दर्ज कर उसे जेल भेजा गया था। मामले का विचारण न्यायालय में चल रहा था। शनिवार को न्यायालय जेएम दिलीप कुमार साहनी ने आरोपी को दोषी करार देते हुए जेल में बिताई गई अवधि के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 1000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

### तमंचे के साथ एक युवक गिरफ्तार

**बदला (श्रावस्ती) :** हरदत्त नगर गिरण्ट में तैनात प्रभारी निरीक्षक महिमानाथ उपाध्याय ने शनिवार वाहन जांच के दौरान मानूडीह रानीसीर मार्ग के पास से एक युवक को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से एक देशी तमंचा 12 बोर कारतूस बरामद हुआ। उसकी पहचान थाना क्षेत्र के ग्राम रानीसीर के मजरा बेगमपुर निवासी राम कमल पुत्र रमेश कुमार के रूप में हुई। जिसके विरुद्ध शस्त्र अधिनियम में कार्रवाई कर जेल भेजा गया है।

### थाना समाधान दिवस का हुआ आयोजन

**श्रावस्ती :** जिले के थानों में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें अधिकारियों ने लोगों की शिकायत सुनी। प्राप्त 12 शिकायतों में से तीन का मौके पर निस्तारण कराया गया। सोनवा थाने में इकौना क्षेत्राधिकारी भरत पासवान की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। यहां तीन शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से किसी का भी निस्तारण नहीं हो पाया। सीओ ने प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया। वहीं हरदत्त नगर गिरंट थाने में एसडीएम संजय राय व प्रभारी निरीक्षक महिमानाथ उपाध्याय ने लोगों की शिकायत सुनी। यहां मात्र एक शिकायत प्राप्त हुई। जिसका मौके पर ही समाधान कराया गया। इकौना व मल्हीपुर थाने में एक-एक शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिनका निस्तारण कर दिया गया। वहीं सिरसिया में एक, नवीन मॉडर्न थाना श्रावस्ती में तीन व गिलौला थाने में दो शिकायती पत्र प्राप्त हुए। किसी का भी निस्तारण नहीं हो सका।

# तेंदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग ने लगाया पिंजरा

कैसरगंज, बहराइच)

- खेत में काम करते समय युवक पर किया था हमला

**अमृत विचार।** जिले के कैसरगंज थाना क्षेत्र में स्थित गोडहिया नंबर 1 में खेत गए एक युवक पर अचानक तेंदुए में हमला कर उसे घायल कर दिया था । लोगों के लाठी डंडे लेकर दौड़ने पर उसकी जान बच सकी थीं । जिसके बाद देर रात वन विभाग की टीम ने तेंदुए को पकड़ने के लिए खेत के किनारे पिंजरा लगाया गया है ।

गोडहिया नंबर 1 स्थित बभनन पुरवा ग्राम का रहने वाला राकेश नाम के युवक शुक्रवार को घर से कुछ दूर पर स्थित अपने खेत गया था। तभी अचानक तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया । इस दौरान युवक चीखते हुए उससे भीड़ गया। आवाज सुनकर ग्रामीण लाठी डंडे लेकर मौके पर पहुंच गए। इस दौरान जानवर उसे छोड़ भाग गया, हमले में युवक के पैर में घाव हो गया था।


लगाया गया पिंजरा। अमृत विचार

युवक पर हमले की घटना के बाद देर रात पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय सिंह व वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि जानवर को पकड़ने के लिए गन्ने के खेत के पास पिंजरा लगाया गया है। इसके साथ ही ग्रामीणों से सतर्क रहने की बात कही गई है।

# सपा विधायक ने विभिन्न समस्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

कैसरगंज (बहराइच)

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी की ओर से शनिवार को क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर क्षेत्रीय विधायक आनन्द यादव एडवोकेट के नेतृत्व मे धरना प्रदर्शन किया गया तथा 11 सूत्रीय मांगों का एक ज्ञापन जो राज्यपाल को संबोधित था एसडीएम अखिलेश कुमार सिंह को सौंपा।

क्षेत्रीय सपा विधायक आनंद यादव नेतृत्व में सौ से अधिक कार्यकर्ता तहसील परिसर में एकत्रित हुए उन्होंने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एक ज्ञापन एसडीएम अखिलेश कुमार सिंह को सौंपा। इस ज्ञापन के माध्यम से विधायक ने राज्यपाल को अवगत कराया कि इस समय पेट्रोल, डीजल की भारी किल्लत चल रही है, जिससे लोग बेहद परेशान हैं। वहीं गैस सिलेंडर के लिए आम आदमी भटक रहा है। इसके साथ घाघरा के कछार में स्थित एक दर्जन गांव भेड़िया, फिशकैट व तेंदुए के हमले से परेशान हैं। संजय सेतु की स्थिति बेहद जर्जर है। गोड़हिया में 1983 से चल रहा सर्वे आज तक पूरा नहीं हो पाया है।कटान पीड़ित खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। लेकिन इन समस्याओं के निराकरण के लिए सरकार की ओर से कोई पहल नहीं की जा रही है। उन्होंने राज्यपाल से इन सभी समस्याओं का तत्काल निराकरण कराया जाने की मांग की है।


एसडीएम को ज्ञापन देते विधायक आनंद यादव व मौजूद कार्यकर्ता। अमृत विचार

प्रदर्शन

इस मौके पर बाबू खां, दाताराम मौर्य, विनोद कुमार सिंह विसेन एडवोकेट, नसीब खां एडवोकेट, शांति प्रसाद यादव, अभिषेक यादव, कृष्ण कुमार गुप्ता सफीउल्लाह एडवोकेट सहित सौ से अधिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विधायक ने धार्मिक ट्रस्ट का किया लोकार्पण

**पयागपुर (बहराइच) अमृत विचार।** विकासखंड पयागपुर क्षेत्र के चरनियाकोट में शनिवार को ऐतिहासिक और धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विधायक सुभाष त्रिपाठी ने श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर पब्लिक धार्मिक ट्रस्ट के लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इसके पश्चात विधायक ने विधिवत फीता काटकर ट्रस्ट का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक संस्थान समाज में सकारात्मक ऊर्जा, एकता और संस्कारों को मजबूत करते हैं। ट्रस्ट के संस्थापकों एवं सदस्यों श्री सुरेश कुमार गुप्ता अध्यक्ष, बृजमोहन मुख्य प्रबंधक, विपिन कुमार कसौधन ने मुख्य अतिथि का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, विनोद कुमार शुक्ला, सुनील कुमार त्रिपाठी, दिहालदास मिश्रा, और श्रद्धालु एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। वातावरण पूरी तरह भक्तिमय एवं उत्साहपूर्ण रहा। इस अवसर पर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बताया कि इस मंदिर के माध्यम से समाज सेवा, धार्मिक आयोजन एवं जनकल्याण के कार्य निरंतर किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी आगंतुकों के प्रति आभार मनोज कुमार गुप्ता कानूनी सलाहकार के द्वारा किया गया। मंच संचालक दिलीप कुमार गुप्ता जी रहे।



समारोह को संबोधित करते विधायक सुभाष त्रिपाठी।

## भारत और नेपाल के बीच रिश्तों को मजबूत करने को खेल महोत्सव आज

**बहराइच, अमृत विचार।** शहर के किसान डिग्री कॉलेज स्थित खेल मैदान में रविवार से आयोजित खेल महोत्सव में भारत और नेपाल के खिलाड़ी शामिल होंगे। इस प्रतियोगिता में दोनों देश के खिलाड़ी शामिल होंगे। दोनों देश के बीच क्रीड़ा भारती और सीमा जागरण मंच की ओर से शुरू होने वाली खेल प्रतियोगिता से रिश्ते मजबूत होंगे। यह बात पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में मुख्य अतिथि सुरेश प्रताप सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि खेल महोत्सव से भारत और नेपाल के मध्य रिश्तों में मजबूती तो आएगी ही। साथ ही युवाओं को प्रतिभा निखारने में एक उचित स्थान मिल रहा है। किसान डिग्री कॉलेज के सचिव मेजर डॉक्टर एसपी सिंह ने कहा कि भारत और नेपाल के बीच रोटी बेटी का रिश्ता है। जो काफी समय से चला आ रहा है, लेकिन ऐसे आयोजनों से और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि दोनों देश के बीच हुए तनाव को कम करने के लिए ऐसे आयोजन जरूरी है। साथ ही सीमा वर्ती गांवों के लोगों को भी इन आयोजन में प्रतिभाग करने के लिए सफलता मिलेगी। इसका शुरुआत रविवार को क्रास कंट्री दौड़ से होगी। यह रन फार नाम से शुरू होगी। नेपाल के लोगों को जोड़ने के लिए इसका आयोजन किया गया है। जिसमें प्रांत प्रचारक, एमएलसी, संगठन मंत्री अमर नाथ, समेत अन्य शामिल होंगे। प्रतियोगित में सीमा क्षेत्र की चार टीम, नेपाल की चार टीम रहेगी। इस दौरान अमरनाथ प्रान्त संगठन मंत्री सीमा जागरण मंच, जिला संयोजक किसान मोर्चा सत्य प्रकाश सिंह सत्या, सभासद आशीष सिंह, देवेंद्र सिंह, डिम्पल जैन, आदित्य चंद मिश्र, डिंकु सिंह रैकवार क्रीड़ा भारती अध्यक्ष अटल सिंह, विवेक शुक्ल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



पत्रकारों से बातचीत करते मेजर एसपी सिंह व अन्य।

## प्रशिक्षित किए गए महिला स्वयं सहायता समूह

**बहराइच, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण तथा जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देशानुसार जिला प्रशासन व जिला आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान 28 से 30 मार्च 2026 तक आयोजित होने वाले 03 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिन कलेक्ट्रेट स्थित जनसुनवाई कक्ष में स्वयं सहायता समूहों की 150 महिलाओं को आपदा जोखिम न्यूनीकरण में स्वयं सहायता समूहों की भूमिका विषयक पर विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह जानकारी देते हुए अपर जिलाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन 29 मार्च को जनपद स्तरीय अधिकारी/कर्मचारी तथा अन्तिम दिन 30 मार्च 2026 को 100 आपदा मित्रों को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। डिप्टी कलेक्टर लालधर सिंह यादव द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने महिला स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं का आह्वान किया कि यहां उन्हें जो भी जानकारी प्राप्त हो उसे समूह की दूसरी महिलाओं तथा अपने कार्य क्षेत्र की अन्य महिलाओं के साथ साझा करें। कार्यक्रम में जिला आपदा विशेषज्ञ सुनील कुमार कनौजिया द्वारा आपदा जोखिम न्यूनीकरण विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा कार्यक्रम में सम्मिलित मास्टर ट्रेनर अनिल कुमार वर्मा व सुनील कुमार चौधरी तथा शिवम सिंह द्वारा विभिन्न आपदाओं पर क्या करें-क्या न करें के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गयी है।

## फूलमती देवी मंदिर में भंडारे का हुआ आयोजन

**पयागपुर (बहराइच), अमृत विचार।** चैत्र नवरात्र के पावन पर्व के समापन के उपलक्ष्य में शनिवार को पयागपुर क्षेत्र के प्रसिद्ध बघेल झील स्थित फूलमती देवी माता मंदिर पर भव्य कन्या भोज एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर माता का आशीर्वाद लिया और प्रसाद ग्रहण किया शुक्रवार को नवमी तिथि के समापन के साथ ही क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में नौ दिनों से चल रहे पूजन, हवन और देवी भागवत पाठ का विधि-विधान से समापन हुआ था। शनिवार को दशमी तिथि यानी नवरात्र पारण के अवसर पर फूलमती देवी मंदिर परिसर में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। सर्वप्रथम विधि-विधान से कन्या पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया, जिसके पश्चात विशाल भंडारे का शुभारंभ हुआ भंडारे में पयागपुर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए हजारों पुरुष एवं महिला श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद प्राप्त किया। भक्ति गीतों और माता के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान रहा इस विशाल आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों और युवाओं की टोली ने सक्रिय भूमिका निभाई। जिनमे पुरुषोत्तम माहेश्वरी, गिरीश चंद्र चौबे, सभासद मुकेश शर्मा, मंदीप जायसवाल, रवि निषाद, मोनू रावत, बिरला पंडित, विनोद पांडेय, मनोज जायसवाल, बासु माहेश्वरी, हरेंद्र विक्रम सिंह और यशवंत तिवारी सेवादारों ने व्यवस्था संभालने और प्रसाद वितरण में अपना सहयोग दिया।

# भारत-नेपाल सीमा सर्वेक्षण की हुई बैठक

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार।** भारत-नेपाल अंत र्राष्ट्रीय सीमा सर्वेक्षण टीम-3 की प्रथम अंतर्राष्ट्रीय बैठक शनिवार को आयोजित हुई। कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक की अध्यक्षता डीएम अश्विनी कुमार पांडेय ने की।


भारत-नेपाल सीमा सर्वेक्षण की बैठक में मौजूद अधिकारी।

बैठक में बताया गया कि भारत-नेपाल की सीमा बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर और महराजगंज जिलों में पड़ती है। इन जिलों व नेपाल के समीपवर्ती जिलों में भारत-नेपाल के अन्तर्राष्ट्रीय स्तम्भों का निर्माण किया गया है। इन अन्तर्राष्ट्रीय स्तम्भों का पुनर्स्थापना/मरम्मत, जाँच उत्तर प्रदेश भू-स्थानिक निदेशालय लखनऊ एवं सर्वेक्षण की संयुक्त टीम के द्वारा किया जाता है। इसके लिए शासन ने डीएम श्रावस्ती को टीम-3 का नोडल अधिकारी/टीम लीटर नामित किया गया है, जो कि अपने पर्यवेक्षण में कार्य सम्पादित करायेंगे। बैठक में जिलाधिकारी बर्दिया एवं टीम लीडर नेपाल गोगन बहादुर हमल, डीएम बलरामपुर विपिन कुमार जैन, सीडीओ शाहिद अहमद, बहराइच, सिद्धार्थनगर, महाराजगंज के उच्च अधिकारी व नेपाल के बर्दिया, बाँके, रुपन्डीहा, डांग, कपिलवस्तु एवं नवलपरासी के वरिष्ठ वन अधिकारी, मुख्य राजस्व अधिकारी बहराइच देवेन्द्र पाल सिंह, डीएफओ धनराज मीणा, एसडीएम महाराजगंज नवीन प्रसाद, सिद्धार्थनगर कर्मेन्द्र कुमार सहित सशस्त्र सीमा बल 42वीं, 59वीं, 62वीं, 9वीं, 50वीं, 43वीं, 22वीं, 70वीं बटालियन के कमाण्डेंट, डिप्टी कमाण्डेंट व अन्य उच्चाधिकारी आदि मौजूद रहे।

# महिला की हत्या कर शव छिपाने के दोषी को आजीवन कारावास

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार।** मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गजोबरी स्थित तालाब चार वर्ष पूर्व एक महिला का शव मिला था। मामले में न्यायालय ने एक दोषी ध्रुव कुमार को आजीवन कारावास व डेढ़ लाख रुपए के जुर्माने से दंडित किया है। जबकि एक अन्य आरोपी व एक किशोर का मुकदमा विचाराधीन है।

अभियोजन पक्ष की पैरवी कर रहे एडीजीसी क्रिमिनल सत्येंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि 21 दिसंबर 2022 को मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गजोबरी के तालाब में एक अज्ञात महिला का शव मिला था। जिसकी पहचान बाद में सोनवा थाना क्षेत्र के ग्राम इमलिया निवासी जानकी प्रसाद की पत्नी के रूप में हुई थी। वह घटना से करीब 20 दिन पूर्व अपने पटीदारी की ननद के साथ घर से गायब हुई थी। मृतिका का शव सड़ी हालत में मिला था, इसलिए शव के सही पहचान के लिए मृतका के बच्ची का ब्लड सैंपल लेकर डीएनए जांच को भेजा गया था। विवेचना में जानकारी हुई कि मृतका व उसकी ननद को लक्ष्मणपुर कोठी निवासी ध्रुव यादव पुत्र आज्ञाराम दो अन्य लोगों के साथ बाइक पर बैठकर ले गया था। मृतका के साथ गई ननद ने बताया था कि आरोपी उन्हें ग्राम मटेहिया लेकर गए थे, जहा उसे छोड़कर मृतिका को अपने साथ ले गए थे। घटना के समय मृतिका का पति लखनऊ में मजदूरी करने गया था, जो उसके गायब होने की सूचना पर वापस आया था।

विवेचना में पता चला कि ध्रुव व साहबदीन अक्सर महिला के घर आते थे। विवेचक ने नाम आने के बाद भी साहबदीन को आरोपी नहीं बनाया था। अभियोजन की ओर से न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र पर साहबदीन को अभियुक्त के रूप में न्यायालय ने तलब किया। वहीं एक अन्य आरोपी जो किशोर अपचारी है, उसका विचारण किशोर न्यायालय पर चल रहा है।

आयोजन

एएसपी के नेतृत्व में रैली निकालकर महिलाओं व बच्चियों को किया जागरूक

# पुलिस आपकी मित्र है, मदद के लिए सदैव तत्पर : मुकेश चंद्र

संवाददाता, सिरसिया (श्रावस्ती)

**अमृत विचार।** सिरसिया थाने शनिवार को एएसपी के नेतृत्व में मिशन शक्ति अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान जागरूकता रैली भी निकली गई। जिसमें बालिकाओं व महिलाओं को विभिन्न टोल फ्री नंबरों व सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।


मिशन शक्ति के तहत आयोजित कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं व छात्राएं। अमृत विचार

इस दौरान एएसपी मुकेश चन्द्र उत्तम ने कहा कि पुलिस आपकी मित्र है, जो आपात स्थित में आपकी मदद के लिए सदैव तत्पर है। जब भी आप किसी विशेष परिस्थिति में हो तो आप बिना झिझक टोल फ्री नंबरों पर कॉल कर पुलिस की मदद ले सकती है। सीओ सतीश कुमार शर्मा ने महिला हेल्प डेस्क व मिशन शक्ति केंद्र के कार्यों के बारे में बताया, ताकि वह आपात स्थिति में तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें। इस दौरान थानाध्यक्ष शैलकांत उपाध्याय के नेतृत्व में जागरूकता रैली निकालकर महिलाओं व बालिकाओं को 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा आदि सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उसका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान महिला आरक्षियों ने बालिकाओं को गुड टच व बैड टच, यूपी कॉप ऐप सहित महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, घरेलू हिंसा से सुरक्षा संबंधी कानूनी प्रावधानों, विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के प्रभावी तरीकों की जानकारी दी। इस मौके पर बीडीओ सिरसिया एन दुर्गा प्रसाद, बीईओ अखिलेश कुमार, अनिल कुमार, रागिनी शर्मा व मांडवी मिश्र आदि रहीं।

## संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान को लेकर हुई कार्यशाला

**जमुनहा (श्रावस्ती), अमृत विचार।** ब्लॉक संसाधन केंद्र जमुनहा में शनिवार को संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान खंड शिक्षाधिकारी राज किशोर ने कहा कि जिले में संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए एक से 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा। वहीं 10 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान का भी संचालन होगा। जाएगा। चिकित्साअधिकारी डॉ दिवाकर सिंह ने कार्यशाला में प्रतिभागियों को संचारी रोगों जैसे डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, जापानी इंसेफेलाइटिस आदि की रोकथाम, पहचान व उपचार के बारे में जानकारी दी। साथ ही दस्तक अभियान के तहत घर-घर जाकर सर्वेक्षण, बुखार के रोगियों की पहचान, साफ-सफाई एवं जन-जागरूकता गतिविधियों पर विशेष बल दिया गया। साथ ही सभी संबंधित विभाग को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए अभियान को सफल बनाने व लोगों को स्वच्छता, सुरक्षित पेयजल एवं मच्छरजनित रोगों से बचाव के प्रति जागरूक करने को कहा। इस दौरान स्वस्थ कर्मचारी बृजेश, रमन त्रिपाठी सहित काफी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।



कार्यशाला में मौजूद अधिकारी व शिक्षक।



ख़ुसरो रैन सुहाग की, जागी पी के संग
तन मेरो मन पीउ को, दोउ भए एक रंग

अमीर ख़ुसरो कहते हैं, सौभाग्य की रात बहुत अच्छी रही। वह आनंद की अद्वैतमयी स्थिति ऐसी थी कि तन तो जीवात्मा का था और मन प्रियतम का था। इस सौभाग्यशाली रात में दोनों मिलकर एक हो गए।

# भारत की श्रुति में, बोली में और हर मंगलमुहूर्त में हैं राम

'इतिहास' पक्षपातपूर्ण नहीं होता। वह निष्पक्ष और निर्मम होता है। निर्मम का अर्थ है मेरा नहीं, इदं न मम। निष्पक्ष। जहां मम है, मेरा है, वहां पक्षपात है, लेकिन 'श्रद्धा' असंभव पर विश्वास है। श्रद्धा का विकास शून्य से नहीं होता। वह इतिहास से तथ्य लेती है। संस्कृति की कसौटी पर कसती है। 'लोक' समर्थन करता है, विश्वास की सीमाएं फैलती हैं। विश्वास 'अंधविश्वास' जैसा दिखाई पड़ सकता है, लेकिन तर्क और विज्ञान की कसौटी महत्वपूर्ण है। हिंदू-श्रद्धा का आधार दर्शन और वैज्ञानिक दृष्टिकोण है।

> हिंदू अनुभूति में 'राम, कृष्ण और शिव' त्रिदेव हैं। श्रीराम और श्रीकृष्ण विष्णु के अवतार माने जाते हैं। भारतीय श्रद्धा ने उन्हें इतिहास में खोजा। उन्हें भगवान भी माना। डॉ. राममनोहर लोहिया भारत के लोकमन की थाह ले चुके थे। लोहिया ने राम, कृष्ण और शिव को भारत में पूर्णता के तीन महान स्वप्नों की संज्ञा दी। 'राम की पूर्णता मर्यादित व्यक्तित्व में है, कृष्ण की उन्मुक्त या संपूर्ण व्यक्तित्व में और शिव की असीमित व्यक्तित्व में, लेकिन हर एक पूर्ण है।'

हिंदू अनुभूति में 'राम, कृष्ण और शिव' त्रिदेव हैं। श्रीराम और श्रीकृष्ण विष्णु के अवतार माने जाते हैं। भारतीय श्रद्धा ने उन्हें इतिहास में खोजा। उन्हें भगवान भी माना। डॉ. राममनोहर लोहिया भारत के लोकमन की थाह ले चुके थे। लोहिया ने राम, कृष्ण और शिव को भारत में पूर्णता के तीन महान स्वप्नों की संज्ञा दी। 'राम की पूर्णता मर्यादित व्यक्तित्व में है, कृष्ण की उन्मुक्त या संपूर्ण व्यक्तित्व में और शिव की असीमित व्यक्तित्व में, लेकिन हर एक पूर्ण है।' (राम, कृष्ण और शिवः लोहिया, पृ. 4)। डॉ. लोहिया समाजवादी थे। डॉ. रामविलास शर्मा मार्क्सवादी थे।

महाभारत के संबंध में डॉ. शर्मा की टिप्पणी दिलचस्प है, 'महाभारत इतिहास है, आख्यान है... आधुनिक अर्थ में वह इतिहास नहीं है, लेकिन इतिहास से भिन्न भी नहीं है।' फिर आगे कहा, 'ऋग्वेद में जो समाज-व्यवस्था है, ऋग्वेद और रामायण के समाजों से महाभारत का समाज पिछड़ा हुआ है।' (भारतीय संस्कृति और हिंदी प्रदेश) यहां एक समाज ऋग्वेद का है, एक रामायण का और बाद का समाज महाभारत का है। श्रीराम और रामायण का समाज ऋग्वेद के बाद है, महाभारत के पहले है। राज्य-व्यवस्था भी विकसित है।

भारत के ज्ञात इतिहास, पौराणिक अनुश्रुति के अनुसार वैवस्वत मनु पहले आर्य राजा थे। उनके बड़े पुत्र थे इक्ष्वाकु। मनु और इक्ष्वाकु ऋग्वेद में भी हैं। इक्ष्वाकु अयोध्या के राजा थे। इक्ष्वाकु के 19 पीढ़ी बाद मान्धाता चक्रवर्ती राजा हुए। उनका पुत्र पुरुकुत्स अयोध्या का राजा बना। पुरुकुत्स के 11 पीढ़ी बाद दानवीर राजा हरिश्चंद्र का शासन आया। 41वीं पीढ़ी में राजा सगर और 45वीं में चक्रवर्ती सम्राट भगीरथ। इक्ष्वाकुवंश के बाद 60वीं पीढ़ी में दिलीप, फिर दिलीप का पोता रघु और भी प्रतापी राजा हुआ। रघु के कारण ही 'रघुवंशी' शब्द चला। रघु के पुत्र अज, अज के पुत्र दशरथ और दशरथ के पुत्र श्रीराम। श्रीराम इक्ष्वाकु वंश की 65वीं पीढ़ी में थे।

वाल्मीकि ने इन्हीं श्रीराम को अपना नायक बनाया। 'रामायण' अस्तित्व में आई। वाल्मीकि 'आदर्श मनुष्य' का चित्रण कर रहे थे। वाल्मीकि के श्रीराम मनुष्य हैं, ईश्वर भी हैं, लेकिन मनुष्य ज्यादा हैं। तुलसीदास के राम ईश्वर हैं, वे मनुष्य रूप में लीला करते हैं। राम सबको भाए। श्रीराम का चरित्र और व्यक्तित्व विश्वव्यापी बना। संस्कृत और प्राकृत सहित भारत और विश्व की तमाम भाषाओं में राम कथाएं लिखी गईं। तमिल कवि कंबन ने 11वीं सदी में ही रामकथा लिखी। मुस्लिम आबादी वाले देश इंडोनेशिया में भी रामायण राष्ट्रीय महत्व वाला ग्रंथ है। भारतीय इतिहास के सबसे बड़े लोकप्रिय नेता महात्मा गांधी भारत में 'रामराज्य' के ही स्वप्नद्रष्टा बने।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

लोहिया के अनुसार 'राम' उत्तर और दक्षिण की एकता के देवता हैं और 'रामायण' उत्तर-दक्षिण एकता का ग्रंथ। उन्होंने कहा, 'राम की पूर्णता मर्यादित व्यक्तित्व में है। उन जैसा मर्यादित जीवन कहीं और नहीं, न इतिहास में, न कल्पना में। श्रीराम समन्वय के प्रतीक हैं। न्याय के लिए संघर्ष के प्रतीक हैं। राम आनंद-सागर हैं, हिलोरे लेने वाला सागर नहीं, विश्रांत-निस्पंद। लोहिया को तुलसी का 'रामचरित मानस' मोहित करता था। एक-एक चैपाई आनंद का सागर है।

'रामराज्य' विश्व में अद्वितीय है। वैदिककाल से लेकर आधुनिक काल की किसी राज्यप्रणाली में रामराज्य के आदर्श नहीं मिलते। तुलसी लिखते हैं, 'बयरु न कर काहू सन कोई, राम प्रताप विषमता खोई।' (रामचरितमानस, उत्तरकाण्ड) फिर कहते हैं, 'अल्प मृत्यु नही कौनिऊ पीरा, सब सुंदर सब बिरुज शरीरा। नहि दरिद्र कोऊ दुखी न दीना, नहि कोऊ अबुध न लच्छन हीना। न अल्पमृत्यु है, न बीमारियां। सब स्वस्थ हैं। कोई गरीब और दुःखी नहीं है। न कोई मूर्ख है और न अगुणी।' (वही) सबसे दिलचस्प बात यह है, 'बिधु महि पूर मयूखन्हि, रबि तप जेतन्हि काज- 'चन्द्रमा' धरती को प्रकाश से पूर्ण करता है, सूर्य उतना ही तपते हैं, जितना जरूरी होता है।' फिर वर्षा के बारे में कहते हैं, 'मांगे वारिधि देहि जल, रामचंद्र के राज- बादल इच्छा करते ही, जल मांगते ही बरस पड़ते हैं।'

रामचरितमानस की प्रगतिशीलता सांस्कृतिक परंपरा से संवाद करती है। यह 'विधि निषेधमय कलिमय हरनी' (बालकांड) है, इसमें विधि-निषेध (करणीय और अकरणीय) की सूची है। वेदों की परंपरा है, उपनिषदों का दर्शन है। सगुण भक्ति-उपासना है। निर्गुण-निराकार की सरल व्याख्या है। अद्वैत दर्शन भी है, 'एक दारुगत देखिए एकू, पावक सम जुग ब्रह्म विवेकू- जैसे लकड़ी के भीतर निराकार अग्नि छिपी रहती है, दिखाई नहीं पड़ती, लेकिन जलते समय अग्नि प्रकट रहती है।' प्रकट अग्नि सगुण है, अप्रकट अग्नि निर्गुण है। ऋग्वेद में अग्नि से ऐसी ही प्रार्थना है। उपनिषदों वाले ब्रह्म की तुलसी की चैपाई ठेठ अवधी भाषा में है, 'व्यापकु एकु ब्रह्म अविनाशी, सत चेतन घन आनंद वासी।' (बालकांड) लेकिन तुलसी भक्तिमार्गी हैं, 'निरगुन तें एहि भांति बड़, नाम प्रभाऊ अपार'- वे नाम का प्रभाव निर्गुण और सगुण से भी बड़ा बताते हैं, 'कहहुं नाम बड़ नाम राम तें निज विचार अनुसार।' यहां राम का नाम सगुण राम से भी बड़ा है। 'राम नाम वाणी है। मन संकल्प है। ध्यान है, विज्ञान है, अन्न-जल उन्हीं में है, वे तेज हैं। आकाश हैं, आशा हैं, प्राण हैं।'

मार्क्सवादी विद्वान श्रीराम को कल्पना बताते हैं। 'राम' भारत की श्रुति में, बोली में, नमस्कार और कुशलक्षेम में, प्रत्येक मंगलमुहूर्त में हैं। चक्रवर्ती राजगोपालाचार्य बहुपठित विद्वान और राजनेता थे। रामकथा पर वे भी सम्मोहित थे। उन्होंने तमिल में 'तिरुगमन-रामायण' लिखी। इसका हिंदी अनुवाद उनकी पुत्री और महात्मा गांधी की पुत्र-बहू लक्ष्मी देवदास गांधी ने किया। राजाजी ग्रंथ की भूमिका में लिखते हैं, 'सियाराम, हनुमान और भरत को छोड़कर हमारी कोई गति नहीं। उनकी कथा हमारे पूर्वजों की धरोहर है। हम आज उसी के आधार पर जीवित हैं।' (हिंदी अनुवाद, पृ. 7) यहां 'इसी के आधार पर हम जीवित हैं' वाक्य पर गौर करना चाहिए। भारत का राष्ट्रजीवन अखंड रामायण है। अविभक्त है।

हिंदू अनुभूति के महानायक हैं श्रीराम। वे दिक्काल में हैं और दिक्काल के परे भी। भारतीय जनता के चित्त, आचार-व्यवहार पर श्रीराम का प्रभाव है। श्रीराम 'मंगल भवन' हैं और 'अमंगलहारी' भी। वे भारत के मन में रमते हैं। मिले तो राम-राम, अलग हुए तो राम-राम। राम का नाम हम सब बचपन से सुनते आए हैं। वे संकट के धैर्य हैं। वे परम शक्तिशाली हैं। भाव-श्रद्धा में वे ईश्वर हैं। राम तमाम असंभवों के संभव हैं। युद्ध में अजेय पौरुष-पराक्रम और निजी जीवन में मर्यादा के पुरुषोत्तम। श्रीराम भारतीय आदर्श व आचरण के शिखर हैं। भारतीय मनीषा ने उन्हें ब्रह्म या ईश्वर जाना है। श्रीकृष्ण भी विष्णु के अवतार हैं। वे अर्जुन को गीता (10.31) में बताते हैं 'पवित्र करने वालों में मैं वायु हूं और शस्त्रधारियों में राम हूं।' राम महिमावान हैं। श्रीकृष्ण भी स्वयं को राम बताते हैं। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# नेपाल में बालेन युगः रैपर से पीएम तक का सफर

नेपाल की राजनीति में हाल के समय में उभरी एक दिलचस्प और असामान्य कहानी है बालेन शाह का उदय। पारंपरिक राजनीतिक रास्तों से अलग, एक स्वतंत्र छवि के साथ उभरे बालेन का देश के शीर्ष नेतृत्व एवं प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंचना अपने आप में नई अप्रत्याशित राजनीति का संकेत है। काठमांडू के गौरीगाऊं में जन्मे बालेन सामान्य परिवेश से आते हैं। नेपाल में प्रारंभिक शिक्षा के बाद उन्होंने सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की और फिर स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में विशेषज्ञता हासिल की। एक इंजीनियर के रूप में उन्होंने देश के विभिन्न हिस्सों में काम किया, खासकर भूकंप के बाद पुनर्निर्माण कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई।



निजाम जीलानी
लेखक

राजनीति में आने से पहले बालेन एक कवि, रैपर और स्ट्रक्चरल इंजीनियर थे। उनकी रचनाएं केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं थीं, बल्कि वे सामाजिक असमानता, अन्याय और विकृतियों के खिलाफ एक सशक्त आवाज थे। उनके रैप गीतों में आक्रोश भी था, बदलाव की मांग भी और देश के प्रति गहरी चिंता भी। यही वजह रही कि उन्होंने बहुत कम समय में एक मजबूत जन समर्थन तैयार कर लिया। युवाओं के बीच लोकप्रिय होते हुए उन्होंने संगीत को सामाजिक चेतना जगाने का माध्यम बनाया।

बालेन शाह ने स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में 2022 के काठमांडू महानगरपालिका चुनाव में उतरने का निर्णय लिया। यह कदम अपने आप में जोखिम भरा था, क्योंकि नेपाल की राजनीति में बड़े दलों का प्रभाव अधिक था, लेकिन उन्होंने इस चुनौती को अवसर में बदला। युवाओं व मध्यम वर्ग के मतदाताओं का व्यापक समर्थन उन्हें मिला, जिसने उनकी उम्मीदवारी को एक आंदोलन का रूप दे दिया और वह काठमांडू के मेयर के बने।

> पारंपरिक राजनीतिक रास्तों से अलग, एक स्वतंत्र छवि के साथ उभरे बालेन का देश के शीर्ष नेतृत्व एवं प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंचना अपने आप में नई अप्रत्याशित राजनीति का संकेत है। बालेन सामान्य परिवेश से आते हैं।

मेयर बनने के बाद बालेन शाह ने प्रशासनिक सुधार, पारदर्शिता और शहरी विकास पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने काठमांडू में अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान चलाया, सार्वजनिक सेवाओं में सुधार की पहल की और डिजिटल तकनीकों के उपयोग को बढ़ावा दिया। उनकी कार्यशैली ने यह संदेश दिया कि अगर इच्छा शक्ति हो तो सीमित संसाधनों में भी बदलाव संभव है। यही उनकी सबसे बड़ी ताकत बनी। उनकी यात्रा यहीं नहीं रुकी। परिस्थितियों ने उन्हें राष्ट्रीय राजनीति की ओर धकेला, जहां उन्होंने स्थापित नेताओं को न सिर्फ चुनौती दी, बल्कि पराजित भी किया और सत्ता के खिलाफ़ अपनी आवाज़ को और बुलंद किया।

युवाओं, मध्यम वर्ग और बदलाव की चाह रखने वाले मतदाताओं ने उन्हें खुलकर समर्थन दिया। उनकी उम्मीदवारी एक जन आंदोलन का रूप लेती गई और अंततः नेपाल झापा-5 से चुनाव जीतकर उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली जैसे दिग्गज नेता को हराया। पार्टी को बहुमत दिलाते हुए प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंचे। यह जीत केवल एक व्यक्ति की सफलता नहीं थी, बल्कि पारंपरिक राजनीति के प्रति जनता की नाराज़गी और नए विकल्प की तलाश का प्रतीक भी है। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# असंगठित क्षेत्रों के मजदूरों का भविष्य

भारत की अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के कंधों पर टिका हुआ है, लेकिन फिर भी यही वर्ग सबसे अधिक उपेक्षित और असुरक्षित बना हुआ है। अस्थिरता, असमानता और काम के लिए रोज का संघर्ष इनके जीवन की वास्तविकता है। प्रतिदिन काम का न मिलना, मिल भी जाए तो कम मजदूरी और सामाजिक सुरक्षा के अभाव ने उनके जीवन को लगातार संकट में डाल रखा है। यह केवल आर्थिक समस्या नहीं है, बल्कि यह उनके अस्तित्व, सम्मान और परिवारिक संरचना को भी प्रभावित करती है। कोरोना महामारी के बाद से असंगठित क्षेत्रों के मजदूरों की स्थिति और भी अधिक चिंताजनक हो गई है।

इसका सबसे अधिक प्रभाव महिलाओं पर पड़ता है। असंगठित क्षेत्र में काम करने वाली महिलाएं पुरुषों की तुलना में न केवल कम मजदूरी पाती हैं, बल्कि कई बार उनसे पुरुषों के बराबर काम लेकर भी कम भुगतान किया जाता है। इसके साथ ही उन्हें घर की जिम्मेदारियों का भी पूरा बोझ उठाना पड़ता है। यह दोहरी जिम्मेदारी उनके जीवन को और कठिन बना देती है। महिलाओं के श्रम को अक्सर 'सहायक' या 'पूरक' माना जाता है, जबकि वास्तव में वे परिवार की आर्थिक रीढ़ होती हैं, जबकि इस नजरिए को पूरी तरह से बदलने की आवश्यकता है, ताकि उनके योगदान को भी सही पहचान और सम्मान मिल सके।



संगीता कुमारी
एक्टिविस्ट

कई आंकड़े और रिपोर्ट बताते हैं कि अन्य राज्यों की तुलना में झारखंड और बिहार से सबसे अधिक लोग मजदूरी के लिए अन्य राज्यों की ओर पलायन करते हैं। बिहार में असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की संख्या करोड़ों में है और मुजफ्फरपुर जिले में भी लाखों लोग इसी वर्ग में आते हैं। न्यूनतम मजदूरी की बात करें, तो सरकार द्वारा तय मजदूरी अक्सर कागजों तक सीमित रह जाती है। वास्तविकता में मजदूरों को इससे काफी कम भुगतान किया जाता है, जो उनके श्रम का उचित मूल्य नहीं है। उनसे न्यूनतम मजदूरी में अधिकतम काम कराया जाता है।

गरीबी और बेरोजगारी की यह स्थिति उन्हें अपने घर-परिवार से दूर जाने के लिए मजबूर करती है। बेहतर रोजगार की तलाश में वे पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, महाराष्ट्र और गुजरात जैसे राज्यों में पलायन करते हैं। यह पलायन केवल आर्थिक मजबूरी नहीं, बल्कि पारिवारिक संकट भी है। अपने परिवार, बच्चों और गांव को छोड़कर अनजान शहरों में रहना, असुरक्षित परिस्थितियों में काम करना और कई बार शोषण का शिकार होना उनके जीवन का हिस्सा बन जाता है। पीछे छूटे परिवार, विशेषकर महिलाएं और बच्चे, असुरक्षा और अभाव में जीवन जीते हैं।

केंद्र से लेकर राज्य सरकार तक मजदूरों के हित में कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जैसे जीरामजी, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना। इन योजनाओं का उद्देश्य मजदूरों को रोजगार, पेंशन और अन्य सुविधाएं प्रदान करना है, लेकिन जमीनी स्तर पर इन योजनाओं का लाभ ज्यादातर असंगठित क्षेत्रों के इन मजदूरों तक नहीं पहुंच पाता है।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

# पीएनजी के साथ हरित भविष्य की ओर

पश्चिम एशिया में युद्ध से उत्पन्न संकट के बीच निकट भविष्य में ईंधन की किल्लत को लेकर लोग आशंकित हैं। हाल ही में संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पश्चिम एशिया संकट को गंभीर बताते हुए कोरोना जैसी चुनौतियों के लिए तैयार रहने की अपील की। सच तो यह है कि सरकार हो या विपक्षी दल सभी एकमत से इस संभावित खतरे को स्वीकार रहे हैं। ऐसे में कोरोना काल का कड़वा अनुभव झेल चुके नागरिकों का जीवनयापन के वैकल्पिक संसाधनों को लेकर चिंतित होना स्वाभाविक है।

इससे पहले काफी दिनों से चल रहे एलपीजी गैस मिलने की समस्या से हम जूझ ही रहे हैं। हालात बता रहे हैं कि आने वाले दिनों में पेट्रोल-डीजल को लेकर भी ऐसी समस्या संभावित है। ऐसे में वैकल्पिक उपायों पर चर्चा की जानी चाहिए। जैसा कि बीते दिनों राज्यसभा में प्रधानमंत्री ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच ऊर्जा सुरक्षा और आत्मनिर्भरता पर सरकार की रणनीति स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि सरकार ईंधन के किसी एक स्रोत पर निर्भरता कम करने की दिशा में काम कर रही है और घरेलू गैस सप्लाई में एलपीजी के साथ-साथ पीएनजी को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। सरकार का प्रयास हर क्षेत्र में विदेशी निर्भरता कम करने की दिशा में है, क्योंकि मौजूदा समय में देश का 90 प्रतिशत से अधिक व्यापार विदेशी जहाजों पर निर्भर है, जो किसी वैश्विक संकट में चुनौती बन सकता है, फिलवक्त युद्ध के बीच हम देख रहे हैं। इन सभी के बीच अब हमारे मन में यह सवाल उठना लाजिमी है कि अगर एलपीजी का विकल्प पीएनजी बनती है तो यह गैस हमारे लिए क्या किफायती और उपयोगी साबित होगी?



अजय दयाल
हल्द्वानी

इस सवाल के साथ एक परंपरागत मूलमंत्र को याद कीजिए- आवश्यकता अविष्कार की जननी है, परंतु हम अगर पीएनजी की बात कर रहे हैं तो यहां मामला थोड़ा उल्टा है। अविष्कार हो चुका है, जिसे अब आवश्यकता बनाना है। वास्तव में परिवार, व्यवसाय और उद्योग सभी को पारंपरिक ईंधनों के विकल्प की तलाश है, जो न केवल उनकी आवश्यकताओं को पूरा करें, बल्कि स्वच्छ और हरित पर्यावरण अनुकूल भी हों। इसी तलाश में, पाइपयुक्त प्राकृतिक गैस (पीएनजी) एक प्रमुख विकल्प के रूप में सामने है, जो पूरे देश में तेजी से लोकप्रिय हो रही है। पीएनजी को सुविधा, सामर्थ्य और पर्यावरणीय लाभों का एक आकर्षक पैकेज सरीखा मान सकते हैं, जो भारतीय उपभोक्ताओं और व्यवसायों के लिए एक विशेष विकल्प बनने भी लगी है।

> बढ़ती पर्यावरण संबंधी चुनौतियों और ऊर्जा समाधानों की बढ़ती मांग के चलते, आने वाले वक्त में भारत में पीएनजी की लोकप्रियता बढ़ेगी। भारत में शहरीकरण और औद्योगीकरण के बढ़ते विस्तार के साथ, विश्वसनीय और टिकाऊ ऊर्जा स्रोतों की मांग में लगातार वृद्धि होगी।

पीएनजी को समझें तो यह जीवाष्म से उत्पन्न नेचुरल गैस का परिष्कृत रूप है, जिसे भूमिगत पाइपलाइनों के बिछाये जाल से सीधे घरों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और औद्योगिक इकाइयों तक पहुंचाया जाता है। यह एक स्वच्छ रूप से जलने वाला जीवाश्म ईंधन है, जो मुख्य रूप से मीथेन और अन्य हाइड्रोकार्बन के मिश्रण से बना होता है। यह गैस अपेक्षाकृत स्वच्छ रूप से जलने वाला ईंधन है, जो कोयला या तेल जैसे अन्य जीवाश्म ईंधनों की तुलना में कम हानिकारक साबित होगी। यह कम कार्बन डाइऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड और कण पदार्थ उत्सर्जित करती है, जिसे पर्यावरण अनुकूल ही कहेंगे। खास बात यह है कि पीएनजी का उपयोग विभिन्न उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है। इनमें आवासीय परिवेश में खाना पकाना, हीटिंग करना और उपकरणों को बिजली देना, साथ ही औद्योगिक प्रक्रियाओं और वाणिज्यिक कार्यों के लिए ऊर्जा प्रदान करना शामिल हैं। पीएनजी एक स्वाभाविक रूप से सुरक्षित ईंधन है, क्योंकि यह हवा से हल्का होता है और रिसाव होने पर जल्दी से फैल जाता है, जिससे आग या विस्फोट का खतरा कम हो जाता है। जहां तक किफायत की बात है, तो यह गैस एलपीजी या बिजली जैसे अन्य पारंपरिक ईंधनों की तुलना में घरेलू और व्यावसायिक दोनों उपयोगों के लिए एक किफायती विकल्प है। इसकी कीमत आमतौर पर अधिक स्थिर होती है और बाजार के उतार-चढ़ाव से कम प्रभावित होती है, जिससे उपभोक्ताओं को दीर्घकालिक लागत बचत होती है। इस सुविधा में सिलेंडरों को फिर से भरने या बदलने की झंझट खत्म हो जाती है, जिससे पीएनजी आधुनिक जीवन के लिए एक परेशानी मुक्त विकल्प बनता है।

# बाह्य आकर्षणों में डूबे व्यक्ति का मन सदैव रहता है अशांत

मूर्खता के मामले में कालिदास का उल्लेख प्राचीन ग्रंथों में किया गया है। दरअसल उज्जैन राज्य की राजकुमारी से विद्वता के मामले में पराजित कथित विद्वानों ने विद्योत्तमा का विवाह किसी मूर्ख व्यक्ति से कराने का निश्चय किया। जब उन सबने, जिस डाल पर बैठकर उसी डाल को काट रहे कालिदास को देखा तो उन सबको लगा कि इससे ज्यादा मूर्ख तो कोई हो ही नहीं सकता है, क्योंकि वो जो डाल काट रहा है, जब वह नीचे गिरेगी तो काटने वाला खुद भी गिर जाएगा। इतनी भी समझ उसे नहीं है। ठीक भी सोचा उन कथित विद्वानों ने, जो शास्त्रार्थ में विद्योत्तमा से पराजित हो गए थे।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

अब सवाल उठता है कि क्या कालिदास ही मूर्ख थे? अगर देखा जाए तो हर वह व्यक्ति मूर्ख है जो काम, क्रोध, मद और लोभ के चक्कर में बुद्धि-विवेक की डाल को खुद ही काटता है। बुद्धि-विवेक से जब व्यक्ति रहित हो जाता है तब उसका हर कदम गलत उठता है। बाह्य आकर्षणों में डूब गए व्यक्ति का मन सदैव अशांत रहता है। इसी प्रकार क्रोध करने पर शरीर की तंत्रिका प्रणाली अव्यवस्थित होती है। शरीर का रसायन तंत्र बिगड़ता है।

हिंदी के विद्वान समालोचक आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने क्रोध को पिशाच की संज्ञा देते हुए लिखा कि पिशाच ऐसा राक्षस है, जो सिर्फ ऋषियों का यज्ञ-विध्वंस नहीं करता, बल्कि खून पीता है। ऐसे पिशाचों में 'आतापि-वातापि' नामक दो भाइयों का जिक्र वाल्मीकि रामायण में किया गया है। इन दोनों भाइयों ने मिलकर अगस्त्य ऋषि को निगल लिया था, लेकिन अपने योगबल से वे आतापि का पेट फाड़कर बाहर निकल आए थे।

इस दृष्टांत का मतलब यही है कि स्वार्थ साधने के पीछे सिर्फ समय ही नहीं, बल्कि अपना स्वास्थ्य खराब करना मूर्खता ही है। जो भी मनुष्य अपने मन से सत्य के विपरीत कदम उठाता है, वह मूर्ख ही है, क्योंकि एक ओर मन यदि कह रहा है कि स्वार्थ-सिद्धि का कदम गलत है, इसके बावजूद गलत कामों के प्रति चाहत रखने पर मन में द्वंद्व होता है। यानी मन में संघर्ष होता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# गंगा नदी का घड़ियाल से हैं सांस्कृति और आध्यात्मिक संबंध

गंगा नदी और घड़ियाल का संबंध सनातन संस्कृति में केवल प्राकृतिक नहीं, बल्कि आध्यात्मिक और प्रतीकात्मक भी है। गंगा को वेदों, पुराणों और महाकाव्यों में पापहरिणी, मोक्षदायिनी और जीवनदायिनी कहा गया है। गंगा का वाहन परंपरागत रूप से मकर माना गया है, जिसे अनेक विद्वान घड़ियाल के रूप में भी देखते हैं। यह तथ्य दर्शाता है कि घड़ियाल केवल एक जलीय जीव नहीं, बल्कि गंगा की दिव्य शक्ति और जल तत्व की गहराई का प्रतीक है।



घड़ियाल का स्वभाव शांत और मनुष्य के प्रति अहिंसक होता है। वह मुख्यतः मछलियों का आहार करता है और नदी के जलीय जीवन को संतुलित रखता है। सनातन दृष्टि में प्रत्येक जीव का अस्तित्व सृष्टि-चक्र का अनिवार्य अंग है। घड़ियाल गंगा के निर्मल और गहरे प्रवाह का संकेतक माना जा सकता है, क्योंकि वह स्वच्छ जल में ही पनपता है। इस प्रकार उसकी उपस्थिति गंगा की पवित्रता और जीवन शक्ति का द्योतक है। धार्मिक आस्थाओं में गंगा स्नान आत्मशुद्धि का माध्यम है, तो प्राकृतिक दृष्टि से घड़ियाल नदी की जैविक शुद्धता का रक्षक है। अतः सनातन संस्कृति में गंगा और घड़ियाल का संबंध प्रकृति और अध्यात्म के अद्भुत समन्वय का प्रतीक है, जो मानव को सृष्टि के प्रति कर्तव्य और संरक्षण का संदेश देता है।



डॉ. जितेंद्र शुक्ला
वन्यजीव विशेषज्ञ

गंगा की धारा भारतीय जीवन की अनवरत स्पंदनशीलता का प्रतीक है। यह नदी केवल जल का प्रवाह नहीं, बल्कि सभ्यता, कृषि, आस्था, अर्थव्यवस्था और जैव-विविधता की जीवनरेखा है। इसी धारा में एक ऐसा प्राचीन जलीय जीव भी निवास करता है, जो करोड़ों वर्षों की विकास यात्रा का साक्षी रहा है- घड़ियाल। लंबी और पतली थूथन, तीक्ष्ण दंत-पंक्तियां, जल में तीव्र गति से तैरने की क्षमता और विशिष्ट शारीरिक संरचना से युक्त यह जीव गंगा तंत्र का शीर्ष जलीय शिकारी है। बीते शताब्दी में जब यह प्रजाति विलुप्ति के कगार पर पहुंच गई थी, तब यह प्रश्न उठ खड़ा हुआ था कि क्या गंगा अपने इस प्राचीन प्रहरी को सदा के लिए खो देगी। आज वर्ष 2026 में भारतीय वन्यजीव संस्थान द्वारा गंगा और उसकी ग्यारह सहायक नदियों में किए गए व्यापक सर्वेक्षण में 3037 घड़ियालों की उपस्थिति दर्ज होना उस आशंका का सशक्त प्रत्युत्तर है। यह उपलब्धि संघर्ष, संवेदनशीलता, वैज्ञानिक दृष्टि और दीर्घकालीन नीतिगत प्रतिबद्धता की संयुक्त सफलता का परिणाम है। घड़ियाल, जिसका वैज्ञानिक नाम गवियलिस गैंगेटिकस है, भारतीय उपमहाद्वीप की विशिष्ट प्रजाति है। कभी यह गंगा, यमुना, घाघरा, गंडक, सोन, ब्रह्मपुत्र और सिंधु की धाराओं में व्यापक रूप से पाया जाता था। घड़ियाल का शारीरिक रूप अत्यंत विशिष्ट है। उनके शरीर का आकार लंबा और दुबला-पतला होता है। थूथन संकरा और लंबा होता है, जो मछली पकड़ने की उत्कृष्ट क्षमता प्रदान करता है। दंत पंक्तियां तीक्ष्ण और संगठित होती हैं, जिससे वे तैरते जल में ही अपने शिकार को पकड़ने में सक्षम रहते हैं। उनका शरीर भारी और चिकना होता है, जिससे जल में गति कम होते हुए भी सहजता से नियंत्रण संभव होता है। नर घड़ियाल की थूथन पर एक उभार होता है, जिसे वैज्ञानिक 'घड़ा' कहते हैं। यह उभार प्रजनन काल में ध्वनि उत्पन्न करने और मादा को आकर्षित करने में सहायक होता है।

घड़ियाल मुख्यतः मछली भक्षी होते हैं। एक वयस्क घड़ियाल प्रतिदिन औसतन डेढ़ से दो किलोग्राम मछली का सेवन करता है। यह संख्या नदी के सांख्यिकीय संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। नदी तंत्र में यदि शीर्ष शिकारी अनुपस्थित हो जाएं, तो कुछ मछली समूह अत्यधिक वृद्धि कर सकते हैं, जिससे खाद्य शृंखला असंतुलित हो जाती है और विशेष प्रजातियों का अस्तित्व संकट में पड़ता है। घड़ियाल इस असंतुलन को रोकते हैं और विभिन्न मछली प्रजातियों की संतुलित संख्या को सुनिश्चित करते हैं। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना***
05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# आइसक्रीम बेचने आये युवक की गला काटकर हत्या, सिर चूल्हे में जलाया

## टिकैतनगर थाना क्षेत्र के परसावल में दिनदहाड़े हुई वारदात से सनसनी

**वारदात**

- एसपी व सीओ मौके पर पहुंचे दबोचा गया हत्यारोपी

टिकैतनगर, बाराबंकी



बब्लू (फाइल फोटो)

**अमृत विचार :** शनिवार दिनदहाड़े सरयू नदी की तराई में हुई घटना जिसने सुनी, वह सहम गया। पहली बार साइकिल से आइसक्रीम बेचने गांव गए साइकिल सवार की बिना किसी विवाद के गर्दन काटकर अलग कर दी गई और मनोरोगी हत्यारे ने घर ले जाकर सिर चूल्हे में जला डाला। घटना की खबर फैलते ही हड़कंप मच गया। एसपी, सीओ के साथ पुलिस बल मौके पर पहुंचा। वहीं हत्यारोपी घर से दबोच लिया गया है।

टिकैतनगर थाना क्षेत्र का गांव परसावल सरयू नदी के उस पार बसा हुआ है। शनिवार सुबह दरियाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम पारा बेहटा निवासी बब्लू (21) साइकिल से आइसक्रीम बेचने परसावल गांव गया था। गांव की ओर जाते समय रास्ते में शंकर नामक अधेड़ ने उसे पीछे से आवाज दी, ग्राहक जान बब्लू साइकिल समेत रुक गया। इसी बीच पीछे से आए शंकर ने बब्लू को संभलने का मौका भी नहीं दिया और हाथ में मौजूद बांके से उसकी गर्दन पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। अचानक हुए हमले से गंभीर रूप से घायल बब्लू जमीन पर गिरकर तड़पने लगा। हत्यारे ने उसका सिर धड़ से अलग कर दिया। शंकर सिर लेकर खेत में बने छप्परनुमा घर चला गया, जहां चूल्हा जलाकर उसमें कटा सिर रख दिया। इस घटना की खबर फैली तो काफी देर बाद सूचना मिलने पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पूछताछ में ग्रामीणों ने पूरी बात बताई। इसी बीच एसपी अर्पित विजयवर्गीय, सीओ रामसनेहीघाट जटाशंकर मिश्र भी पहुंच गए। पुलिस की दबिश में आरोपी शंकर दबोचा गया, वहीं जले हुए सिर को पुलिस ने धड़ के साथ पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



मौके पर मौजूद पुलिस व लगी लोगों की भीड़। • अमृत विचार

### दोनों में बात तक नहीं हुई

क्षेत्राधिकारी रामसनेहीघाट जटाशंकर मिश्र ने बताया कि अभी तक जांच में पता चला है कि हत्यारोपी शंकर के आवाज देने पर साइकिल सवार बब्लू रुक गया और पीछे से आकर शंकर ने उसका सिर धड़ से अलग कर दिया। बब्लू भी पहली बार उस गांव गया था। हत्यारा पुलिस की गिरफ्त में है, उससे पूछताछ की जा रही है।

### जिसे ग्राहक समझा वह निकला हत्यारा

परसावल गांव में पहली बार आइसक्रीम बेचने गए बब्लू को अंदाजा नहीं था कि आगे मौत उसका इंतजार कर रही है। स्वभाव से सीधा सादा बब्लू जिसे ग्राहक समझकर साइकिल रोकने की भूल कर बैठा, वह सनकी और मानसिक मंदित भी है, पहली बार गांव जाने के चलते उसे नहीं पता था। हत्यारे ने पीछे से आवाज दी और पास आते ही खूनी खेल कर डाला। बब्लू खुद का बचाव तक नहीं कर सका। ग्रामीण बताते हैं कि परिवार से अलग खेत में छप्पर रखकर रह रहा आरोपी शंकर मनोरोगी और झगड़ालू प्रवृत्ति का था।

# क्रॉसिंग खुलते ही ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, दो की मौत

- हादसे में जेठानी-देवरानी की मौत तीन साल की बच्ची घायल
- सीतापुर से बीमार मौसी को देखने जा रहे थे, युवक की बची जान

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** शनिवार दोपहर बाद हुए हादसे में ट्रक से कुचलकर भाभी देवरानी की मौत हो गई, वहीं तीन साल की बच्ची गंभीर रूप से जख्मी हो गई। यह सभी बाइक पर युवक के साथ बीमार मौसी को देखने जा रहे थे।

जानकारी के अनुसार सीतापुर थाना महमूदाबाद क्षेत्र के ग्राम रमद्वारी निवासी इंद्रजीत वर्मा अपनी पत्नी खुशी वर्मा (18), भाभी पिंकी देवी (28) और तीन वर्षीय भतीजी बिट्टू के साथ बाइक से थाना जहांगीराबाद क्षेत्र के ग्राम पिपरौली में रहने वाली बीमार मौसी को देखने जा रहे थे। फतेहपुर-सिहाली मार्ग पर स्थित ग्राम इसेपुर रेलवे क्रॉसिंग बंद होने के कारण बाइक सवार परिवार रुक गया। क्रॉसिंग खुलते ही इंद्रजीत बाइक आगे बढ़ाने लगा, इसी बीच पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही खुशी और पिंकी देवी सड़क पर गिरीं और दोनों ट्रक के पहियों के नीचे आ गईं, जबकि इंद्रजीत और बालिका दूसरी ओर गिर पड़े। ट्रक दोनों महिलाओं को कुचलते हुए मौके से फरार हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने वाहन को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक भाग निकलने में सफल रहा। हादसे में इंद्रजीत बाल बाल बच गया लेकिन घायल बालिका को तत्काल उपचार के लिए सीएचसी ले जाकर भर्ती कराया गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं फरार ट्रक व चालक की तलाश शुरू कर दी है।

**कार-डंपर की टक्कर में एक की हालत गंभीर : रामसनेहीघाट :** कोतवाली क्षेत्र में शनिवार को एक तेज रफ्तार कार और डंपर के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसा भिटरिया-हैदरगढ़ मार्ग पर मोहम्मदपुर उपाध्याय गांव के पास हुआ, जिसमें कार सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि एक महिला भी चोटिल हो गई। जानकारी के अनुसार, अयोध्या के दर्शन नगर निवासी मनीष पुत्र महेश कार से हैदरगढ़ की ओर जा रहे थे। इसी दौरान मोहम्मदपुर उपाध्याय गांव के पास सामने से आ रहे डंपर से उनकी कार की भिड़ंत हो गई। भीषण टक्कर से कार के परखच्चे उड़ गए। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पहुंची और घायलों को एंबुलेंस के जरिए सीएचसी भिजवाया।



कार्यक्रम में मौजूद प्रोफेसर व अन्य लोग। • अमृत विचार

### टीमवर्क से हासिल होते हैं बेहतर शैक्षणिक परिणाम

**बाराबंकी, अमृत विचार :** श्री रामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज द्वारा 28 मार्च को 'ट्रस्ट बिल्डिंग इवेंट 1.0' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम चांसलर इं. पंकज अग्रवाल, प्रो-चांसलर इं. पूजा अग्रवाल, कुलपति प्रो. (डॉ.) विजय तिवारी व कुलसचिव प्रो. (डॉ.) हेमेंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। संस्थान के निदेशक प्रो. (डॉ.) नरेंद्र बहादुर सिंह ने कार्यक्रम का विजन साझा करते हुए पारदर्शिता, आपसी विश्वास और सुदृढ़ सहयोग को इसका मूल मंत्र बताया। उन्होंने कहा कि सकारात्मक कार्य-संस्कृति और प्रभावी संवाद से तनाव कम कर टीमवर्क के माध्यम से बेहतर शैक्षणिक परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। कार्यक्रम में संकाय सदस्यों ने अपने जीवन में विशिष्ट नारियों के योगदान साझा किए और ऐसे आयोजनों को आगे भी जारी रखने पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. (डॉ.) नरेंद्र बहादुर सिंह ने की, जबकि संचालन सांस्कृतिक कमेटी संयोजक आस्था मिश्र व सह-संयोजक आनंद कुमार ने अन्य सदस्यों के साथ मिलकर किया।

# स्थापना दिवस पर भजन संध्या आयोजित

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** चैत्र रामनवमी के पावन अवसर पर ग्राम अमदहा स्थित शिरडी सांई बाबा मंदिर में दो दिवसीय स्थापना दिवस महोत्सव के अंतिम दिन भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं ने लंगर में प्रसाद ग्रहण किया और भजन गायक ज्योति सिंह द्वारा बाबा एवं उनके कर्तृत्व पर आधारित भजनों का संगीतमय प्रस्तुतिकरण देखा। पूर्व कैबिनेट मंत्री राकेश वर्मा और पूर्व एमएलसी राजेश यादव ने दोपहर में भंडारे का शुभारंभ किया।

भजन संध्या का आरंभ दीप प्रज्वलन एवं आरती से हुआ, जिसमें गणपति वंदना और बाबा की आरती शामिल रही। पीलीभीत के कलाकारों ने सांई बाबा की झांकी, राधा-कृष्ण की रासलीला, फूलों की होली, माता दुर्गा दर्शन, महिषासुर वध, बालाजी महाराज, कृष्ण-सुदामा और भगवान भोलेनाथ की मसान आरती सहित अन्य प्रस्तुतियों से भक्तों का मन मोह लिया।

मुख्य अतिथियों में भाजपा एमएलसी अंगद कुमार सिंह, विधायक गौरव रावत, पूर्व विधायक राम गोपाल रावत, देवा ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र यादव, भाजपा नेता डॉ. विवेक सिंह वर्मा, पूर्व प्रमुख व नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह वर्मा और जिला होमगार्ड कमांडेंट विनोद सिंह शामिल रहे। मन्दिर समिति ने सभी अतिथियों का सम्मान किया। कार्यक्रम में श्यामाचरण गुप्ता, सोनू जैन, अनिल सैनी, बबलू मौर्य, जीतू नाग, राजेन्द्र वर्मा, गुड्डू मौर्या, बलजीत गौतम, सुरेश मौर्या, अंकित वर्मा, सत्यम गुप्ता, सोनम श्रीवास्तव, दिलीप यादव सहित हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।



आरती पूजन करते पूर्व कैबिनेट मंत्री और नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि



प्रस्तुति देते कलाकार। • अमृत विचार

# वैज्ञानिक सोच से विकसित होती है तार्किक क्षमताः डॉ. रीना सिंह

**बाराबंकी, अमृत विचार :** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उत्तर प्रदेश के निर्देशन में जिला विज्ञान क्लब, बाराबंकी द्वारा वैज्ञानिक शोध प्रयोगशालाओं के भ्रमण व व्याख्यान कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में 100 छात्र-छात्राओं का शैक्षिक भ्रमण कराया गया। राजकीय इंटर कॉलेज, बाराबंकी से जिला विद्यालय निरीक्षक ओ.पी. त्रिपाठी ने बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में जनपद के 5 विद्यालयों के 100 छात्र-छात्राओं व 13 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को रोबोटिक्स एंड इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन, गूगल, साइबर सिक्योरिटी, एआई, इनोवेशन, नैनो टेक्नोलॉजी व मैटेरियल केमिस्ट्री लैब का भ्रमण कराया गया। रजिस्ट्रार डॉ. रीना सिंह ने कहा कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण से तार्किक क्षमता का विकास होता है कार्यक्रम में रिसर्च स्कॉलर सौरभ मिश्रा, वैभव सिंह, हारिस, अभय मिश्रा, सोमेश त्रिपाठी, एल.एम. बारी, श्रद्धा सिंह आदि थे।



शैक्षिक भ्रमण पर जानकारी लेते छात्र। • अमृत विचार

# अधेड़ महिला से दुष्कर्म का प्रयास

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** दरियाबाद थाना क्षेत्र में एक अधेड़ महिला से गुरुवार देर रात दुष्कर्म का प्रयास किया गया। महिला ने विरोध किया तो उसकी पिटाई की गयी। पीड़िता की तहरीर पर मामले की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

यह घटना थाना क्षेत्र के एक गांव में गुरुवार की देर रात हुई। यहां की रहने वाली 50 वर्षीय महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 26 मार्च की रात करीब 9:40 बजे वह एक डेयरी पर दूध देकर घर लौट रही थीं। इसी दौरान प्राथमिक विद्यालय मोड़ के पास गांव के ही रज्जन सिंह ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि रज्जन सिंह ने दुष्कर्म का प्रयास किया। इसका विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए मारपीट की।

# मोबाइल फोन हैक कर सिपाही से ठगे 16 लाख

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिस महकमे पर सबको जागरुक करने व ठगी से बचाने की जिम्मेदारी है। उसी महकमे के कर्मी ठगी का शिकार हुए जा रहे। ठगों ने एक सिपाही का मोबाइल हैक कर उसके तीन बैंक खातों से 16 लाख रुपये पार कर दिए। साइबर थाने में तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

जानकारी के अनुसार थाना दरियाबाद में तैनात सिपाही रोहित कुमार जो मूल रूप से अंबेडकरनगर के रहने वाले हैं, के बाराबंकी में बैंक ऑफ बड़ौदा के दो खातों और यूनियन बैंक के एक खाते से 24 से 26 मार्च के बीच कुल 16,16,821 रुपये निकाल लिए गए। ठगों ने मोबाइल हैकिंग के जरिए इस वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित के मुताबिक, बैंक ऑफ बड़ौदा के एक खाते से 7,06,047 रुपये और दूसरे खाते से 7,38,541 रुपये निकाले गए, जबकि यूनियन बैंक के खाते से 1,72,233 रुपये की निकासी हुई। घटना की जानकारी होने पर सिपाही ने तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। अलग-अलग ट्रांजैक्शन को लेकर कुल छह शिकायतें दर्ज की गई हैं, जिनमें 10,90,979 रुपये, 1,30,608 रुपये, 2,38,000 रुपये, 1,22,179 रुपये, 25,000 रुपये और 5,000 रुपये की रकम शामिल है। साइबर थाना में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच जारी है।

**नाराजगी** | दिशा की बैठक से तीन अधिकारी रहे गायब, किया गया जवाब तलब

# योजनाओं की प्रगति से असंतुष्ट दिखे सांसद

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकीः

**अमृत विचार :** डीआरडीए स्थित गांधी सभागार में शनिवार को सांसद तनुज पुनिया की अध्यक्षता और अयोध्या सांसद अवधेश प्रसाद की सह-अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक हुई। इस दौरान सांसद तनुज ने योजनाओं की प्रगति व धरातल की हकीकत पर असंतोष जताया। वहीं इस बैठक से गायब तीन अधिकारियों से जवाब तलब किया गया।

बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। सांसद तनुज ने स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर जिला अस्पताल, सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। वहीं अनावश्यक बाहरी दवाएं लिखने पर रोक लगाने को भी कहा गया। मनरेगा के तहत समय से भुगतान सुनिश्चित करने तथा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लंबित आवासों को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए गए। समाज कल्याण विभाग को योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर पात्र लोगों तक लाभ पहुंचाने के लिए कहा गया। जनप्रतिनिधियों ने क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत और पेयजल परियोजनाओं के कार्यों में तेजी लाने की मांग उठाई, जिस पर संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, ग्रामीण पेयजल, फसल बीमा, उज्ज्वला योजना, खाद्य सुरक्षा समेत कई योजनाओं की प्रगति की समीक्षा हुई। अंत में सांसद तनुज ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए और जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए। बैठक में बिना सूचना अनुपस्थित रहने पर नल निगम (नगरीय) के अधिशासी अभियंता, डाकघर अधीक्षक और सहायक श्रम आयुक्त से स्पष्टीकरण तलब किया गया। इस दौरान एमएलसी अंगद सिंह, विधायक धर्मराज सिंह यादव, गौरव रावत, दिनेश रावत सहित अन्य जनप्रतिनिधि आदि थे।



बैठक में मौजूद बाराबंकी व अयोध्या सांसद। • अमृत विचार

# अवैध संबंध के विरोध पर पत्नी को पीटा

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के रमनगरा मजरे इसरौली गांव में पति ने अवैध संबंध का विरोध करने पर पत्नी की पिटाई कर दी।

पीड़िता मीरा देवी पत्नी संतोष कुमार वर्मा ने थाना पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसके पति का किसी दूसरी महिला से संबंध है, जिसका वह विरोध करती रहती है। तहरीर के अनुसार, 26 मार्च को मीरा देवी ने अपने पति को दूसरी महिला से बात करते हुए पकड़ लिया था। इस बात को लेकर विवाद बढ़ गया।

आरोप है कि 27 मार्च की सुबह पति संतोष कुमार ने गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों और लाठी-डंडों से मारपीट की, जिससे उसे चोटें आईं। साथ ही जान-माल की धमकी भी दी गई। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

### संविधान संवाद एवं कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** विधानसभा क्षेत्र दरियाबाद में आज 'संविधान संवाद एवं कार्यकर्ता सम्मेलन' का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन सुबह 11 बजे महाराजा मैरिज लॉन, भवानीपुर मोड़ के पास, कोटवा सड़क पर किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार इस सम्मेलन का उद्देश्य संविधान के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाना और कार्यकर्ताओं को लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए जागरूक करना है। कार्यक्रम में कई वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता भाग लेंगे। सम्मेलन को लेकर क्षेत्र में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से कार्यक्रम में पहुंचकर इसे सफल बनाने की अपील की है। इस कार्यक्रम का संयोजन उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य अब्दुल्लाह शेर खान द्वारा किया जा रहा है, जिन्होंने क्षेत्रवासियों से बड़ी संख्या में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### मेधावी छात्रों व अभिभावकों का सम्मान समारोह



कार्यक्रम में मौजूद प्रबंधक, शिक्षक व बच्चे। • अमृत विचार

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** बीआरजी पब्लिक इण्टर कालेज बरैय्या में शनिवार दोपहर परीक्षा परिणाम वितरण एवं मेधावी छात्रों के साथ आदर्श अभिभावकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में प्ले ग्रुप से 12वीं कक्षा तक के अनिका मिश्रा, इशिता गुप्ता, वैष्णवी मिश्रा, शिवा पाण्डेय, धनंजय दीक्षित, दिपांशु वर्मा, हिना बानो, बबिता, सानिया, सौम्या वर्मा सहित 270 छात्र-छात्राओं और सात अभिभावक रामराज, विनोद कुमार, शिवशंकर मिश्रा, अनिल कुमार, देवेंद्र कुमार वर्मा, सुनील कुमार, कमलेश कुमार यादव को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि रामनगर तहसीलदार विपुल सिंह ने कहा कि बच्चों की सफलता में अभिभावकों के त्याग और समर्पण का बड़ा योगदान होता है। उन्होंने अभिभावकों और गुरुजनों की मेहनत और मार्गदर्शन की सराहना की। प्रधानाचार्य संजय वर्मा और कोषाध्यक्ष सीमा वर्मा ने तहसीलदार का अंगवस्त्र और स्मृति चित्र से स्वागत किया। अंजली रस्तोगी, सर्वोदय सिंह, आरडी यादव, संग्राम सिंह, अमित सिंह, श्याम गुप्ता, रोहित मिश्रा, दीपक सिंह सहित अभिभावक और स्टाफ उपस्थित रहे।

### धूम्रपान के खिलाफ जागरूकता अभियान



कार्यक्रम में मौजूद चिकित्सा अधीक्षक व अन्य। • अमृत विचार

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** पंचायत भवन बड़ागांव में शनिवार को राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की टीम ने नागरिकों को धूम्रपान के हानिकारक प्रभावों के प्रति जागरूक किया और उन्हें धूम्रपान न करने का संकल्प दिलाया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राधेश्याम गौड़ ने हृदय रोगों से बचाव और धूम्रपान के हानिकारक प्रभावों के बारे में बताया। कार्यक्रम में साइकोलॉजिस्ट संजय कुमार ने ल्यूकोप्लेकिया, फाइब्रोसिस और कैंसर जैसी बीमारियों की जानकारी दी। इस अवसर पर राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के साइकोलॉजिस्ट संजय कुमार, सोशल वर्कर राकेश कुमार, अजय सिंह, राजन कुमार, आशाराम उपस्थित रहे।

### डाक अधीक्षक सहित कई विशिष्टजन सम्मानित



डाकघर अधीक्षक किरण सिंह को सम्मानित करते कार्यक्रम संयोजक।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** राष्ट्रीय जागरण मंच व अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वावधान व कार्यक्रम संयोजक मनोज कुमार श्रीवास्तव के संयोजन में प्रतिभा सम्मान समारोह के दूसरे चरण का आयोजन नगर के लाजपत नगर स्थित श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में किया गया। कार्यक्रम में बाराबंकी मंडल की अधीक्षक डाकघर व साहित्यकार किरण सिंह को विशेष रूप से सम्मानित किया गयाउनके सुपुत्र के सिविल सेवा में चयन पर भी उन्हें सम्मानित किया गया। इसी क्रम में भाजपा जिला महामंत्री विजयानंद वाजपेई, बाबा गुरुकुल एकेडमी के प्रबंधक हरपाल सिंह, समाजसेवी पुष्पेन्द्र सिंह सरोज, संत रविदास जयंती पर शोभायात्रा निकालने वाले मनोज कुरील, भाजपा नगर अध्यक्ष सूरज सिंह, युवा उद्यमी सतीश श्रीवास्तव, सभासद अभिषेक गुप्ता, अधिवक्ता व समाजसेविका मालती यादव व मुस्कान श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सुभाष श्रीवास्तव, राजीव श्रीवास्तव, हेमंत श्रीवास्तव, योगेंद्र गुप्ता सहित अनेक कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने सहयोग प्रदान किया।

### स्कूल चलो अभियान के तहत नामांकन बढ़ाने पर जोर




रैली का नेतृत्व करते बीईओ फतेहपुर, साथ में शिक्षक। • अमृत विचार

**फतेहपुर, बाराबंकी : अमृत विचार :** स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा कंपोजिट विद्यालय फतेहपुर में बैठक आयोजित की गई। बीईओ धर्मेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में हुई बैठक में अपवंचित वर्ग, बालिकाओं, विशेष आवश्यकता वाले एवं कामकाजी बच्चों पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया गया। बीईओ धर्मेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में जागरूकता रैली निकाली गई। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह, जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के अध्यक्ष अशोक सिंह, अटेवा ब्लॉक अध्यक्ष राम मिलन वर्मा, ग्राम प्रधान गौरा करौंदी व भैंसुरिया मुजाहिदपुर ने विचार व्यक्त किए।

### कैशलेस चिकित्सा योजना लागू करने की मांग



विधायक को ज्ञापन देता प्रतिनिधिमंडल। • अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ के प्रतिनिधिमंडल ने कैशलेस चिकित्सा योजना का शासनादेश जारी कराने की मांग को लेकर कुर्सी विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने कर्मचारियों की स्वास्थ्य सुरक्षा से जुड़ी आवश्यकताओं को प्रमुखता से उठाते हुए शासन स्तर पर त्वरित निर्णय की अपेक्षा जताई। विधायक ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष नीरज पाण्डेय, कार्यकारी जिला अध्यक्ष चन्द्र किशोरी तिवारी, जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार समेत अन्य साथी मौजूद रहे।

**एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति प्रभावित: जुबिलेंट फूडवर्क्स**

**नयी दिल्ली।** जुबिलेंट फूडवर्क्स लि. ने शनिवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण उसके कुछ रेस्तरां में एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति बाधित हुई है। डोमिनोज पिज्जा और डंकिन डोनट्स सहित फास्ट-फूड श्रृंखला संचालित करने वाली कंपनी ने कहा कि वह बिजली तथा पीएनजी जैसे वैकल्पिक साधनों की ओर तेजी से बढ़ रही है।

अमृत विचार
अयोध्या, रविवार, 29 मार्च 2026
www.amritvichar.com

# कारोबार

## बिजनेस ब्रीफ

### सेल के सीएमडी पद के लिए अशोक पांडा के नाम की सिफारिश

**नयी दिल्ली।** सरकार में शीर्ष पदों के लिए चयन करने वाली संस्था लोक उद्यम चयन बोर्ड (पीईएसबी) ने सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक पद के लिए अशोक कुमार पांडा के नाम की सिफारिश की है। पांडा उन 10 चयनित उम्मीदवारों में शामिल थे जिनका साक्षात्कार सेल में चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) पद के लिए लिया गया था। सेल के वर्तमान सीएमडी अमरेंदु प्रकाश का कार्यकाल दो अप्रैल, 2026 को समाप्त हो रहा है। उन्होंने 31 मई, 2023 को इस पद का कार्यभार संभाला था।

### रेंटोमोजो ने आईपीओ के लिए सौंपे दस्तावेज

**नयी दिल्ली।** घरेलू फर्नीचर और उपकरण किराये पर देने वाली कंपनी रेंटोमोजो लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से धन जुटाने के लिए बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं। शुक्रवार को दाखिल की गई विवरण पुस्तिका (डीआरएचपी) के अनुसार, प्रस्तावित आईपीओ में 150 करोड़ रुपये तक के शेयर का नया निर्गम और मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 2,83,99,567 शेयर तक की बिक्री की पेशकश (ओएफएस) शामिल है। कंपनी ने कहा कि नए शेयरों से प्राप्त राशि का उपयोग कर्ज चुकाने, गोदाम और स्टोर के लिए पट्टा या लाइसेंस शुल्क देने, और सामान्य व्यावसायिक कार्यों के लिए किया जाएगा।

### थर्मैक्स बैबकॉक को 1,600 करोड़ का ऑर्डर

**नयी दिल्ली।** ऊर्जा समाधान उपलब्ध कराने वाली कंपनी थर्मैक्स की अनुषंगी थर्मैक्स बैबकॉक एंड विल्कॉक्स एनर्जी सॉल्यूशंस (टीबीडब्ल्यूएस) ने एक अत्याधुनिक तापीय विद्युत परियोजना के लिए लगभग 1,600 करोड़ रुपये के बॉयलर पैकेज आपूर्ति का ऑर्डर हासिल किया है। कंपनी के अनुसार, यह ऑर्डर भारत की एक प्रमुख तापीय ऊर्जा परियोजना कंपनी से 800 मेगावाट के संयंत्र के लिए मिला है। बयान में कहा गया है कि इस ऑर्डर के तहत बॉयलर का निर्माण, आपूर्ति, चालू करना और प्रदर्शन परीक्षण शामिल है।

### फोर्टिस को 117 करोड़ का आयकर नोटिस

**नयी दिल्ली।** फोर्टिस हेल्थकेयर लि. की इकाई फोर्टिस हॉस्पिटल्स लि. को आयकर विभाग से 117.04 करोड़ रुपये का नोटिस मिला है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि फोर्टिस हॉस्पिटल्स लिमिटेड को 27 मार्च 2026 का आयकर आदेश प्राप्त हुआ है, जो आकलन वर्ष 2024-25 से संबंधित है। इसके तहत 117.04 करोड़ रुपये की मांग की गई है। कंपनी ने कहा कि वह इस आदेश के खिलाफ अपील समेत सभी विकल्पों पर विचार कर रही है।

# बाहरी झटकों से वृद्धि पर नकारात्मक प्रभाव का जोखिम: वित्त मंत्रालय

## बदलते हालात में सतत निगरानी और समायोजित प्रतिक्रिया बनाए रखना महत्वपूर्ण

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

देश में निकट भविष्य का परिदृश्य अनिश्चित बना हुआ है। बाहरी झटके विशेष रूप से पश्चिम एशिया संकट, कच्चे माल की उच्च लागत और संभावित आपूर्ति बाधाएं वृद्धि के लिए जोखिम पैदा कर रही हैं। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को एक रिपोर्ट में यह कहा। हालांकि रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि मजबूत वृहद आर्थिक बुनियाद और ठोस घरेलू मांग प्रभाव को कम करने में मदद कर सकते हैं।

वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग द्वारा जारी मार्च माह की मासिक आर्थिक समीक्षा के अनुसार वैश्विक घटनाओं ने भारत के लिए जटिल और बहुस्तरीय जोखिम पैदा कर दिए हैं। इसका कारण देश एक प्रमुख ऊर्जा आयातक होने के साथ-साथ पश्चिम एशिया क्षेत्र के साथ मजबूत व्यापार, निवेश और धन प्रेषण का जुड़ाव है।

इसमें कहा गया- हालांकि भारत के अपेक्षाकृत मजबूत वृहद आर्थिक बुनियाद और निरंतर नीतिगत प्रयास मजबूती प्रदान करते हैं, लेकिन बदलती स्थिति के लिए गहन निगरानी और सुविचारित नीतिगत प्रतिक्रियाओं की आवश्यकता है। रिपोर्ट के अनुसार ऊर्जा विविधीकरण, कृषि क्षेत्र में तैयारी, मुद्रास्फीति की स्थिति, बाह्य क्षेत्र की मजबूती और नीतिगत उपायों के जरिये सरकार के हस्तक्षेप आर्थिक प्रणाली की क्षमता को मजबूत करता है ताकि वैश्विक घटनाओं से उत्पन्न होने वाले अल्पकालिक व्यवधानों को सहन किया जा सके।

इसके साथ ही, बदलती परिस्थितियों को देखते हुए सतत निगरानी और समायोजित प्रतिक्रिया बनाए रखना भी महत्वपूर्ण है।



रिपोर्ट में कहा गया कि इन उपायों और मौजूदा आर्थिक सुरक्षा पहल के साथ कुछ सहारा मिलने के बावजूद, जोखिमों का संतुलन नकारात्मक दिशा में बना हुआ है। ऐसे हालात में, लगातार सतर्कता बनाए रखना और सक्रिय नीतिगत कदम उठाना आवश्यक होगा ताकि बदलते वैश्विक अनिश्चितताओं के प्रभाव को कम किया जा सके। हाल में तेल की कीमतों में उछाल मध्यम अवधि में महंगाई के लिए जोखिम पैदा करता है, क्योंकि ऊंची ऊर्जा लागत विशेष रूप से ईंधन-निर्भर क्षेत्रों में धीरे-धीरे घरेलू कीमतों में तेजी के रूप में बदलती है। रिपोर्ट में कहा गया कि अगर तेल और गैस की कीमतें लगातार बढ़ती रही, तो इससे विभिन्न क्षेत्रों में लागत बढ़ने के और प्रभाव पड़ सकते हैं। इसके बावजूद, सरकार सतर्क है और घरेलू ऊर्जा की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा संभावित महंगाई दबाव को कम करने के उपाय कर रही है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक कच्चे तेल की ऊंची कीमतें भी वस्तु व्यापार संतुलन के लिए जोखिम पैदा करती हैं, जबकि बाहर से भेजा जाने वाला पैसा (धन प्रेषण) को लेकर दृष्टिकोण भी संवेदनशील बना हुआ है क्योंकि खाड़ी सहयोग परिषद की अर्थव्यवस्थाओं का वित्त वर्ष 2023-24 में भारत के कुल धन प्रेषण में लगभग 38 प्रतिशत हिस्सा था। इसमें कहा गया कि तेजी से अनिश्चित होते वैश्विक परिवेश में, भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती ठोस घरेलू बुनियाद पर निर्भर करेगा। रिपोर्ट में कहा गया कि आर्थिक वृद्धि को मजबूत बनाए रखने के लिए लगातार संरचनात्मक सुधारों पर ध्यान देना जरूरी होगा, ताकि प्रतिस्पर्धा बढ़े, कार्यकुशलता बढ़े और निवेश को बढ़ावा मिले।

# केंद्र सरकार का शहरी क्षेत्रों में पीएनजी नेटवर्क के तेज विस्तार पर जोर

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

केंद्र सरकार ने शनिवार को देश के शहरी क्षेत्रों में पीएनजी नेटवर्क के तेजी से विस्तार पर जोर दिया। पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण एलपीजी आपूर्ति संबंधी चिंताओं के बीच पीएनजी नेटवर्क को बढ़ावा दिया जा रहा है।



केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने एक ही जगह सभी प्रकार की मंजूरी प्रणाली, शहरी नियोजन में गैस पाइपलाइन का एकीकरण और अंतिम-छोर तक कनेक्टिविटी में सुधार सहित प्रमुख प्राथमिकताओं का उल्लेख किया।

उन्होंने पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी, उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी, राज्य प्रतिनिधियों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित एक गोलमेज सम्मेलन में 50 लाख नए पीएनजी (पाइप के जरिये घरों में पहुंचने वाली रसोई गैस) कनेक्शन प्रदान करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य का उल्लेख किया। आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, अधिकारियों ने देश में पीएनजी विस्तार को धीमा करने वाली प्रमुख बाधाओं को जिक्र किया, जिनमें नगरपालिका अनुमतियों में देरी, मार्ग अधिकार (आरओडब्ल्यू) अनुमोदन और उच्च बहाली यानी मरम्मत शुल्क शामिल हैं।

राज्यों ने ऐसे शुल्कों को युक्तिसंगत बनाने या माफ करने तथा समयबद्ध मंजूरी प्रणालियों को अपनाने की आवश्यकता बतायी। शहरी क्षेत्रों में मौजूदा बुनियादी ढांचे के साथ तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) से पीएनजी में चरणबद्ध परिवर्तन पर व्यापक सहमति है।

### पीएम ई-ड्राइव योजना में संशोधन, समय सीमा तय

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने ई-स्कूटर और ई-रिक्शा के लिए नई समय सीमा और अधिकतम वाहनों की संख्या तय करने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने की योजना पीएम ई-ड्राइव में संशोधन किया है। केंद्र सरकार ने 10,900 करोड़ रुपये की पीएम ई-ड्राइव (पीएम इलेक्ट्रिक ड्राइव रिवोल्यूशन इन इनोवेटिव व्हीकल एनहांसमेंट) दिशानिर्देश संशोधित किए हैं। इसके अनुसार, 31 जुलाई, 2026 तक पंजीकृत इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन और 31 मार्च, 2028 तक पंजीकृत इलेक्ट्रिक तीनपहिया वाहन (ई-रिक्शा और ई-कार्ट) योजना के तहत प्रोत्साहन पाने के पात्र होंगे। प्रोत्साहन राशि का लाभ उठाने के लिए अधिकतम शोरूम कीमत इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के लिए 1.5 लाख रुपये और इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों (ई-रिक्शा और ई-कार्ट) के लिए 2.5 लाख रुपये तक सीमित है।

# बीआईयू और बीएफआई के बीच नवाचार इकोसिस्टम को लेकर साझा रोडमैप तय

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

बरेली इंटरनेशनल यूनीवर्सिटी (बीआईयू) में शनिवार को ब्लॉकचेन फॉर इम्पैक्ट (बीएफआई) के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें विश्वविद्यालय के नवाचार इकोसिस्टम को मजबूत बनाने की दिशा में हुई प्रगति और भविष्य की रणनीति पर चर्चा की गई।




बीएफआई प्रतिनिधियों के साथ बैठक में मौजूद बीआईयू कुलपति डॉ. लता अग्रवाल (साथ में डॉ. वरुण अग्रवाल एवं डॉ. अर्जुन अग्रवाल। फोटो: अमृत विचार

बैठक में बीएफआई की ओर से प्रोग्राम डायरेक्टर डॉ. श्वेता जिंदल और प्रोग्राम मैनेजर डॉ. सोनालिका सिंह शामिल रहीं। इस दौरान बीआईयू की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल की उपस्थिति में एमओयू का आदान-प्रदान किया गया। कार्यक्रम में डॉ. वरुण अग्रवाल, डॉ. अर्जुन अग्रवाल और इन्क्यूबेशन सेंटर के सीईओ क्लॉडियस लाजरस भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. अर्जुन अग्रवाल के स्वागत भाषण से हुई। इसके बाद इन्क्यूबेशन टीम ने प्रस्तुति के माध्यम से विश्वविद्यालय में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों को साझा किया। इसमें छात्रों, शिक्षकों और शोधकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी पर विशेष जोर दिया गया। बैठक के दौरान छात्र नवाचार प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन भी किया गया, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से परिसर में विकसित हो रही उद्यमिता और समस्या-समाधान की संस्कृति को दर्शाया गया। साथ ही विभिन्न कॉलेजों के प्राचार्यों और फैकल्टी सदस्यों ने सहभागिता बढ़ाने और अंतर-विषयी सहयोग को मजबूत करने पर विचार रखे। बीएफआई के प्रतिनिधियों ने बीआईयू के संरचित और गुणवत्ता-आधारित दृष्टिकोण की सराहना की। डॉ. श्वेता जिंदल ने विश्वविद्यालय को नवाचार के क्षेत्र में निरंतर प्रगति बनाए रखने और इन्क्यूबेशन प्रक्रिया को और सुदृढ़ करने की सलाह दी।

बैठक का समापन नवाचार इकोसिस्टम को और प्रभावी बनाने तथा विश्वविद्यालय को विकास के अगले चरण तक ले जाने की साझा प्रतिबद्धता के साथ हुआ।

# व्यापार में बदले की कार्रवाई के तहत शुल्क लगाने को उचित नहीं ठहराएं

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

- **भारत ने डब्ल्यूटीओ के सदस्यों को 'पारदर्शिता' के दुरुपयोग को लेकर चेताया**

भारत ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के सदस्यों को चेतावनी दी है कि वे शुल्क लगाने को उचित ठहराने या वैध घरेलू नीतियों को चुनौती देने के लिए डब्ल्यूटीओ के पारदर्शिता प्रावधान का दुरुपयोग न करें। भारत ने कहा कि 'पारदर्शिता' को निरंतर क्षमता निर्माण सहायता के जरिये समर्थन दिया जाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि सभी देश निष्पक्ष और प्रभावी ढंग से अपने दायित्वों का पालन करें। डब्ल्यूटीओ के व्यापार में तकनीकी बाधाओं से संबंधित समझौते में पारदर्शिता एक महत्वपूर्ण भाग है। इसके तहत, सदस्य देशों को अपनी व्यापार नीतियों, सब्सिडी और नियामक उपायों के बारे में नियमित और स्पष्ट रूप से जानकारी साझा करनी होती है। अमेरिका डब्ल्यूटीओ सुधार प्रस्ताव के तहत अनिवार्य खुलासों पर सख्त नियमों के लिए दबाव डाल रहा है।

उसका आरोप है कि कई देश डब्ल्यूटीओ को सब्सिडी, शुल्क या नीतिगत बदलावों की सूचना समय पर नहीं देते हैं। डब्ल्यूटीओ के विकासशील सदस्य देश सैद्धांतिक रूप से पारदर्शिता के महत्व से सहमत हैं, लेकिन अमेरिका द्वारा इसे लागू करने के तरीके पर उन्हें गंभीर आपत्ति है।

**सुरक्षा विशेषज्ञ की बात** — भारत की डिजिटल सार्वजनिक व्यवस्था 'इंडिया स्टैक' अब दुनिया के लिए एक उदाहरण

# साइबर खतरे अब डेटा ही नहीं, जीवन को भी जोखिम

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

बढ़ते साइबर हमलों के बीच अब खतरा सिर्फ आंकड़ों की चोरी तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह सीधे लोगों की जान के लिए भी जोखिम बन गया है। एक वरिष्ठ साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ ने यह बात कही। डेलॉयट के दक्षिण एशिया में भागीदार और साइबर मामलों के प्रमुख गौरव शुक्ला ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी और संचालन प्रणालियों के आपस में जुड़ने से हमलों का दायरा बढ़ गया है। इससे विमानन, परिवहन और सार्वजनिक सेवाओं जैसे क्षेत्र ज्यादा खतरे में आ गए हैं।

उन्होंने कहा-पिछले कुछ वर्षों में डिजिटल बदलाव तेजी से हुआ है, जिससे हमले की संभावनाएं भी बढ़ी हैं। जितनी ज्यादा प्रणालियां जुड़ती हैं, उतने ही अधिक मौके हमलावरों को मिलते हैं। शुक्ला ने उदाहरण देते हुए कहा कि अगर आप राजमार्ग पर 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस कार चला रहे हों और अचानक उसका स्टीयरिंग आपके नियंत्रण में न रहे, तो आप अपने बैंक खाते की नहीं, बल्कि अपनी जान की चिंता करेंगे।




- **करीब 24 देशों को भारत जैसी ही सार्वजनिक व्यवस्था बनाने में सलाह दे रहा है डेलॉयट**

उन्होंने कहा कि इससे साफ है कि अब साइबर सुरक्षा केवल डेटा की सुरक्षा तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह सीधे मानव जीवन की सुरक्षा से जुड़ गई है। शुक्ला ने बताया कि अगर किसी चिकित्सा उपकरण में साइबर हमला कर मरीज के बारे में जानकारी बदल दिए जाएं, तो यह जानलेवा हो सकता है। वहीं, बिजली उत्पादन या आपूर्ति व्यवस्था पर हमला होने से पूरे देश में अंधेरा छा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया की करीब आठ अरब आबादी के बीच 30 अरब से ज्यादा सेंसर वाले उपकरण मौजूद हैं, यानी हर व्यक्ति के आसपास औसतन तीन से अधिक ऐसे उपकरण होते हैं। भारत की डिजिटल प्रगति पर उन्होंने कहा कि देश की डिजिटल सार्वजनिक व्यवस्था, जिसे आम तौर पर 'इंडिया स्टैक' कहा जाता है, अब दुनिया के लिए एक उदाहरण बन चुका है। डेलॉयट करीब 24 देशों को ऐसी ही व्यवस्था बनाने में सलाह दे रहा है।

हालांकि उन्होंने चेतावनी दी कि जैसे-जैसे यह व्यवस्था पहचान और भुगतान से आगे बढ़कर शिक्षा और स्वास्थ्य तक पहुंचेगी, वैसे-वैसे नए खतरे भी पैदा होंगे। जनवरी में भारत के लगभग 80 प्रतिशत डिजिटल भुगतान इसी व्यवस्था के माध्यम से हुए, इसलिए इसकी सुरक्षा राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव — महासंग्राम



# पश्चिम बंगाल चुनाव देश की सुरक्षा के लिए अहम: अमित शाह

## गृहमंत्री ने तृणमूल सरकार के खिलाफ जारी किया आरोप पत्र

**कोलकाता, एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को तृणमूल कांग्रेस सरकार के खिलाफ एक 'आरोपपत्र' जारी किया तथा पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को देश की सुरक्षा के लिए अहम बताते हुए भाजपा के प्रचार अभियान को और तेज कर दिया। शाह ने राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि इसके 15 साल के शासन के दौरान बंगाल देश के लिए घुसपैठ, तुष्टिकरण की राजनीति और सीमा पर असुरक्षा का प्रमुख 'गलियारा' बन गया है। उन्होंने कहा कि ममता दीदी ने हमेशा 'विक्टिम कार्ड' की राजनीति खेली है। कभी वह अपनी चोट की बात करती हैं, तो कभी निर्वाचन आयोग को भला-बुरा कहती हैं। जनता अब ममता दीदी की 'विक्टिम कार्ड' वाली राजनीति को अच्छी तरह समझ चुकी है।

निर्वाचन आयोग की एसआईआर कवायद का विरोध करने पर शाह ने बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह अल्पसंख्यक वोट बैंक को बचाने को ऐसी चीजें कर रही हैं।



चुनाव रैली में तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ आरोप पत्र जारी करते गृहमंत्री अमित शाह।

शाह ने कहा कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अन्य राज्यों में भी हुआ है, लेकिन कहीं भी इसे इतना बड़ा मुद्दा नहीं बनाया गया। बंगाल में इसे मुद्दा सिर्फ इसलिए बनाया गया है, क्योंकि ममता बनर्जी अपने वोट बैंक को बचाना चाहती हैं। निर्वाचन आयोग जैसे संवैधानिक निकायों का अपमान करना बंगाली संस्कृति का हिस्सा नहीं है। यह दावा करते हुए कि असम में भाजपा के सत्ता में आने के बाद वहाँ से घुसपैठ लगभग खत्म हो गई है।

शाह ने आरोप लगाया कि अब पश्चिम बंगाल आखिरी बचा हुआ रास्ता बनकर उभरा है, जिसके जरिए घुसपैठिए भारत में प्रवेश करते हैं और अलग-अलग राज्यों में फैल जाते हैं। शाह ने कहा कि बंगाल चुनाव न केवल बंगाल के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए महत्वपूर्ण है। एक तरह से, पूरे देश की सुरक्षा बंगाल चुनाव से जुड़ी हुई है। उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल की सीमाओं से होने वाला अवैध प्रवासन राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चिंता का विषय बन गया है।

शाह ने अपने सबसे तीखे हमलों में से एक में कहा कि रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सिलीगुड़ी कॉरिडोर की सुरक्षा तृणमूल सरकार की तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति के कारण खतरे में पड़ गई है। संकरी पट्टी वाला सिलीगुड़ी कॉरिडोर पूर्वोत्तर को शेष भारत से जोड़ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र के बार-बार अनुरोध के बावजूद, ममता बनर्जी सरकार ने बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने को जमीन उपलब्ध नहीं कराई है।




पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रानीगंज में एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बंगाल को तबाह करने की कोशिश से भाजपा देश में सता गंवा देगी। कहा कि मतदाता सूची के एसआईआर के दौरान मतदाताओं के नाम हटाने के लिए निर्वाचन आयोग भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है।

### भाजपा उपद्रवियों की पार्टी : अभिषेक बनर्जी

**कोलकाता, एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को उपद्रवियों की पार्टी करार दिया और उसपर राज्य में रामनवमी रैलियों के दौरान हिंसा भड़काने का आरोप भी लगाया। पार्टी के दो नंबर के नेता बनर्जी ने बीरभूम जिले के लाभपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि बंगाल के लोग पारंपरिक रूप से सभी त्योहारों को सौहार्दपूर्वक मनाते आए हैं। कहा कि क्या आपने दुर्गा पूजा, काली पूजा, जगद्धात्री पूजा, ईद, छठ पूजा, क्रिसमस या जैन समुदाय द्वारा निकाली जाने वाली यात्राओं के दौरान किसी उपद्रव या झड़प की कोई घटना सुनी है? तो फिर रामनवमी जैसे पवित्र अवसर का उपयोग वे (भाजपा) हिंसा और अराजकता पैदा करने के लिए क्यों कर रहे हैं? चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के कुछ हिस्सों में शुक्रवार को उस वक्त तनाव फैल गया, जब रामनवमी जुलूस के दौरान झड़पें हुईं। कई स्थानों से पथराव, तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाएं रिपोर्ट हुईं। डायमंड हार्बर से लोकसभा सांसद ने बिना किसी घटना का उल्लेख किए आरोप लगाया कि भाजपा का मतलब उपद्रवी होना है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा और इसके सहयोगी संगठन रामनवमी के जुलूसों में गुंडों को लाते हैं, जो तलवारें लहराते हैं और सार्वजनिक रूप से शराब पीते हैं। डायमंड हार्बर के सांसद ने लाभपुर रैली में कहा कि केवल रामनवमी के दौरान ही हिंसा की रिपोर्ट क्यों होती है?

### तमिलनाडु: द्रमुक ने 164 सीटों पर घोषित किये उम्मीदवार

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक ने शनिवार को 23 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए 164 सीट पर अपने उम्मीदवारों के नाम घोषित किए। पार्टी ने मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन और उनके बेटे एवं उपमुख्यमंत्री उदयनिधि को उनकी मौजूदा सीटों से फिर से नामांकित किया है। ज्यादातर मंत्रियों, विधायकों और वरिष्ठ नेताओं को टिकट दिया गया है। पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए द्रमुक अध्यक्ष स्टालिन ने कहा कि वह कोलाथुर से एक बार फिर चुनाव लड़ेंगे। उदयनिधि भी इसी शहर के चेपॉक-ट्रिप्लिकेन से दोबारा चुनाव लड़ रहे हैं।

# असम: कांग्रेस में अपमानित कर अवांछित महसूस कराया गया: प्रद्युत बोरदोलोई

**गुवाहाटी, एजेंसी**

हाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए असम से दो बार के सांसद प्रद्युत बोरदोलोई ने कहा है कि कांग्रेस में उन्हें उपेक्षित, अलग-थलग और अवांछित व्यक्ति जैसा महसूस कराया गया। पांच दशक से अधिक समय तक कांग्रेस में रहे बोरदोलोई दिसपुर से भाजपा के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। बोरदोलोई ने एक साक्षात्कार में कहा कि एक के बाद एक कई ऐसी बातें हुईं, जिन्होंने उन्हें आहत किया और शायद इसकी शुरुआत 2022 में कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव से हुई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस में उन्हें अपमान का सामना करना पड़ रहा था, उन्हें अवांछित व्यक्ति जैसा महसूस कराया गया और पार्टी अध्यक्ष पद के लिए उनके द्वारा शशि थरूर की उम्मीदवारी का समर्थन किए जाने के बाद उन्हें किनारे कर दिया गया।

मल्लिकार्जुन खरगे चुनाव जीतकर कांग्रेस अध्यक्ष बने। बोरदोलोई ने कहा कि उसके बाद मुझे लगा कि मेरे खिलाफ व्यवस्थित तरीके से कार्रवाई हो रही है, हालांकि खरगे हमेशा उदार रहे और उन्होंने मुझे स्वीकार किया... सोनिया गांधी, जो मेरे लिए मां जैसी रही हैं, उन्होंने भी कभी मेरे साथ भेदभाव नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस में दूसरे पायदान के नेतृत्व ने उन्हें व्यवस्थित ढंग से किनारे कर दिया और यह बहुत साफ दिखाई देता था।

# केरल: कांग्रेस आलाकमान की सुधाकरन से भेंट, राहुल बोले- यूडीएफ एकजुट

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस आलाकमान ने केरल के कन्नूर से लोकसभा सदस्य के. सुधाकरन की नाराजगी की खबरों के बीच शनिवार को उनसे मुलाकात की और कहा कि राज्य में पूरा संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) एकजुट है तथा इस विधानसभा चुनाव में 100 सीट जीतने की ओर अग्रसर है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की सुधाकरन से मुलाकात के दौरान सांसद का परिवार तथा कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल भी मौजूद थे। राहुल गांधी ने मुलाकात की तस्वीर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा करते हुए एक पोस्ट में कहा कि आज कांग्रेस अध्यक्ष खरगे जी और वेणुगोपाल जी के साथ सुधाकरन जी और उनके परिवार से मुलाकात की। के. सुधाकरन जी ने अपना पूरा जीवन केरल के लोगों के लिए लड़ते हुए बिताया है। वह हर तूफान, हर चुनौती, हर परीक्षा से गुजरे हैं। उनमें एक सच्चे कांग्रेसी सिपाही की ताकत और निष्ठा है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### डोनबास पर शर्त का जेलेंस्की का दावा झूठा

**पेरिस।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शुक्रवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के उस दावे को खारिज किया, जिसमें कहा गया था कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन किसी युद्धविराम योजना के तहत अमेरिकी सुरक्षा गारंटी के बदले यूक्रेन से उसके पूर्वी डोनबास क्षेत्र को रूस को सौंपने की मांग कर रहा है। फ्रांस में जी-7 की बैठक के बाद रुबियो ने जेलेंस्की की हालिया टिप्पणी का खंडन करते हुए कहा कि अमेरिका ने यूक्रेन के साथ बातचीत में ऐसी कोई शर्त नहीं रखी है। रुबियो ने कहा, यह झूठ है।

### मिसाइल के मलबे से पांच भारतीय घायल

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की वायु रक्षा प्रणाली द्वारा एक बैलिस्टिक मिसाइल को उसके लक्ष्य पर पहुंचने से पहले मार गिराए जाने के बाद खलीफा इकोनॉमिक जोंस अबू धाबी के आसपास उसका मलबा गिरने से पांच भारतीय घायल हो गए। स्थानीय मीडिया ने शनिवार को यह खबर दी। अबू धाबी मीडिया कार्यालय ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बताया कि प्राधिकारियों ने इस घटना में पांच भारतीय नागरिकों के घायल होने की पुष्टि की है।

### सीआरपीएफ जवान की शोपियां में मृत्यु

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में शनिवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान की संदिग्ध रूप से दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो गई। अधिकारियों ने बताया कि सीआरपीएफ की 14वीं बटालियन के हेड कांस्टेबल ज्ञान चंद शनिवार सुबह शोपियां स्थित जिला पुलिस लाइन्स (डीपीएल) शिविर में बेहोश पाए गए। उन्होंने बताया कि जवान को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। जवान की मृत्यु के कारण का पता लगाने के लिए बीएनएसएस के तहत कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

### ओडिशा में तूफान से तीन लोगों की मौत

**पुरी।** ओडिशा के मयूरभंज और पुरी जिलों में नॉरवेस्टर तूफान से तीन लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस के अधिकारी ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार रात करीब 11 बजे मयूरभंज जिला मुख्यालय बारीपदा में तेज हवाओं के साथ गरज के साथ बौछारें पड़ीं। उन्होंने कहा कि दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए।

## सेना को मिली देश में बनी लाइट मशीन गन प्रहार की पहली खेप

ग्वालियर, एजेंसी

● **अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने ग्वालियर फैक्ट्री में किया निर्मित**

देश की एक रक्षा कंपनी ने शनिवार को मेक इन इंडिया पहल के तहत निर्मित 2,000 प्रहार लाइट मशीन गन (एलएमजी) की पहली खेप भारतीय सेना को सौंप दी। प्रहार नामक यह एलएमजी 7.62 एमएम कैलिबर की है जिसे अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस द्वारा ग्वालियर के बाहरी क्षेत्र स्थित इसके लघु अस्त्र परिसर में निर्मित किया गया है।

सेना को एलएमजी सौंपने के लिए शनिवार को संबंधित परिसर में एक समारोह आयोजित किया गया, जिसमें रक्षा मंत्रालय के महानिदेशक (खरीद) ए. अंबरासु तथा अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष राजवंशी और निजी कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बाद में, अंबरासु ने सेना के लिए बनी एलएमजी की पहली खेप ले जा रहे ट्रकों को हरी झंडी दिखाई। झंडी दिखाए जाने के बाद राजवंशी ने कहा कि आज जिस यात्रा की शुरुआत हुई है, उसे पूरा करने में हमें छह साल लगे। हमने इसे तय समय से 11 महीने पहले ही सौंप दिया है। कहा कि ग्राहक ने हमें जो मूल समयसीमा दी थी, वह सात साल से ज्यादा की थी, लेकिन मैं आपको भरोसा दिला सकता हूं कि अगले तीन साल में पूरा ऑर्डर उपलब्ध करा दिया जाएगा।

## क्या होगा युद्ध का अंतिम परिणाम

अमेरिका और इजराइल ने जब 28 फरवरी 2026 को संयुक्त रूप से ईरान पर ऑपरेशन एपिक फ्यूरी के तहत मिसाइल हमले शुरू किए, तो दुनिया एक ऐसे संघर्ष की गवाह बनी जिसकी आशंका लंबे समय से जताई जा रही थी। वर्तमान में युद्ध अपने चरम पर है, दोनों पक्ष पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। ईरान ने न केवल अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर पलटवार किया है, बल्कि होर्मुज जलडमरूमध्य पर संप्रभुता का दावा करते हुए वैश्विक तेल आपूर्ति को ठप करने की धमकी दी है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने इसे महाविनाशकारी करार देते हुए चेतावनी दी है कि यह युद्ध पूरी दुनिया को एक ऐसे अनियंत्रित भंवर में धकेल सकता है जिससे बाहर निकलना असंभव होगा। भारत की भी ऊर्जा सुरक्षा और लाखों प्रवासियों का भविष्य दांव पर लगा है।

## अमेरिका-ईरान संघर्ष



### क्यों आन पड़ी युद्ध की जरूरत

● परमाणु कार्यक्रम और निरीक्षण : ईरान द्वारा अपने क्षतिग्रस्त परमाणु केंद्रों पर अंतरराष्ट्रीय निरीक्षकों को अनुमति देने से इनकार करना तनाव का मुख्य बिंदु बना।

● इजरायली दबाव : इजरायल ने दावा किया कि ईरान परमाणु हथियार हासिल करने के बेहद करीब है। 28 फरवरी 2026 को सुप्रीम लीडर अली खामेनेई की एक सैन्य अभियान में मौत ने आग में घी का काम किया।

● वार्ता की विफलता : अमेरिका ने 15-सूत्रीय युद्धविराम योजना पेश की थी, जिसे ईरान ने यह कहते हुए ठुकरा दिया कि वह हर्जाने और संप्रभुता की गारंटी के बिना पीछे नहीं हटेगा।

● रणनीतिक महत्वाकांक्षा : ट्रंप प्रशासन का मानना है कि केवल सत्ता परिवर्तन के माध्यम से ही ईरान के खतरे को हमेशा के लिए खत्म किया जा सकता है।

### नाटो और यूरोपीय देशों की चुप्पी के पीछे का सच

● कानूनी बाध्यता का अभाव : नाटो का अनुच्छेद 5 केवल तभी लागू होता है जब किसी सदस्य देश पर हमला हो। चूंकि यह युद्ध अमेरिका और इजरायल द्वारा शुरू किया गया है, इसलिए यूरोपीय देश इसे रक्षात्मक नहीं मानते। ● ऊर्जा संकट का डर : यूरोप अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए खाड़ी देशों के तेल पर निर्भर है। उन्हें डर है कि युद्ध में शामिल होने से ईरान तेल सप्लाई काट देगा, जिससे उनकी अर्थव्यवस्था चरमरा जाएगी।

● सार्वजनिक विरोध : जर्मनी, फ्रांस और ब्रिटेन की जनता युद्ध के खिलाफ सड़कों पर है। नेता अपनी घरेलू राजनीति को खतरे में नहीं डालना चाहते।

● ट्रंप की नीतियों पर अविश्वास : यूरोपीय सहयोगियों का लगता है कि ट्रंप ने उन्हें विश्वास में लिए बिना यह हमला किया, इसलिए वे अब इसकी जिम्मेदारी साझा नहीं करना चाहते।

### भारत के परिप्रेक्ष्य में परिणाम

● ऊर्जा संकट : भारत अपनी जरूरत का 80% तेल आयात करता है। होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने से तेल की कीमतें $150 प्रति बैरल के पार जा सकती हैं। ● प्रवासियों की सुरक्षा : खाड़ी देशों में रहने वाले करीब 80 लाख भारतीय नागरिक सीधे तौर पर प्रभावित होंगे। उन्हें वापस लाना भारत सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती होगी।

● कूटनीतिक संतुलन : भारत का अमेरिका और ईरान दोनों के साथ रणनीतिक रिश्ता है। चाबहार बंदरगाह जैसी परियोजनाओं का भविष्य अब अधर में लटक गया है। ● आर्थिक मंदी : बढ़ती महंगाई और शेयर बाजार की उथल-पुथल भारतीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार को धीमा कर सकती है।

# इजराइल ने ईरान पर बोला 50 विमानों से हमला

## एटमी ठिकानों को बनाया निशाना, ईरान ने सऊदी अरब पर दागीं छह बैलिस्टिक मिसाइलें, ड्रोन से किया हमला

● **पश्चिम एशिया युद्ध में पहली बार यमन ने इजराइल की ओर दागीं मिसाइलें**

दुबई, एजेंसी

इजराइल ने ईरान के अंदर 50 फाइटर जेट्स से हमला किया है। इजराइली सेना के मुताबिक शुक्रवार रात ईरान के तीन इलाकों में हथियार बनाने वाली फैक्ट्रियों और परमाणु कार्यक्रम से जुड़े ठिकानों को निशाना बनाया गया। वहीं ईरान ने सऊदी अरब पर छह बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया है। वहीं यमन ने पहली बार इजराइल पर मिसाइलें दागीं।

सेना ने बताया कि ये हमले खुफिया जानकारी के आधार पर किए गए और कई घंटों तक चले। हमलों में अराक और यज्द जैसे अहम इलाके शामिल थे। जिन ठिकानों को निशाना बनाया गया, उनमें हथियार बनाने वाली सैन्य इंडस्ट्री और बैलिस्टिक के साथ एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल के पुर्जे बनाने वाली फैक्ट्री शामिल थी। इसके अलावा अराक में मौजूद हेवी वॉटर प्लांट पर भी हमला किया गया, जिसे इजराइल ने परमाणु हथियारों के लिए प्लूटोनियम तैयार करने में अहम बताया है। वहीं यज्द में उस प्लांट को भी निशाना बनाया गया, जहां यूरेनियम संवर्धन



इज़राइल के तेल अवीव में मिसाइल हमले में क्षतिग्रस्त हुई एक इमारत से अपना सामान लेकर बाहर निकलते लोग।

(एनरिचमेंट) के लिए जरूरी विस्फोटक सामग्री तैयार की जाती है। वहीं, ईरान ने सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयरबेस पर शुक्रवार रात को 6 बैलिस्टिक मिसाइलें और 29 ड्रोन दागे। इस हमले में 15 सैनिक घायल हुए, जिनमें 5 की हालत गंभीर है।

वहीं, यमन ने शनिवार तड़के इजराइल की ओर एक मिसाइल दागी और यह पहली बार है जब इजराइल पर यमन ने हमला किया है। इजराइल की सेना ने यह जानकारी दी। इस बीच, ईरान और हिजबुल्ला ने शुक्रवार रात से शनिवार तक इजराइल पर हमले जारी रखे तथा बीर शेबा एवं इजराइल के मुख्य परमाणु अनुसंधान केंद्र के पास के इलाके में रात के दौरान तीसरी बार सायरन बजे। यमन की राजधानी सना पर तेहरान समर्थित हूती विद्रोही समूह का 2014 से कब्जा है। समूह ने इजराइल के खिलाफ हमला किए जाने की तत्काल पुष्टि नहीं की। हूती विद्रोही इस युद्ध से अब तक दूर रहे हैं। दरअसल 2015 में यमन की निर्वासित सरकार की ओर से इस समूह के खिलाफ युद्ध करने वाले सऊदी अरब एवं विद्रोहियों के बीच वर्षों से एक असहज संघर्षविराम की स्थिति है। इस बीच, इजराइल ने ईरान के खिलाफ हमले तेज करने और उनका दायरा बढ़ाने की धमकी देने के कुछ घंटे बाद उसके परमाणु केंद्रों पर हमला किया। ईरान ने जवाबी कार्रवाई करने का संकल्प लिया और सऊदी अरब में एक सैन्य अड्डे पर हमला किया। ईरान ने कहा कि अपने आधारभूत ढांचे पर हमले का कड़ा जवाव देगा।

## इन्फ्रास्ट्रक्चर पर हमले का देंगे कड़ा जवाब : ईरान

### ईरानी हमले में 24 से अधिक अमेरिकी सैनिक घायल

**दुबई।** सऊदी अरब के एक हवाई अड्डे पर पिछले सप्ताह ईरानी हमलों में 24 से अधिक अमेरिकी सैनिक घायल हो गए हैं। इस बारे में जानकारी रखने वाले दो व्यक्तियों ने यह खुलासा किया है। दोनों व्यक्तियों ने यह जानकारी अपना नाम गुप्त रखने की शर्त पर दी क्योंकि वे टिप्पणी करने के लिए अधिकृत नहीं थे। ईरान ने शुक्रवार को सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान हवाई अड्डे पर छह बैलिस्टिक मिसाइल और 29 ड्रोन दागे, जिसमें कम से कम 15 सैनिक घायल हो गए, जिनमें से पांच गंभीर रूप से घायल हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने शुरू में बताया था कि कम से कम 10 अमेरिकी सैनिक घायल हुए हैं, जिनमें से दो गंभीर रूप से घायल हैं। मामले की जानकारी रखने वाले व्यक्तियों के अनुसार, इस सप्ताह की शुरुआत में भी इस अड्डे पर दो बार हमले हुए थे, जिनमें से एक घटना में 14 अमेरिकी सैनिक घायल हो गए थे।

### सऊदी, मिस्र और तुर्किये के विदेशमंत्री जाएंगे पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** ईरान के साथ जारी युद्ध की वजह से पश्चिम एशिया में उत्पन्न संकट पर चर्चा करने के लिए पाकिस्तान ने सऊदी अरब, मिस्र और तुर्किये के विदेश मंत्रियों का आमंत्रित किया है। विदेश विभाग ने शनिवार को यह जानकारी दी। विदेश कार्यालय ने बताया कि पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार के निमंत्रण पर सऊदी अरब के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान अल सऊद, तुर्किये के विदेश मंत्री हाकान फिदान और मिस्र के विदेश मंत्री बदर अब्देलट्टी रविवार और सोमवार को इस्लामाबाद का दौरा करेंगे। बयान के मुताबिक इस यात्रा के दौरान, विदेश मंत्री क्षेत्र में तनाव कम करने के प्रयासों सहित कई मुद्दों पर गहन चर्चा करेंगे। विदेश कार्यालय ने बताया कि तीनों देशों के विदेशमंत्री अपनी पाकिस्तान यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से भी मुलाकात करेंगे। बयान के मुताबिक पाकिस्तान सऊदी अरब, तुर्किये और मिस्र जैसे मित्र देशों के साथ अपने संबंधों को बहुत महत्व देता है, और यह यात्रा इन देशों के साथ पाकिस्तान के सहयोग और समन्वय को और मजबूत करने का अवसर प्रदान करेगी।

### जर्मनी के चांसलर ने ईरान युद्ध पर की ट्रंप के रुख की निंदा

**बर्लिन।** जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने ईरान युद्ध के मामले में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रवैये की तीखी आलोचना की है। जर्मन प्रेस एजेंसी ने यह जानकारी दी। मर्ज ने शुक्रवार देर रात फ्रैंकफर्ट में एक कार्यक्रम में कहा कि ट्रंप अभी जो कर रहे हैं, वह तनाव कम करने और शांतिपूर्ण समाधान तक पहुंचने की कोशिश नहीं है बल्कि बड़े पैमाने पर तनाव बढ़ाने वाला ऐसा रुख है जिसके अनिश्चित परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि ये तनाव बढ़ाने वाले ऐसे कदम हैं, जो खतरनाक हैं... न केवल सीधे तौर पर प्रभावित लोगों के लिए, बल्कि हम सभी के लिए। मर्ज ने इस बात पर भी संदेह जताया कि ईरान के मौजूदा नेतृत्व को युद्ध के जरिये हटाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि क्या वास्तव में सत्ता परिवर्तन ही लक्ष्य है?...अगर यही लक्ष्य है तो मुझे नहीं लगता कि वे इसे हासिल कर पाएंगे।

## मेरी विरासत एक महान शांतिदूत के रूप में दर्ज होगी तो मुझे अच्छा लगेगा : ट्रंप



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले साल भारत एवं पाकिस्तान समेत आठ युद्ध रुकवाने का एक बार फिर दावा करते हुए कहा है कि वह चाहेंगे कि उनकी विरासत एक महान शांतिदूत के रूप में बने। ट्रंप ने मियामी में सऊदी समर्थित 'फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव (एफआईआई) प्रायोरिटी समिट' को संबोधित करते हुए कहा कि ईरान के साथ कोई भी समझौता करने की एक शर्त होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोला जाना है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि तेल आपूर्ति के लिए समुद्र में पहुंच बहाल की जानी चाहिए। उन्होंने कहा, हम अभी बातचीत कर रहे हैं और अगर हम कुछ कर सकें तो यह बहुत अच्छा होगा लेकिन उन्हें इसे खोलना होगा।

● **अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत-पाकिस्तान समेत आठ युद्ध रुकवाने का फिर किया दावा**

अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपना यह दावा दोहराया कि उन्होंने आर्मेनिया और अजरबैजान, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य और रवांडा, कंबोडिया और थाईलैंड, मिस्र और इथियोपिया, सर्बिया और कोसोवो तथा इजराइल और हमास के बीच युद्ध समेत आठ युद्ध रुकवाने में मदद की। ट्रंप ने कहा कि मैं चाहूंगा कि मेरी विरासत एक महान शांतिदूत के रूप में बने क्योंकि मैं सचमुच मानता हूं कि मैं शांतिदूत हूं। अभी ऐसा नहीं लगता लेकिन मेरा मानना है कि मैं शांति स्थापित करने वाला हूं। उन्होंने कहा कि मैंने भारत और पाकिस्तान के बीच भी युद्ध रुकवाया। वे एक हफ्ते से लड़ रहे थे।

# ओडिशा में बस पलटने से पांच की मौत, 30 घायल

भुवनेश्वर, एजेंसी

ओडिशा के नयागढ़ जिले में शुक्रवार देर रात एक पर्यटक बस के पलटने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार यह दुर्घटना कल देर रात करीब दो बजे हुई, जब 55 यात्रियों को ले जा रही बस दासपल्ला के हनुमान घाटी रोड पर पलट गई।

पुलिस के मुताबिक, दुर्घटना का कारण वाहन की गति तेज होने का संदेह है। पुलिस ने बताया कि बस हनुमान घाटी रोड पर मोड़ लेते समय पलट गई। मृतकों की पहचान हरि पात्रा, उनकी पत्नी लक्ष्मी पात्रा, सुप्रभा साहू, उनकी बेटी सुमति और चालक प्रबीन कुमार साहू के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि सभी ब्रह्मपुर के निवासी थे। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने मृतकों के परिजनों के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष (सीएमआरएफ) से 4 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा भी की है। उपमुख्यमंत्री प्रभाती परिडा ने भी इस घटना पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि नयागढ़ जिले के दासपल्ला के पास एक पर्यटक बस दुर्घटना में कई यात्रियों की जान जाने की खबर सुनकर मैं बहुत दुखी और व्याकुल हूं। घायल यात्रियों में से एक आर्य पात्रा ने आरोप लगाया कि वाहन तेज गति से चल रहा था। उन्होंने कहा कि घाट रोड पर बस बहुत तेज गति से चल रही थी।



● **नयागढ़ जिले में पर्यटक बस हुई हादसे का शिकार, बस पर सवार थे कुल 55 यात्री**

## जयशंकर ने वैश्विक मुद्दों पर की फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों से बात

पेरिस, एजेंसी

विदेशमंत्री एस. जयशंकर ने यहां जी7 विदेश मंत्रियों के शिखर सम्मेलन से इतर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात कर तात्कालिक वैश्विक मुद्दों पर वार्ता की। कहा कि वह चर्चा तथा उनकी अंतर्दृष्टियों को महत्व देते हैं।

जयशंकर ने शनिवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि बीती रात फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मिलना मेरे लिए सम्मान की बात है। विदेश मंत्री ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से मैक्रों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। जयशंकर ने कहा कि चर्चा और उनकी अंतर्दृष्टियों को महत्व देता हूं। वह बृहस्पतिवार को फ्रांस के अब्बे डे वॉक्स-डे-सर्ने में, साझेदार देशों के साथ जी7 विदेश मंत्रियों की दो-दिवसीय बैठक में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे। हालांकि, भारत जी7 का सदस्य नहीं है, फिर भी इस शक्तिशाली समूह के मौजूदा अध्यक्ष फ्रांस ने उसे एक भागीदार देश के तौर पर आमंत्रित किया है। बृहस्पतिवार को फ्रांस में जी7 विदेश मंत्रियों की बैठक में जयशंकर ने ग्लोबल साउथ के देशों की ऊर्जा, खाद्य और ईंधन सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं को उठाया, और वैश्विक शासन सुधारों की आवश्यकता पर भी जोर दिया। विदेश मंत्री ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से उत्पन्न अनिश्चितताओं की पृष्ठभूमि में व्यापार गलियारों और आपूर्ति श्रृंखलाओं के महत्व पर भी बात की।



● **जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए फ्रांस पहुंचे हैं विदेश मंत्री**

## आईआईटी खरगपुर शुरू करेगा एमडी कोर्स, मांगी मंजूरी

**कोलकाता।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खरगपुर ने स्नातकोत्तर डॉक्टर ऑफ मेडिसिन (एमडी) पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के पास आवेदन किया है। संस्थान के निदेशक सुमन चक्रवर्ती ने शनिवार को कहा कि यदि प्रस्ताव को केंद्र की मंजूरी मिल जाती है तो यह पहला आईआईटी होगा जो स्नातकोत्तर चिकित्सा कार्यक्रम शुरू करेगा। चक्रवर्ती ने कहा कि आवेदन दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 मार्च है और हमने राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग की मंजूरी के लिए औपचारिक प्रक्रिया शुरू कर दी है। अब संबंधित मंत्रालय के जवाब का इंतजार है।

प्रस्तावित स्नातकोत्तर कार्यक्रम 20 सीटों के साथ शुरू किया जाएगा। चक्रवर्ती ने कहा कि शिक्षा मंत्रालय ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया है लेकिन अंतिम निर्णय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के पास है क्योंकि यह एक अंतर-मंत्रालयी निर्णय है। उन्होंने कहा, हमने एमडी कार्यक्रम में छात्रों को पढ़ाने के लिए पहले ही 20 चिकित्सकों की नियुक्ति कर दी है। चक्रवर्ती ने कोई निश्चित समय-सीमा बताने से इनकार किया।

## भारत के साथ रिश्तों को नई गति देगा नेपाल

**काठमांडू।** नेपाल के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह ने भारत के साथ रिश्तों को नई गति देने की इच्छा जाहिर करते हुए शनिवार को कहा कि वह भारत संग घनिष्ठता के साथ काम करने को उत्सुक हैं।

शपथ ग्रहण के बाद शुभकामनाएं देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार भी व्यक्त किया। शुक्रवार को शपथ ग्रहण के तुरंत बाद प्रधानमंत्री मोदी ने शाह को बधाई देते हुए कहा था कि वह नेपाल के प्रधानमंत्री के साथ मिलकर भारत-नेपाल संबंधों को और मजबूत करने के लिए काम करने के उत्सुक हैं। मोदी के संदेश के जवाब में नेपाल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पर कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी, आपके स्नेहपूर्ण शब्दों और शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। मैं हमारे दोनों देशों के बीच बहुआयामी संबंधों को आगे बढ़ाने और हमारी जनता की साझा समृद्धि के लिए आपके साथ मिलकर काम करने को उत्सुक हूं। क्षेत्रीय रणनीतिक दृष्टि से नेपाल, भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण देश माना जाता है, और दोनों देशों के बीच घनिष्ठ सहयोग को इस परिप्रेक्ष्य में खास अहमियत दी जाती है।

● **पीएम बालेंद्र शाह बोले-भारत संग घनिष्ठता से काम करने को उत्सुक**

रिपोर्ट

साल 1990 से 2023 की अवधि के लिए किए गए वैश्विक विश्लेषण में दावा

# देश में मातृ मृत्यु दर में लगभग 80 प्रतिशत की गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में मातृ मृत्यु दर 1990 के मुकाबले 2023 में लगभग 80 प्रतिशत कम हो गई। इस दौरान यह दर प्रति एक लाख जीवित जन्मों पर 508 से घटकर 116 हो गई। एक नई रिपोर्ट में यह बात आई है।

द लांसेट ऑब्स्टेट्रिक्स, गायनेकोलॉजी एंड वीमेन्स हेल्थ जर्नल में प्रकाशित एक नई वैश्विक विश्लेषण रिपोर्ट के अनुसार भारत में वर्ष 2023 में कुल 24,700 मातृ मृत्यु के मामले दर्ज किए गए, जिससे मातृ मृत्यु अनुपात प्रति एक लाख जीवित जन्मों पर 116 रहा। अनुमानों के अनुसार, इसी वर्ष पाकिस्तान में कुल 10,300 मातृ मृत्यु के मामले सामने आए, जबकि अफ्रीकी देशों इथियोपिया और नाइजीरिया में क्रमशः 11,900 और 32,900 मातृ मृत्यु दर्ज की गईं। वॉशिंगटन विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ मैट्रिक्स एंड इवैल्युएशन (आईएचएमई) के शोधकर्ताओं और वैश्विक सहयोगियों के नेतृत्व में किए गए अध्ययन में कहा गया है कि पिछले तीन दशकों में मातृ मृत्यु में कमी आई है, लेकिन हाल के वर्षों में प्रगति की रफ्तार धीमी पड़ी है और यह विभिन्न देशों में असमान बनी हुई है। उन्होंने बताया कि 'ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज' (जीबीडी) अध्ययन 2023 तक 204 देशों और क्षेत्रों में मातृ मृत्यु दर के रुझानों का सबसे अद्यतन वैश्विक आकलन प्रस्तुत करता है। नवीनतम नमूना पंजीकरण प्रणाली 2021-23 के अनुसार, देश में मातृ मृत्यु दर प्रति लाख जीवित जन्मों पर 88 है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया कि यह आंकड़ा सुरक्षित गर्भावस्था और प्रसव सुनिश्चित करने की दिशा में हुई प्रगति को दर्शाता है।

### मातृ स्वास्थ्य के क्षेत्र में भारत की प्रगति को मिली वैश्विक मान्यता

सूत्र ने कहा कि मातृ स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमारी प्रगति को वैश्विक स्तर पर मान्यता मिली है और संयुक्त राष्ट्र मातृ मृत्यु अनुमान अंतर-एजेंसी समूह (यूएन-एमएमईआईजी) की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने 1990 के बाद से एमएमआर में 86 प्रतिशत की कमी हासिल की है, जो वैश्विक औसत 48 प्रतिशत से कहीं अधिक है। यह उपलब्धि 2030 तक एमएमआर को 70 से नीचे लाने के सतत विकास लक्ष्यों के मानक को पूरा करने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। शोधकर्ताओं के अनुसार, 2023 में पूरी दुनिया में कुल 2 .4 लाख मातृ मृत्यु हुई, जिसका मतलब है कि हर एक लाख जीवित जन्मों पर 190 .5 माताओं की मौत हुई। यह 1990 में प्रति एक लाख जन्मों पर 321 मातृ मृत्यु से एक तिहाई से ज्यादा कम है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज घर में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। मन में कई सारे विचार आने के कारण अस्थिरता का भाव रहेगा।

**वृष** – आज नई जिम्मेदारियां आयेंगी। धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं। एकाग्रचित्त होकर काम करने से सफलता मिलेगी।

**मिथुन** – आज परिजनों के रूखे व्यवहार से मन दुखी हो सकता है। दांतों के रोग परेशान कर सकते हैं। विद्यार्थियों को मेहनत का उचित परिणाम मिलेगा।

**कर्क** – आज व्यवसाय में बिक्री बढ़ने से मन प्रसन्न रहेगा। आय के नवीन साधन विकसित होंगे। आपका मूड काफी अच्छा रहेगा।

**सिंह** – आज जीवनसाथी को अनावश्यक खर्चों से बचना चाहिए। बजट का ध्यान रखते हुये ही काम करें। आपको अस्पताल भी जाना पड़ सकता है।

**कन्या** – आज इंजीनियरिंग के छात्रों की जॉब मिल सकती है। लेखन कार्य से जुड़े लोगों की रचनात्मकता में वृद्धि होगी।

**तुला** – आज रुके हुए अधिकतम कार्य गति में आ जायेंगे। अपने काम पर ध्यान केन्द्रित रखें। मित्रों की सहायता से पीछे न हटें।

**वृश्चिक** – आज आपका स्वभाव लोगों के लिए प्रेरणा बनेगा। व्यापार में बड़ा रिस्क लेने से बचें। आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी।

**धनु** – आज कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों से पर्याप्त सहयोग नहीं मिलेगा। जीवनसाथी के साथ आपके सम्बन्ध कमजोर हो सकते हैं।


**मकर** – आज घर में महत्वपूर्ण व्यक्तियों का आगमन हो सकता है। बिजनेस में आप बड़ी उपलब्धि अर्जित कर सकते हैं।

**कुंभ** – आज समाज में आपका नाम बढ़ेगा। जटिल समस्याओं का व्यवहारिक समाधान ढूंढ लेंगे। सेहत का विशेष ध्यान रखें।

**मीन** – आज कार्यक्षेत्र में सभी काम बिना किसी रुकावट के पूर्ण होंगे। नए कार्यों में बड़ी सफलता मिल सकती है।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 29 मार्च, रविवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, एकादशी 07 .46 तक तत्पश्चात द्वादशी।

**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ।
**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-अश्लेशा 14 .38 तक तत्पश्चात मघा।

### सुडोकू - 102 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 9 | 2 | 5 | 8 | 7 | 6 | 3 |
| 6 | 2 | 8 | 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 4 |
| 5 | 7 | 3 | 6 | 4 | 9 | 2 | 8 | 1 |
| 7 | 3 | 6 | 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 |
| 8 | 9 | 4 | 5 | 2 | 3 | 1 | 7 | 6 |
| 2 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 3 | 4 | 9 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 1 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 5 | 6 | 3 | 2 |
| 3 | 8 | 2 | 9 | 6 | 7 | 4 | 1 | 5 |

### सुडोकू -103

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | | 5 | | 2 | | |
| 4 | | | | 9 | | | 1 | |
| | 2 | | | | 6 | 8 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | | 1 |
| | 8 | | | | | 9 | 7 | |
| 6 | | | 9 | | | 3 | | |
| 7 | | 1 | 8 | | | | 3 | |
| | 4 | | | 7 | | | | 9 |
| | | 5 | | 4 | | | 2 | |



> मैं दिल्ली कैपिटल्स से जुड़ने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं। मैं लगातार टीम के संपर्क में हूं और उन्हें अपनी स्थिति के बारे में बता रहा हूं। मैं दिल्ली कैपिटल्स के लिए जल्द से जल्द उपलब्ध होने के लिए अपनी तरफ से हर संभव कोशिश करता रहूंगा।
> –मिचेल स्टार्क


# स्टेडियम

अयोध्या, रविवार, 29 मार्च 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com


**IPL 2026**

**आज का मुकाबला**

कोलकाता नाइट राइडर्स
बनाम
मुंबई इंडियंस

**समय** - शाम 7:30 बजे

## हाईलाइट

### स्टार्क ने आलोचकों पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** मिचेल स्टार्क ने आईपीएल 2026 में अपने देरी से पहुंचने को लेकर चल रही बातों पर आलोचकों पर निशाना साधा और स्पष्ट किया कि सत्र की शुरुआत में उनकी अनुपस्थिति दिल्ली कैपिटल्स के प्रति प्रतिबद्धता की कमी वजह से नहीं बल्कि चोट प्रबंधन के कारण है। बायें हाथ का यह तेज गेंदबाज अभी तक भारत नहीं पहुंचा है। इससे वह दिल्ली कैपिटल्स के शुरुआती मैच नहीं खेल पाएंगे। इससे विदेशी खिलाड़ियों की अपनी फ्रेंचाइजी के लिये प्रतिबद्धता को लेकर बहस छिड़ गई है। इस बढ़ती आलोचना पर अपनी चुप्पी तोड़ते हुए स्टार्क ने शनिवार को एक बयान में कहा, भारतीय मीडिया में कुछ लोगों द्वारा अपने-अपने मंचों के जरिए दी गई राय और विचारों के बावजूद, बताना चाहता हूं कि मैं फिलहाल अपने कंधे और कोहनी की चोट से उबरने और प्रबंधन की प्रक्रिया में हूं जिसकी गंभीरता का मुझे गर्मियों के सत्र के दौरान अंदाजा नहीं था।

### निकिता ने छत्तीसगढ़ के लिए स्वर्ण पदक जीता

**रायपुर।** भारोत्तोलक निकिता ने 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स' (केआईटीजी) 2026 में मेजबान छत्तीसगढ़ का स्वर्ण पदक का इंतजार खत्म किया जबकि ओडिशा की महिला तैराकों ने शनिवार को यहां चौथे दिन तैराकी में दांव पर लगे तीनों स्वर्ण पदक जीत लिए। निकिता ने महिलाओं की 77 किग्रा स्पर्धा में अपना दबदबा बनाते हुए दिन की आखिरी स्पर्धा में आसानी से स्वर्ण पदक जीत लिया। वहीं ओडिशा ने रितिका मिंज (100 मीटर फ्रीस्टाइल), अंजली मुंडा (50 मीटर बैकस्ट्रोक) और चार गुणा 100 मेडले रिले टीम के स्वर्ण पदक जीते। अंजली ने कुल पांच स्वर्ण पदक जीते जिनमें से चार उन्होंने व्यक्तिगत स्पर्धाओं में हासिल किए। तालिका में कर्नाटक 15 स्वर्ण, छह रजत और तीन कांस्य पदक के साथ शीर्ष पर बना हुआ है जबकि ओडिशा सात स्वर्ण, तीन रजत और 10 कांस्य पदक के साथ दूसरे स्थान पर है। मेजबान छत्तीसगढ़ आठ पदक के साथ सातवें स्थान पर है।

### जर्मनी ने स्विस टीम को हराया

**लंदन।** फ्लोरियन विट्ज़ ने दो गोल किए और दो गोल में मदद की, जिससे जर्मनी ने दो बार पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए विश्व कप फुटबॉल से पहले के मैत्री मैच में स्विट्जरलैंड को 4-3 से हराया जबकि मिकेल ओयार्ज़ाबल के दो गोल की मदद से स्पेन ने सर्बिया को 3-0 से पराजित किया। अन्य मैचों में बेन व्हाइट ने इंग्लैंड की टीम में वापसी करते हुए गोल किया लेकिन फिर स्टॉपेज टाइम में पेनल्टी दे दी, जिससे इंग्लैंड ने उरुग्वे के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला, जबकि नीदरलैंड ने एम्स्टर्डम में नॉर्वे को 2-1 से हराया। इंग्लैंड के कोच थॉमस ट्यूशेल का व्हाइट का चयन करना चौंकाने वाला था, क्योंकि चार साल पहले वह विश्व कप के बीच में ही अपने साथियों को छोड़कर चले गए थे। जब मैच में 21 मिनट बचे हुए थे तब आर्सेनल के डिफेंडर फिकायो टोमोरी की जगह उन्हें मैदान पर उतारा गया।

# ईशान की पारी से सनराइजर्स ने बनाए नौ विकेट पर 201 रन

## आईपीएल-2026 : रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के जैकब डफी ने चटकाए तीन विकेट



बेंगलुरु, एजेंसी

कार्यवाहक कप्तान ईशान किशन के 38 गेंद में 80 रन की मदद से सनराइजर्स हैदराबाद ने गत चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के पहले मैच में नौ विकेट पर 201 रन बनाए। ईशान ने अपनी पारी में आठ चौके और पांच छक्के लगाये। उन्होंने चौथे विकेट के लिये हेनरिच क्लासेन (31) के साथ 97 रन की साझेदारी की।

आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया । एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर करीब दस महीने बाद क्रिकेट की वापसी हुई है। पिछले साल आरसीबी के पहली बार खिताब जीतने के बाद जश्न में मची भगदड़ के दौरान 11 प्रशंसकों की मौत होने से इस मैदान पर क्रिकेट नहीं हो रहा था। आरसीबी के लिए जैकब डफी ने चार ओवर में 22 रन देकर तीन विकेट लिये। न्यूजीलैंड के इस तेज गेंदबाज ने अपने कद का पूरा इस्तेमाल करते हुए बल्लेबाजों को काफी परेशान किया । अभिषेक शर्मा (सात) खुलकर खेल नहीं सके हालांकि उन्होंने डफी को बैकवर्ड प्वाइंट पर छक्का लगाया था। शॉर्ट गेंद के सामने हमेशा असहज होने वाले अभिषेक ने डफी की गेंद पर विकेट के पीछे जितेश शर्मा को कैच थमाया। इससे पहले शुरूआती ओवर में ही अभिषेक को डफी की ही गेंद पर विकेट के पीछे लपके जाने की अपील पर आरसीबी ने एक डीआरएस रिव्यू गंवा दिया था। ट्रेविस हेड और नीतिश कुमार रेड्डी को भी डफी ने आउट किया । सनराइजर्स ने पांचवें ओवर में ही 29 रन पर तीन विकेट गंवा दिये थे और पावरप्ले के बाद स्कोर तीन विकेट पर 49 रन था।

ईशान ने हालांकि दबाव में आये बिना साहसिक पारी खेली और 27 गेंद में अर्धशतक पूरा कर दिया । उन्होंने अभिनंदन सिंह को एक ओवर में दो छक्के और एक चौका लगाया। इसके बाद स्पिनर कृणाल पंड्या को भी दो छक्के जड़े। अभिनंदन ने ही हालांकि ईशान को डीप बैकवर्ड प्वाइंट पर फिल साल्ट के हाथों लपकवाया। आखिरी पांच ओवरों में सनराइजर्स के बल्लेबाज 59 रन ही बना सके। अनिकेत वर्मा ने 19 गेंद में 43 रन बनाये जिन्हें भुवनेश्वर कुमार की गेंद पर विराट कोहली ने 26 के स्कोर पर जीवनदान दिया था।



अभिषेक शर्मा का विकेट लेने के बाद जश्न मनाते जैकब डफी। एजेंसी

**सनराइजर्स हैदराबाद**

**201/9** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| ट्रेविस हेड का साल्ट बो डफी | 11 |
| अभिषेक शर्मा का शर्मा बो डफी | 07 |
| ईशान का साल्ट बो अभिनंदन | 80 |
| नीतिश रेड्डी का अभिनंदन बो डफी | 01 |
| क्लासेन का साल्ट बो शेफर्ड | 31 |
| सलिल का पडिक्कल बो सुयश | 09 |
| अनिकेत का कोहली बो शेफर्ड | 43 |
| हर्ष दुबे का पडिक्कल बो शेफर्ड | 03 |
| हर्षल का पडिक्कल बो कुमार | 00 |
| डेविड पेन नाबाद | 06 |
| जयदेव उनादकट नाबाद | 04 |

**गेंदबाजी :** डफी 4-0-22-3, भुवनेश्वर 4-0-31-1, अभिनंदन 3-0 -38-1, शेफर्ड 4-0-54-3, सुयश 3-0-28-1, कृणाल 2-0-26-0

### मैच से पहले खिलाड़ियों और अधिकारियों ने एक मिनट का मौन रखा

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के पहले मैच से पहले खिलाड़ियों और मैच अधिकारियों ने एक मिनट का मौन रखकर उन 11 प्रशंसकों को श्रद्धांजलि दी जिनकी पिछले साल हुई भगदड़ में जान चली गई थी। पिछले साल जून में आरसीबी के पहले आईपीएल खिताब की जीत के जश्न के दौरान शहर के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास हुई भगदड़ में यह अप्रिय घटना हुई थी। जश्न मनाने के लिए भारी भीड़ जमा हो गई थी जिससे भगदड़ मच गई जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई। बोर्ड ने भगदड़ में जान गंवाने वाले प्रशंसकों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए आईपीएल 2026 का उद्घाटन समारोह को पहले ही रद्द कर दिया था।

# जीत के साथ आगाज करने उतरेगा मुंबई

- कमजोर दिख रही केकेआर के खिलाफ मुकाबला आज

मुंबई, एजेंसी

खेल के सभी विभागों में मजबूत दिख रही मुंबई इंडियंस की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पांच साल के खिताब के सूखे को खत्म करने के लिए रविवार को टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का सामना करेगी, जिसकी टीम कुछ खिलाड़ियों के चोटिल होने से कमजोर नजर आ रही है।

मुंबई इंडियंस ने 2013 से लेकर 2020 के बीच पांच बार खिताब जीता था लेकिन वह पिछले कुछ वर्षों से चैंपियन नहीं बन पाया है। इस बार उसकी निगाह अपना छठा खिताब जीतने पर होगी और इसके लिए वह शानदार शुरुआत करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। पिछले साल हार्दिक पंड्या की अगुवाई वाली टीम क्वालीफायर दो में पंजाब किंग्स से हारने के बाद तीसरे स्थान पर रही थी, लेकिन मुंबई इंडियंस इस बार अच्छी तैयारी के साथ मैदान पर उतर रहा है।

रोहित शर्मा फॉर्म में वापसी करने के लिए उत्सुक होंगे। रोहित के अलावा उसकी टीम में कई स्टार खिलाड़ी हैं जिनमें भारत की टी20 विश्व कप विजेता टीम के खिलाड़ी कप्तान सूर्यकुमार यादव, पंड्या, तिलक वर्मा और जसप्रीत बुमराह भी शामिल हैं। मुंबई इंडियंस के पास कई शानदार विदेशी खिलाड़ी भी हैं, जिनमें रयान रिकेल्टन, शेरफेन रदरफोर्ड, कॉर्बिन बॉश, न्यूजीलैंड के कप्तान मिशेल सेंटनर, विल जैक्स, एएम ग़ज़नफ़र और ट्रेंट बोल्ट प्रमुख हैं। बुमराह और बोल्ट की जोड़ी खतरनाक साबित हो सकती है। शार्दुल ठाकुर और दीपक चाहर के रूप में मुंबई इंडियंस के पास दो अनुभवी भारतीय गेंदबाज हैं, जबकि नमन धीर एक बार फिर फिनिशर की भूमिका अच्छी तरह से निभाने की कोशिश करेंगे। पिछले साल उन्होंने अपनी इस भूमिका के साथ पूरा न्याय किया था।

इसलिए मुंबई के लिए सबसे बड़ी चुनौती अंतिम एकादश में उचित संयोजन तैयार करना होगा। उसकी टीम शुरुआत में कुछ मैच जीतने के लिए प्रतिबद्ध होगी क्योंकि अक्सर वह अच्छी शुरुआत करने में नाकाम रही है। मुंबई में खेलने के कारण कोलकाता नाइट राइडर्स में कप्तान अजिंक्य रहाणे और युवा अंगकृष रघुवंशी के रूप में कुछ स्थानीय खिलाड़ी भी नजर आएंगे लेकिन उसका गेंदबाजी आक्रमण कमजोर नजर आता है जिसका मुंबई इंडियंस पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेगा। नीलामी के समय केकेआर का गेंदबाजी आक्रमण अच्छा नजर आ रहा था लेकिन भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देश पर फ्रेंचाइजी ने बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को बाहर कर दिया था जबकि उसके दो भारतीय तेज गेंदबाज आकाश दीप और हर्षित राणा चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं।

जिंबॉब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी प्रतिभाशाली हैं लेकिन उन पर दबाव हो सकता है। ऐसे में गेंदबाजी विभाग की बड़ी जिम्मेदारी वरुण चक्रवर्ती को निभानी पड़ेगी जो टी20 विश्व कप में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। केकेआर की टीम में सीएसके के दो पूर्व खिलाड़ी रचिन रविंद्र और मथीशा पथिराना भी शामिल हैं। टिम सीफर्ट विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर एकमात्र शुरुआती विकल्प हैं, जबकि उनके पास कैमरन ग्रीन और सुनील नारायण के रूप में दो बेहतरीन ऑलराउंडर भी मौजूद हैं।



मुंबई इंडियंस की टीम। फाइल फोटो

**टीम**

**मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), दानिश मालेवार, रॉबिन मिंज, रयान रिकेल्टन, शेरफेन रदरफोर्ड, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, अथर्व अंकोलेकर, राज बावा, कॉर्बिन बॉश, विल जैक्स, मयंक रावत, नमन धीर, मिशेल सेंटनर, शार्दुल ठाकुर, तिलक वर्मा, अश्विनी कुमार, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह, दीपक चाहर, गजनफर, मयंक मार्कंडेय, मो. इजहार, रघु शर्मा।

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह (उपकप्तान), फिन एलन, तेजस्वी दहिया (विकेटकीपर), मनीष पांडे, रोवमैन पॉवेल, अंगकृष रघुवंशी, रमनदीप सिंह, सार्थक रंजन, टिम सीफर्ट, राहुल त्रिपाठी, दक्ष कामरा, कैमरन ग्रीन, सुनील नारायण, रचिन रवींद्र, अनुकूल रॉय, वैभव अरोड़ा, सौरभ दुबे, कार्तिक त्यागी, ब्लेसिंग मुजरबानी, मथीशा पथिराना, नवदीप सैनी, प्रशांत सोलंकी, उमरान मलिक, वरुण चक्रवर्ती।

### पंत की सुझाव लेने के प्रति खुली सोच से बनता है सकारात्मक माहौल



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया की टी20 टीम के कप्तान मिचेल मार्श ने ऋषभ पंत की नेतृत्वक्षमता की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) का कप्तान सुझाव लेने की प्रति खुली सोच रखता है जिससे टीम के अंदर सकारात्मक माहौल पैदा होता है। एलएसजी के पास मार्श और एडन मार्करम के रूप में दो अंतरराष्ट्रीय कप्तान हैं। मार्श ने पीटीआई से साक्षात्कार में कहा बात बस इतनी सी है कि आप अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें, ऋषभ को हर संभव सहयोग दें। वह एक बेहतरीन युवा खिलाड़ी है जो अपनी टीम का नेतृत्व बखूबी करता है। वह हमेशा फीडबैक और सुझाव लेने के लिए तैयार रहता है और उस पर अमल भी करता है। उन्होंने कहा हमारी टीम में कुछ बहुत अच्छे नेतृत्वकर्ता हैं जो काफी महत्व रखते हैं।

### चोटिल एमएस धोनी आईपीएल के पहले दो सप्ताह नहीं खेल पाएंगे



**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के दिग्गज खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी पिंडली की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पहले दो सप्ताह में नहीं खेल पाएंगे। फ्रेंचाइजी ने शनिवार को यह जानकारी दी। सीएसके ने बयान में कहा महेंद्र सिंह धोनी फिलहाल पिंडली की चोट से उबरने के लिए रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे हैं। इस कारण उनका आईपीएल 2026 के पहले दो सप्ताह में खेलने की संभावना नहीं है। धोनी ने 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद से आईपीएल खेलना जारी रखा है। इस 44 वर्षीय खिलाड़ी के आईपीएल में भविष्य को लेकर प्रत्येक सत्र में कयास लगाए जाते हैं। धोनी अब सिर्फ आईपीएल में खेलते हैं इसलिए उनके लिए मैच फिटनेस बनाए रखना और भी मुश्किल हो जाता है। रुतुराज गायकवाड़ हालांकि टीम के कप्तान हैं, लेकिन टीम की रणनीति धोनी के इर्द-गिर्द ही घूमती है। वह आईपीएल की शुरुआत से ही इस टीम से जुड़े हुए हैं। धोनी ने पिछले आईपीएल में 14 मैच खेले थे और निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हुए फिनिशर की भूमिका निभाई थी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद से उन्हें घुटने की समस्या से बार-बार जूझना पड़ा है और 2023 में उनकी सर्जरी भी हुई थी।



अहमदाबाद में अभ्यास सत्र के दौरान गुजरात टाइटन्स के जोस बटलर। एजेंसी

### काम और निजी जिंदगी में संतुलन बनाए रखने के लिए टी20 लीग की पेशकश ठुकराई भी : बटलर

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के सफेद गेंद के क्रिकेट में बेहतरीन विकेटकीपर-बल्लेबाजों में से एक जोस बटलर का कहना है कि उन्होंने काम और निजी जिंदगी में संतुलन बनाए रखने के लिए कभी कभी कुछ टी20 फ्रेंचाइजी लीग की पेशकश को ठुकराया भी है। कितना क्रिकेट बहुत ज्यादा होता है, इस पर बटलर ने कहा कि यह पूरी तरह व्यक्ति पर निर्भर करता है। बटलर सितंबर में 36 साल के हो जाएंगे लेकिन वह अब भी इंग्लैंड के लिए सफेद गेंद की जिम्मेदारी उठा रहे हैं और साथ ही इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लगातार 11वें सत्र में लोकप्रिय टी20 बल्लेबाज के तौर पर भी खेल रहे हैं। गुजरात टाइटंस के साथ उनका यह दूसरा सत्र होगा। तो क्या वह ऐसे मोड़ पर आ गए हैं जहां उन्हें फ्रेंचाइजी और देश में से किसी एक को चुनना पड़ सकता है? इस पर उन्होंने कहा मैं जहां खेल रहा हूं, वहीं पर अपना पूरा ध्यान लगा रहा हूं। मेरे सामने जो है, उसे देखता हूं और उसी के हिसाब से खेलता हूं। बटलर ने मंगलवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ टीम के पहले मैच से पहले पीटीआई के साथ एक खास बातचीत में कहा निश्चित रूप से अभी आईपीएल ही सबसे अहम है। उनका मानना है कि प्राथमिकता को देखते हुए सोच-समझकर फैसला लेना चाहिए। उन्होंने कहा कुछ समय बाद, आप पीछे मुड़कर देखते हैं और सोचते हैं कि मैं अपने करियर में किस मोड़ पर हूं? मेरे लिए क्या जरूरी है? बटलर ने कहा मैं इंग्लैंड के लिए सिर्फ सफेद गेंद का क्रिकेट खेलता हूं। मुझे लगता है कि अब मेरे पास एक ऐसा कैलेंडर है जिसे मैं काफी अच्छे से संभाल सकता हूं।

**प्रबल दावेदार**

तीन साल में टूर्नामेंट का अपना दूसरा खिताब जीतने के लिए आज करेंगे मुकाबला, पिछले साल नहीं कर पाए थे प्रतिभाग

# सिनर मियामी ओपन के फाइनल में, अब मुकाबला लेहेका से

मियामी गार्डन्स (अमेरिका), एजेंसी

दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी यानिक सिनर ने एक साल पहले मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया था क्योंकि प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन लिए पॉजिटिव पाए जाने के बाद उन्हें तीन महीने के लिए निलंबित कर दिया गया था। अब इटली का यह 24 वर्षीय खिलाड़ी तीन साल में अपना दूसरा मियामी ओपन खिताब जीतने और 2017 में रोजर फेडरर के बाद 'सनशाइन डबल' जीतने वाला पहला पुरुष खिलाड़ी बनने के करीब है।

सिनर ने शुक्रवार रात हार्ड रॉक स्टेडियम में विश्व में चौथे नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज़्वेरेव पर 6-3, 7-6 (7-4) से जीत हासिल करके मियामी ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। सिनर ने कहा यहां आकर अच्छा टेनिस खेलना मेरा मुख्य लक्ष्य था। मेरे लिए दोबारा फाइनल में पहुंचना बहुत मायने रखता है। यह शानदार सफर रहा है और मैं बहुत खुश हूं। सिनर ने ज्वेरेव को लगातार सात बार हराया है और एटीपी मास्टर्स 1000 में लगातार 32 सेट जीतने का रिकॉर्ड बनाया है।

हार्डकोर्ट पर शानदार प्रदर्शन करने वाले सिनर ने 15 मार्च को इंडियन वेल्स में दानिल मेदवेदेव को हराकर सनशाइन डबल का पहला चरण जीता था। रविवार को होने वाले फाइनल में उनका मुकाबला 21वीं वरीयता प्राप्त जिरी लेहेका से होगा और वह इस मैच में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेंगे। सिनर ने 2024 से मियामी में लगातार 11 मैच जीते हैं। सिनर का लेहेका के खिलाफ करियर रिकॉर्ड 3-0 का है, उन्होंने आखिरी बार 2025 में फ्रेंच ओपन में उन्हें हराया था।

लेहेका ने सेमीफाइनल में 28वीं वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स को 6-2, 6-2 से हराकर अपने करियर में पहली बार एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। लेहेका के चेक गणराज्य के साथी जैकब मेनसिक ने पिछले साल मियामी ओपन जीता था।



### नोवाक जोकोविच ने मोंटेकार्लो मास्टर्स से नाम वापस लिया

**मोनाको।** नोवाक जोकोविच ने दाहिने कंधे की चोट के कारण मियामी ओपन में भाग न लेने के बाद मोंटेकार्लो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट से भी नाम वापस ले लिया है। इंस्टाग्राम पर जोकोविच के टूर्नामेंट से हटने की घोषणा करते हुए लिखा हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं और उम्मीद करते हैं कि वह जल्द ही कोर्ट पर वापसी करेंगे। जोकोविच के कारण स्पष्ट नहीं किया गया है, पर दो सप्ताह पहले बीएनपी पारिबास ओपन के चौथे दौर में जैक ड्रेपर से तीन सेटों में हारने के बाद से उन्होंने कोई मैच नहीं खेला है।